ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



'ब्रेकिंग बैड' के हिंदी वर्जन में नजर आएंगे ... पेज 12 पर

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● श्रावण कृष्ण पक्ष 07 ● विक्रम संवत 2080 ● मंगलवार, 08 अगस्त 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 186 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

## NEWS इन ब्रीफ

### विष्णु अग्रवाल की रिमांड अवधि चार दिन बढ़ी

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की रिमांड अवधि समाप्त होने पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में पेश किया गया। इस दौरान ईडी की ओर से और पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए विष्णु अग्रवाल को फिर से सात दिनों की रिमांड दिए जाने का कोर्ट से आग्रह किया गया। ईडी के रिमांड मांगे जाने का विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता ने विरोध किया। लेकिन ईडी की ओर से मौजूद विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने अदालत को बताया कि जमीन घोटाले में विष्णु अग्रवाल भी शामिल हैं और उनसे पूछताछ में कई अहम खुलासे हो सकते हैं।

### अमित महतो की बेल याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** अपर न्यायायुक्त मो. शहजाद की अदालत में पूर्व विधायक अमित महतो की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। अमित महतो और राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने पुलिस को केस डायरी जमा करने का निर्देश दिया है। उनकी ओर से अधिवक्ता सुनील महतो ने बहस की।

### छोटे ने बड़े भाई की गला दबाकर की हत्या

**दुमका।** हंसडीहा थाना क्षेत्र के ओरताड़ा गांव में छोटे भाई ने अपने सगे बड़े भाई की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद सोमवार को मृतक टिकला टुडू (60) की पत्नी तालको सोरेन ने हंसडीहा थाना पहुंच अपना बयान दर्ज कराया। तालको का आरोप है कि छह अगस्त की शाम उसकी गोतनी संझली मुर्मू और उसके पति टिकला टुंडु के बीच घरेलू बातों को लेकर कहां सुनी हो गई थी। इसी बीच मेरे देवर मुंशी टुडू अपने घर पहुंचे। उन्होंने गला दबाकर हत्या कर दी।

### चोरी हुए मोबाइल का आईएमईआई नंबर होगा ब्लॉक

**रांची।** देशभर में संदिग्ध गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहे मोबाइल नंबर व चोरी हुए नंबरों का राष्ट्रीय डाटाबेस बनाया गया है। राज्य पुलिस को इस डाटा बेस के लिए भारत सरकार के दूरसंचार मंत्रालय ने पत्र लिखा है। चोरी हुए मोबाइल फोन व संदिग्ध गतिविधियों के लिए इस्तेमाल हो रहे फोन नंबर की आईएमईआर नंबर को ब्लक में ब्लॉक किया जाएगा। इसकी इंट्री सेंट्रल इक्यूपमेंट्स आइडेंटिटी रजिस्टर(सीईआईआर) में होगी। मंत्रालय ने राज्य पुलिस को निर्देश दिया है कि वैसे नंबरों का आईएमईआई नंबर एसओपी बनाकर शेयर करें।

### अमीषा पटेल से जुड़े मामले में अगली सुनवाई 28 अगस्त को

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में चेक बाउंस मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के द्वारा पेश किए गए पहले गवाह का जिरह नहीं हो सका। शिकायतकर्ता के गवाह के जिरह के लिए अमीषा पटेल के अधिवक्ता की ओर से फिर से समय की मांग की गई।

### एटीएस-रांची पुलिस ने अपराधी रणविजय को किया गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड पुलिस की एटीएस और रांची पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर रणविजय सिंह का नाम के अपराधी को गिरफ्तार किया है। रणविजय को रविवार की रात लालपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया। रांची पुलिस को बरियातू में लवकुश गैंग के बिट्टू खान उर्फ तनवीर की हत्या के केस में रणविजय की तलाश थी। रांची के मोरहाबादी में बिट्टू की हत्या में वह शामिल रहा था।

## पहाड़ी मंदिर सहित रांची के सभी शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सावन मास की पांचवीं सोमवारी को लेकर पहाड़ी मंदिर सहित रांची के सभी शिवालयों और मंदिरों में सोमवार सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। पहाड़ी मंदिर में बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है, ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव से पूरा वातावरण गुंजयमान रहा। रांची के कांके, कोकर, बूटी मोड़, बरियातू, हिनू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, हरमू, किशोरगंज, लालपुर सहित अन्य शिवालयों में भक्त भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना सुबह से कर रहे हैं।

पंडित मनोज पांडेय ने बताया कि सावन माह के सोमवार को भगवान शिव की उपासना करने से सुख-समृद्धि और सौभाग्य के साथ साथ संकटों से भी मुक्ति मिलती है। सावन के सोमवारी में भगवान शिव का चंद्रशेखर स्तोत्र का पाठ करना शुभ माना गया है। इस पाठ के करने से चंद्र दोष से मुक्ति मिलती है। साथ ही चंद्र ग्रह मजबूत होता है।

वहीं दूसरी ओर मिली जानकारी के अनुसार देवघर के बाबा बैजनाथ धाम, दुमका के बासुकी नाथ धाम, खूंटी के अमरेश्वर धाम में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी मंदिरों में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## पांचवीं सोमवारी पर एक लाख भक्त पहुंचे बाबा के दरबार




**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**

मलमास की तीसरी और श्रावणी मेला की पांचवीं सोमवारी पर बाबा वैद्यनाथ के दरबार में एक लाख कांवरिये पहुंचे। हांलाकि यह भीड़ अपेक्षाकृत कम रही। सुबह 3 बजे मंदिर में सरदारी पूजा के तुरंत बाद बाबा का पट आम भक्तों के लिए खोल दिया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने अरघा के माध्यम से बाबा पर जल अर्पण शुरू किया। इस दौरान देवघर के डीसी, एसपी और देवघर एसडीओ रूट लाइन और मंदिर में मौजूद रहे। इधर, रविवार की देररात से ही जलार्पण की कतार लगने लगी थी। कांवरियों की भीड़ के कारण यह कतार बीएड कॉलेज तक पहुंच गई थी। हालांकि बेहतर व्यवस्था की वजह से दोपहर बाद कतार लगातार छोटी होती गई। देवघर एसडीओ सह मंदिर प्रभारी दीपांकर चौधरी ने कहा कि सभी व्यवस्था श्रावणी मेला की तर्ज पर दुरुस्त की गई है। जलार्पण के लिए शीघ्रदर्शन की भी व्यवस्था दी गई है। दूसरी ओर सोमवारी को मेला व्यवस्था चाक-चौबंद दिखी। कांवरियों की भीड़ में आई नरमी के कारण प्रशासन को व्यवस्था संचालन में राहत तो मिली लेकिन दुकानदारों के चेहरों पर उदासी साफ झलक रही थी। मालूम हो कि सावन की सोमवारी पर हर साल औसतन दो से तीन लाख कांवरिये देवघर पहुंचते हैं लेकिन इस सोमवारी को 50 से 60 हजार कांवरिये ही पहुंचे। दूसरी ओर स्थानीय और वाहनों से आने वाले 40 हजार श्रद्धालु ही बाबा के दरबार में पहुंचे।

## सीएम ने किया करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन, बोले

# झारखंड बदल रहा है

### मुख्यमंत्री ने 11186 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण




**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड बदल रहा है। बदलाव का यह सिलसिला तब तक जारी रहेगा, जब तक झारखंड विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा नहीं हो जाता। मुख्यमंत्री ने कहा कि बोकारो में मेडिकल कॉलेज खुलेगा। यह कॉलेज दिवंगत जगरनाथ महतो के नाम नाम पर होगा।

उन्होंने कहा कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज, आवासीय विद्यालय, आवासीय बालिका विद्यालय और आईटीआई कॉलेज के अलावा नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर एक विद्यालय का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री सोमवार को बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड स्थित तारानारी में विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों के वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड को एक सशक्त और मजबूत राज्य बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

**गांव मजबूत बनेगा, तभी राज्य और देश मजबूत होगा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश तभी मजबूत बनेगा, जब राज्य मजबूत होगा और राज्य की मजबूती के लिए गांव का मजबूत होना बेहद जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही है। किसानों और मजदूरों के हित को केंद्र में रखकर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं और इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है।

**अपने शहीदों व आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बना रहे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वीरों और शहीदों की भूमि रही है। देश की आजादी के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पीएलएफआई के 5 उग्रवादी गिरफ्तार, देसी कट्टा बरामद

**खूंटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के पांच उग्रवादियों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से 5.5 से की की पांच कारतूस, एक देसी कट्टा .315 एमएम की चार कारतूस चंदा की रसीद, संगठन का पर्चा, नकद दस हजार रुपये, तीन मोटरसाइकिल और छह मोबाइल बरामद किये गये हैं। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि पीएलएफआई का एरिया कमांडर टीरा बोदरा उर्फ रांडूंग बोदरा उर्फ लंबू उग्रवादी संगठन के अपने सदस्यों के साथ मुरहू थाना क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों के ठेकेदारों और साप्ताहिक हाट-बाजार जाने वाले व्यापारियों से लेवी की रकम वसूलता था। गुप्त सूचना के सत्यापन के बाद अपर पुलिस अधीक्षक रमेश कुमार के निर्देशन में और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया।

### प्रफुल्ल मिले दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री से कहा

## सहकारिता को बढ़ावा देकर राज्य में आंदोलन किया जा सकता है



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

भूमि विकास बैंक (बिहार-झारखंड) के निदेशक व पलामू के वरिष्ठ भाजपा नेता प्रफुल्ल सिंह ने नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर बीजेपी झारखंड को-ऑपरेटिव सेल के प्रदेश संयोजक होने के नाते उन्होंने अपने कार्यकाल की जानकारी दी। प्रफुल्ल ने राष्ट्रीय महामंत्री को बताया कि किस तरह सहकारिता में जन जन की सहभागिता से झारखंड में जन आंदोलन खड़ा किया जा सकता है। राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) ने कहा कि सहकारिता का क्षेत्र व्यापक है। सहकारिता में जनभागीदारी के द्वारा जन जन की आत्मनिर्भरता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार रूप दिया जा सकता है। मोदी गांव व किसान की समृद्धि से समृद्धशाली भारत निर्माण के संकल्प को पूर्ण करने के लिए सतत कार्य कर रहे हैं और सहकारिता इस संकल्प में सहायक सिद्ध हो सकता है। अगर भाजपा कार्यकर्ता सहकारिता के क्षेत्र में कठोर परिश्रम के साथ जुड़कर काम करें। इसे सहकारिता के क्षेत्र में भाजपा को सफलता हासिल होगी। प्रफुल्ल ने यह भी बताया कि किस तरह झारखंड के पलामू जिला में माननीय सांसद विष्णु दयाल राम के नेतृत्व में महा-जनसंपर्क अभियान के तहत सभी कार्यक्रम का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## दिल्ली सेवा बिल राज्यसभा में पास

### पक्ष में 131 और विरोध में पड़े 102 वोट




**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली सेवा बिल सोमवार को राज्यसभा में पास हो गया। सदन में आप, कांग्रेस के अलावा विपक्षी गठबंधन इंडिया के सभी घटक दलों ने बिल का जोरदार विरोध किया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में ये बिल पेश किया। जिसका बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने भी समर्थन किया। बिल के पक्ष में 131 और विपक्ष में 102 वोट पड़े।

राज्यसभा में विपक्ष के सभी संशोधन प्रस्ताव गिर गए थे। बिल पर चर्चा के दौरान अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी नोंकझोंक देखने को मिली। अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि इस बिल का उद्देश्य दिल्ली में भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन सुनिश्चित करना है। बिल के एक भी प्रावधान से, पहले जो व्यवस्था थी, उस व्यवस्था में एक इंच मात्र भी परिवर्तन नहीं हो रहा है।

उन्होंने कहा कि ये विधेयक सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन नहीं करता है। ये बिल हम शक्ति को केंद्र में लाने के लिए नहीं बल्कि केंद्र को दी हुई शक्ति पर दिल्ली यूटी की सरकार अतिक्रमण करती है, इसको वैधानिक रूप से रोकने के लिए यह बिल लेकर लाए हैं। कई सदस्यों की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## झरिया में कोल बेड मिथेन के पहले प्रोजेक्ट को हरी झंडी

### देशभर की रसोइयों में पहुंचेगी गैस

### प्रोजेक्ट की लागत 1,880 करोड़ रुपए है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के धनबाद में कोल बेड मिथेन गैस प्रोडक्शन के पहले महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को पर्यावरणीय स्वीकृति मिल गई है। प्रोजेक्ट की लागत 1,880 करोड़ रुपए है। कोल इंडिया की सहयोगी कंपनी बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) और आउटसोर्सिंग कंपनी प्रभा एनर्जी प्रालि. के ज्वाइंट वेंटर के रूप में यह प्रोजेक्ट अगले कुछ महीनों में प्रोडक्शन शुरू करने की स्थिति में पहुंच जाएगा। यह प्रोजेक्ट बीसीसीएल के मुनीडीह प्रक्षेत्र के झरिया में शुरू किया जा रहा है। यहां मौजूद सीबीएम (कोल बेड मिथेन) -1 से मीथेन उत्पादन और वितरण के लिए बीसीसीएल का गुजरात की कंपनी प्रभा एनर्जी प्रालि. के साथ 30 वर्षों का करार हुआ है। यहां से निकलने वाली गैस को गेल की ऊर्जा गंगा पाइपलाइन के जरिए देश के दूसरे हिस्सों में पहुंचाया जा सकेगा। इसका इस्तेमाल बिजली उत्पादन, रसोई गैस और वाहनों के ईंधन के तौर पर होगा। मुनीडीह से 8 किमी की दूरी पर गेल की ऊर्जा गंगा पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। इस प्रोजेक्ट में बीसीसीएल के 368.58 करोड़ और आउटसोर्सिंग कंपनी के 1510.5 करोड़ रुपये लगे हैं। कुल मिलाकर यह प्रोजेक्ट 1,880 करोड़ रुपये का है। सीबीएम का उत्पादन बीसीसीएल के अलावा कोल इंडिया की किसी अन्य दूसरी कंपनी में अभी तक शुरू नहीं हुआ है।

बताया गया है कि सीबीएम प्राजेक्ट तीन फेज में लागू किया जायेगा। पहले फेज में अन्वेषण तथा सेकेंड फेज के लिए पायलट मूल्यांकन और बाजार सर्वेक्षण शामिल होगा। थर्ड फेज में अधिकतम 30 वर्षों के लिए अथवा क्षेत्र की आर्थिक जीवन उपयोगिता तक डेवलपमेंट एवं प्रोडक्शन शामिल होगा।

बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा कि इलाके में कुछ अन्य भूमिगत ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### उल्लंघन पर संस्थाओं पर लग सकता है 250 करोड़ तक का जुर्माना

# डाटा संरक्षण बिल लोस में पास

### सूचना के अधिकार का दंतहीन होने का खतरा



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

लोकसभा में सोमवार सात अगस्त को डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन बिल, 2023 को ध्वनिमत से पास हो गया। इस बिल के अनुसार नियमों का उल्लंघन करने वाली संस्थाओं पर न्यूनतम 50 करोड़ रुपये व अधिकतम 250 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। डाटा प्रोटेक्शन बिल के लागू होने के बाद यदि किसी कंपनी या संस्था द्वारा नियमों को तोड़ा जाता है और किसी भी व्यक्ति की जानकारी लीक की जाती है, तो उस पर 250 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इस कानून के लागू होने के बाद लोगों को अपना डाटा, स्टोरेज और इसकी प्रोसेसिंग के बारे में जानकारी मांगने का अधिकार मिल जाएगा।

बिल के अनुसार डाटा प्रोटेक्शन बोर्ड का भी गठन किया जाएगा। यदि किसी भी मामले को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है, तो इसके संबंध में डाटा प्रोटेक्शन बोर्ड फैसला करेगा। इस बिल के अनुसार अब नागरिकों को सिविल कोर्ट में जाकर मुआवजे का दावा करने का भी अधिकार मिल जाएगा। बिल में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार के डाटा का जिक्र किया गया है। बिल पर चर्चा के दौरान मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह विधेयक देश के 140 करोड़ लोगों के डिजिटल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**विपक्ष ने विरोध किया**

विपक्ष ने इस बिल का विरोध किया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि यह कानून निजता के अधिकार का हनन करता है। वहीं कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि यह अंतिम विधेयक नहीं है और इसे समीक्षा के लिए संसदीय समिति के पास भेजने की जरूरत है। जबकि कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी कहा कि विधेयक को संसदीय पैनल के पास भेजा जाना चाहिए।

**सोशल मीडिया पर लगाम**

डाटा प्रोटेक्शन बिल के लागू होने के बाद सरकार सोशल मीडिया कंपनियों की मनमानी पर लगाम लगा सकेगी। जब भी कोई कंपनी किसी शख्स की निजी जानकारी को इकट्ठा करना चाहेगी तो इसके लिए उसे संबंधित व्यक्ति से इजाजत लेनी होगी। इस बिल के तहत किसी के व्यक्तिगत डेटा को तभी लिया जा जा सकता है जब संबंधित व्यक्ति ने इसके लिए सहमति दी हो।

**डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड का होगा गठन**

बिल के लागू होने पर केंद्र सरकार डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड की स्थापना करेगी। इसका काम अनुपालन की निगरानी करना और जुर्माना लगाना, डेटा उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक उपाय करने के लिए डेटा फिड्यूशियरीज को निर्देशित करना और व्यक्तियों द्वारा की गई शिकायतों को सुनना शामिल है। बोर्ड के सदस्यों की नियुक्ति दो साल के लिए की जाएगी। बोर्ड के सदस्यों की संख्या केंद्र तय करेगा।

## एएसआई ने अंग्रेज अफसर के बनाये नक्शे को देखा



**आरएनएम। वाराणसी**

ज्ञानवापी के सर्वे के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने ईस्ट इंडिया कंपनी के अधिकारी जेम्स प्रिंसेप बनाये काशी के नक्शे को भी देखा। जेम्स प्रिंसेप ने इलस्ट्रेटेड बनारस नामक पुस्तक 1832 में लिखी थी। तब 1832 में तैयार इस नक्शे के मार्फत दावा किया गया था कि आदि विश्वेश्वर मंदिर दिव्य-भव्य था। इसमें 12 कोण दर्शाए गए हैं। आठ कोण बाहरी तो चार भीतरी हैं। भीतरी कोण के पास मंडप बना है। इसके पास गर्भ गृह दशार्या गया है। इसमें आदि विश्वेश्वर मंदिर का नक्शा भी प्रकाशित किया था। इसी नक्शे के आधार पर आदि विश्वेश्वर ज्ञानवापी मंदिर का नया मॉडल बनाया गया है। जेम्स प्रिंसेप ने जो नक्शा बनवाया था, उसमें भी आदि विश्वेश्वर मंदिर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। कहा गया है कि 124 फीट का चौकोर मंदिर बना था। इसके चारों कोनों पर मंडप है। बीच में गर्भ गृह भी है,जिसे नक्शे में मंडपम लिखकर दशार्या गया है। नक्शे को देखकर कहा जा सकता है कि यह कुल नौ शिखर वाला विश्वेश्वर मंदिर रहा होगा।

### मुख्यमंत्री से केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

# आदिवासी महोत्सव मील का पत्थर साबित होगा : मुख्यमंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा वृहत पैमाने पर पूरी भव्यता के साथ झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 का आयोजन करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 को एक अलग पहचान मिलेगी। इस बार इस महोत्सव का देश भर में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और खुशी की बात है कि देश-दुनिया से इस महोत्सव में शामिल होने के लिए लोग आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी परंपरा, कला-संस्कृति, रहन-सहन, आदिवासी उत्पाद और गीत-संगीत-नृत्य को संरक्षित और आगे बढ़ाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस कड़ी में झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन मील का पत्थर साबित होगा।

प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, प्रकाश हंस, मुन्ना उरांव, अजीत उरांव, निकोलस एक्का, साइमन कच्छप, सोनू एक्का, अनीश अहमद, विजय बड़ाईक, जरिया उरांव, बबलू उरांव, धंजू नायक, सचिन कच्छप, मन्नू तिग्गा, विजय कच्छप, लाला कच्छप, सूरज मुंडा, मोनू राज, बिरलू तिर्की, करमा कमल लिंडा, शनि मिंज, पुरन टोप्पो, दिनेश कच्छप और संजू कच्छप शामिल थे।

### रांची में झारखंड राज्य स्टेट अवार्ड समारोह 11 अगस्त को

**रांची।** रांची में राष्ट्रीय अवार्ड स्टेट अवार्ड समारोह आगामी 11 अगस्त को आयोजित किया जायेगा। इस समारोह के चयन समिति के चेयरमैन शेखर बोस ने बताया कि अवार्ड के लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। विभिन्न चरणों में बैठकें हुई हैं। ये अवार्ड इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त खेल जिनको झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त है, के सभी वर्गों के इंटरनेशनल -नेशनल चैंपियनशिप सत्र 2022-23 और नेशनल गेम्स गुजरात में पदक विजेता खिलाड़ियों को दिये जायेंगे। इसके अलावे झारखंड अवार्ड के विभिन्न वर्गों के अवार्ड (लाइफटाइम अवार्ड को छोड़कर) सत्र 2022-23 के प्रदर्शन के आधार पर दिये जायेंगे। वभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ये स्टेट अवार्ड दिये जायेंगे।

# राज्य में विधि व्यवस्था की हो रही है कमी : डॉ.देव शरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत ने कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि राज्य में न विधि है न व्यवस्था। सरकार ने अपराधियों के लिए प्रदेश में अनुकूल माहौल बनाया है। आज राज्य में अपराधी सरकारी संरक्षण में फल फूल रहे हैं। सरकार अपराध करने वालों को लूट में छूट देने का काम कर रही है। देव शरण भगत सोमवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। मौके पर पलामू और गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और सैकड़ों समाजसेवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। पार्टी में शामिल हुए सभी नेताओं का स्वागत करते हुए डॉ देव शरण भगत ने कहा कि आप सब के साथ मिलकर हम झारखंड को संवारने का काम करेंगे। हमारी पार्टी ने राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। आजसू जनादेश का सम्मान करना जानती है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर महीने में पार्टी राज्य स्तरीय अधिवेशन का आयोजन करेगी। इस अधिवेशन का उद्देश्य है कि राज्य के सभी 32 हजार गांव के प्रतिनिधि शामिल होकर अपनी समस्या और विचारों का आदान-प्रदान करें। अधिरंजन तिवारी के नेतृत्व में राजद के बीस सूत्री सदस्य रामाधार ठाकुर, बीएसपी के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य, जेएमएम नेता मो. सैफ व मो. सकलैन, मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी सदर विक्की कुरेशी, रोशन सिंह, मनीष सिंह, प्रकाश साव, चंद्र शेखर कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली।

### रौशन साव के हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार करे पुलिस, नहीं तो होगा आंदोलन

**रांची।** पतरातू डैम क्षेत्र स्थित माही रेस्टोरेंट के मालिक रौशन साव की उनके रेस्टोरेंट में गोली मारकर हत्या कर दिये जाने की झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा कड़ी निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से तत्काल अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा है कि यह काफी दुखद और चिंता की बात है कि अपराधी खुलेआम व्यवसायियों की हत्या कर रहे हैं और पुलिस प्रशासन मूक दर्शक बनी हुई है। श्री साहु ने कहा कि वैश्य मोर्चा लगातार इस बात को उठा रही है, सरकार और प्रशासन को धरना-प्रदर्शन के माध्यम से ज्ञापन दे कर मांग कर रही है कि व्यवसायियों, दुकानदारों को सुरक्षा प्रदान की जाए. लेकिन अफसोस की बात है कि इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। श्री साहु ने कहा कि अगर तत्काल रौशन साव के हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वैश्य मोर्चा सड़कों पर उतर करआंदोलन शुरू करेगी।

### रातू तिलता सोडा फाउंटेन में पुलिस ने मारा छापा



**रातू।** थाना क्षेत्र के तिलता स्थित सोडा फाउंटेन रेस्टुरेंट में पुलिस ने शराब पीते कई लोगों को पकड़ा। छापामारी की सूचना पर वहां हड़कंप मच के बाद लोग मौके से फरार हो गये और इसके साथ ही छापेमारी होता देख रेस्टुरेंट संचालक फरार हो गया। पुलिस एक दर्जन से अधिक लोगों को थाना लाकर पूछताछ कर रही है। डीएसपी प्रवीण कुमार ने क्राइम कंट्रोल को लेकर सोमवार की शाम 4 बजे तिलता, दलादिली, हाजी चौक व रातू चट्टी में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनों संदिग्ध लोगों से पुलिस ने पूछताछ की। इस दौरान तिलता स्थित सोडा फाउंटेन रेस्टुरेंट में तलाशी अभियान चलाया। जहां दर्जनों लोग शराब पीते पकड़े गये। पुलिस शराब को जब्त कर थाना ले आयी है।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी जोरों पर



**सिल्ली।** सिल्ली मुरी क्षेत्र के स्कूलों मे 15 अगस्त की तैयारी काफी जोरों पर चल रही है। संत माइकल स्कूल, डीएभी स्कूल,आरटीसी स्कूल, हिंडाल्को स्कूल, उर्सलाइन स्कूल समेत कई स्कूलों मे भी बच्चे लोगों को परेड, भाषण, नृत्य के साथ राष्ट्र गाण का अभ्यास कराया जा रहा है। वही आरटीसी पब्लिक स्कूल सिंगपुर गाजे-बाजे के साथ अच्छी तरह से बच्चों को प्रशिक्षण देकर परेड एवं राष्ट्रगाण का अभ्यास कराया जा रहा है। स्कूलों के शिक्षक भी मौजूद रहकर बच्चों को अभ्यास कराने मे लगे हुए है। वहीं टुंगरी पार्क मे झंडा उत्तोलन को लेकर स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने पार्क का निरीक्षण किया।

### जारू गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पिस्का पंचायत के जारू गांव में नए ट्रांसफार्मर का विधिवत पूजा पाठ गांव के ग्राम प्रधान रंथु मुंडा एवं झामुमो सिल्ली विधानसभा प्रभारी सह रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया ने फीता काटकर उद्घाटन किया तथा बताया कि नए ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों को बिजली की समस्या से निजात मिल जाएगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, प्रखंड उपाध्यक्ष अमित कुमार महतो, संतोष साहू, कार्यालय प्रभारी पांडे महतो, संगठन सचिव द्वारिका महतो, मीडिया प्रभारी भागीरथ महतो, पिस्का पंचायत प्रभारी हेमंत कुमार महतो, फलाहारी महतो, राजेश चौधरी, मुकेश कुमार महतो, वीरेंद्र महतो, अजय कुमार महतो, रामरतन मुंडा समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### मेरी माटी मेरा देश के सफल क्रियान्वयन को लेकर कार्यशाला का आयोजन

# कार्यक्रम की सफलता ही वीरों की श्रद्धांजलि है : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो प्रखंड कार्यालय के सभागार में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ डा प्रवीण कुमार ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम देश,मिट्टी कि प्रेम और वीरों के सम्मान का प्रतीक है। हमारा देश वीरों की धरती है। देश के गांव-गांव की वीर गाथाएं माटी और देश के अद्भुत प्रेम का संदेश देता है।बेड़ो प्रखंड भी वीरों की धरती है इसलिए यह कार्यक्रम प्रखंड के सभी गांव के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सभी गांव में मंगलवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर गांव में अमृत वाटिका जिसके तहत 75 पौधों का पौधरोपण किया जाएगा।वही इसकी विस्तृत रूप से ग्रामीणों को जानकारी दिया जाएगा। प्रत्येक गांव में बनने वाले अमृत वाटिका में एक सिलावट भी बनाया जाएगा जिसमें प्रखंड क्षेत्र में स्वतंत्रता सेनानी देश के लिए शहीद होने वाले वीरों का नाम अंकित कर उन्हें सम्मान एवं श्रद्धांजलि दिया जाएगा। प्रत्येक गांव से मिट्टी को 13 अगस्त तक प्रखंड लाया जाएगा।मिट्टी प्रखंड स्तर पर एक जगह जमा करते हुए इसे दिल्ली मैं स्थित कर्तव्य पथ मे भेजा जाएगा। प्रत्येक ग्राम सभा में शपथ ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया जाना है। हमारा देश अभी अमृत महोत्सव के सुनहरे दौर से गुजर रहा है इसलिए प्रत्येक गांव में अमृत वाटिका का निर्माण भी इस कार्यक्रम का एक हिस्सा है। अमृत वाटिका के तहत अमृत सरोवर के किनारे वृक्षों के पौधों का वृक्षारोपण किया जाना है। जिन गांवों में अमृत सरोवर का निर्माण ना हुआ हो वहां किसी सरकारी विद्यालय, पंचायत भवन या अन्य जलाशय के किनारे वृक्षारोपण का कार्य संपन्न किया जाना है।

# एक्सआईपीटी में चला गया पर्यावरण जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक एंड टेक्नोलॉजी (एक्सआईपीटी), नामकुम, रांची, झारखंड, में सोमवार को संस्थान परिसर में पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत परिसर में 50 से अधिक किस्मों के फलदार एवं अन्य पेड़ लगाए गए। इस अभियान की शुरूआत ग्रेगोरियन विश्वविद्यालय, रोम के मोरल थियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर, फादर प्रेम खलखो एसजे ने की। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को पर्यावरण की महत्ता बताते हुए, 'पेड़ लगाओ उम्मीद जगाओ' का स्लोगन दिया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं ग्लोबल वार्मिंग में पर्यावरण के महत्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

पर्यावरण के महत्ता के संदर्भ में संस्थान के को-ऑर्डिनेटर डॉ. प्रदीप केरकेट्टा एसजे ने, 'हर एक पेड़ एक' का नारा दिया तथा पेड़ लगाने और पेड़ बचाने के लिए सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के असिस्टेंट को-ऑर्डिनेटर फादर स्वर्ण तिग्गा एवं प्रभारी प्रिंसिपल राज कुमार भी उपस्थित थे। इस पौधरोपण कार्यक्रम में संस्थान के सभी विद्यार्थी, शिक्षक एवं सहायक कर्मियों ने भाग लिया।

# 10 अगस्त को रेलवे कार्यालय के सामने दिया जायेगा धरना

**कर्मचारियों के हित को देखते हुए यह मांग बहुत पुरानी रही है और यह ज्वलंत मुद्दा बनता जा रहा है**

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** ओल्ड पेंशन योजना की बहाली के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस ने 10 अगस्त को मंडल रेलवे कार्यालय के सामने धरना का ऐलान किया। इसकी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से करते हुए नित्यालाल कुमार रांची मंडल समन्वयक दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस सह वर्किंग कमेटी मेंबर एनएफआईआर (दिल्ली) ने बताया कि कर्मचारियों के हित को देखते हुए यह मांग बहुत पुरानी रही है और यह ज्वलंत मुद्दा बनता जा रहा है। पेंशन बुढ़ापे का सहारा है, हम समझते हैं यह सरकारी कर्मचारियों का अधिकार है और यह हक और अधिकार अधिकार की लड़ाई 10 अगस्त को पूरे भारत में एन एफ आई आर के बैनर तले व रांची मंडल में दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस की अगुवाई में एक दिन का मंडल रेलवे कार्यालय के समक्ष धरना देने के साथ लंबी लड़ाई की शुरूआत की जा रही है और यह लड़ाई हक और अधिकार की है जिसमें हम हर कर्मचारी से बगैर रेल को बाधित किए हुए शांतिपूर्ण अपना विरोध दर्ज करने की अपील करते हैं और नई पेंशन योजना को खत्म कर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग करते हैं ताकि यह हर कर्मचारी अपने भविष्य को सुरक्षित रख सके, इसी उम्मीद और आशा के साथ यह धरणा मंडल रेल कार्यालय के समक्ष रखा गया है जिसमें सभी साथियों से शामिल होने की अपील की गई है।

### महिला अब पुरुषों से कम नहीं : विधायक

**बेड़ो।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में सोमवार को प्रखंड के पार्टी कार्यालय में पार्टी के महिला पंचायत अध्यक्षों व कार्यकताओं के साथ बैठक किया। बैठक में विधायक ने महिला सशक्तिकरण के बारे में चर्चा किया। उन्होंने कहा कि अब महिला अपने पुराने ख़्यालातों को छोड़कर अपने हक और अधिकार के लिए आगे आयें और नेतृत्व करें। महिला पुरुषों से कम नही हैं। उन्होंने कहा कि आप अपने पंचायत में नेतृत्व करें। पंचायत की महिलाओं की समस्याओं को सुनें और उसका हल कराने का प्रयास करें। उन्होंने झारखंड सरकार द्वारा लाये गये योजनाओं के बारे में बतलाया और महिलाओं को उसका लाभ लेने की अपील किया। बैठक में विधायक ने महिला अध्यक्षों और कार्यकताओं के साथ मंत्रणा किया। साथ ही महिलाओ के साथ अन्य मुद्दों पर विस्तार से बातचीत किया।

# जनजातीय वाद्य यंत्रों की मधुर धुन पर थिरकेगा पूरा झारखंड




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** जहां चलना नृत्य और बोलना संगीत हो। उस धरा में 32 जनजातीय के वाद्ययंत्रों की अविस्मरणीय गूंज के हम सभी साक्षी बनेंगे। ₹रीझ रंग रसिका₹ रैली में जब पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप पर कदम थिरकेंगे, तब पूरा झारखंड थिरकेगा और वाद्ययंत्रों का संगम झारखंड आदिवासी महोत्सव का आगाज करेगा।

**आकर्षण का केंद्र होगी रैली :** झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 में रीझ रंग रसिका रैली मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी। नौ अगस्त को 12 बजे अपराह्न रैली धुमकुड़िया भवन, करमटोली चौक से जेल रोड स्थित बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान के लिए प्रस्थान करेगी। रैली में राज्य के 32 विभिन्न जन जातिय वाद्ययंत्रों का संगम होगा। रैली में असुर, बैंगा, बंजारा, बथुडी, बेदिया, बिंझिया, बिरहोर, बिरजिया, चेरो, चिक-बड़ाईक, गोंड, गोडाईल, हो, करमाली, खड़िया, कंवर, खरवार, खोंड, किसान, कोरा, कोरवा, लोहरा, महली, माल पहाड़िया, मुंडा, उरांव, परहईया, संथाल, सौरिया पहाड़िया, सवर,भूमिज एवं कोल जनजाति के कलाकार अपने वाद्ययंत्रों के साथ नजर आएंगे।

महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में : नौ एवं 10 अगस्त को आयोजित झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 की तैयारी अंतिम चरण में है। महोत्सव में अरुणाचल प्रदेश, असम, आंध्र प्रदेश, ओडिसा, राजस्थान के जनजातीय समुदाय के मेहमान अपनी परंपरा और संस्कृति से रूबरू कराएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नागपुरी, सरायकेला छऊ, डोमकच, पायका समेत अन्य नृत्य की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा की जायगी।

**हड़कंप** अपराधिक घटना की रोकथाम के लिए पुलिस का चला डंडा

# दुकानदारों पर कार्रवाई का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रातू** जिले में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं के नियंत्रण को लेकर हेडक्वार्टर टू के डीएसपी प्रवीण सिंह के नेतृत्व में सोमवार को जमीन दलालों एवं अवैध तरीके से अतिक्रमण कर आपराधिक छवि वाले लोगों के अड्डाबाजी करा रहे होटलों एवं झुग्गी-झोपड़ी व गुमटियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अवैध तरीके से संचालित सभी होटलों एवं गुमटियों को हटा दिया गया। पहले दिन चले इस अभियान में थाना क्षेत्र के तिलता चौक एवं दलादिली चौक में संचालित सभी दुकानों में डीएसपी का चाबुक चला। दलादिली चौक में दो दिन लगने वाले साप्ताहिक हाट को भी तत्काल प्रभाव से अनिश्चित काल के लिए बंद करा दिया गया। इस अभियान के तहत थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में जमीन का काम करने वाले कई जमीन दलालों को भी पूछ-ताछ के लिए थाना लाया गया। डीएसपी प्रवीण सिंह ने बताया कि इन जमीन दलालों को थाना में लगातार हाजरी लगानी होगी। उन्होंने कहा कि ज्यादातर आपराधिक घटनाएं जमीन विवाद या फिर जमीन कारोबार से जुड़े लोगों के साथ ही घट रही है। ऐसे में अंचल कार्यालय व स्थानीय थाना के गतिविधियों पर भी पूरी निगरानी रखी जाएगी। अंचल कार्यालय एवं थाना परिसर में नाजायज तरीके से मजमा लगाने वाले जमीन कारोबारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी इसके साथ ही इनको प्रश्रय देने वाले अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं सम्बन्धित कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए जिला के बाहर सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाएगा। डीएसपी प्रवीण सिंह ने बताया कि अभियान के दूसरे दिन काठीटाड़ चौक, रातू चट्टी, हाजी चौक, ब्लॉक रोड से भी असमाजिक तत्वों को जमावड़ा कराने वाले अवैध अतिक्रमण को हटाया जाएगा। उस अभियान में एसआई चमरा मिंज, एसआई अमरनाथ सोनी, अंजन कुमार, बादल दास सहित दर्जनों पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# सड़क पर धान की रोपनी कर किसान ने जताया विरोध



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो प्रखंड के बारीडीह गांव के अखरा व मंदिर जाने वाली मुख्य कच्ची सड़क पर जल जमाव व कीचड़ होने से आक्रोशित लोगों ने सोमवार को सड़क पर धान की रोपनी कर प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध आक्रोश जाहिर किया। ग्रामीणों का कहना है कि एक दशक से सड़क पर जल जमाव व कीचड़ होने से आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। साइकिल, बाइक को कौन कहे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क के निर्माण को ले कई बार ग्रामीणों द्वारा जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन से गुहार लगाई गई, लेकिन इस सड़क की दुर्दशा पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस रास्ते पर कीचड़ होने के कारण स्कूली बच्चों का चलना भी दूभर हो गया है। इस समस्या के निपटारे के लिए ग्रामीणों ने कई बार ग्राम सभा में दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन दिया था, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीण आक्रोशित होकर सड़क पर धान की रोपनी कर विरोध जताया। मौके पर संजीव भगत,कृष्णा लोहरा, सोहराई भगत,माधुरी खलखो अमिता तिर्की,ईलम देवी,मुन्नी देवी निशा खाखा एतवारी उरांव आदि शामिल थे।

### बिमल उरांव बने राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि



**रातू।** प्रखंड के बड़काटोली कुंबा टोली निवासी व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बिमल उरांव को राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। बिमल के सांसद प्रतिनिधि बनने पर भाजपा नेता कामेश्वर महतो, अखोरी नीरज कुमार,राजेश सिंह, इमरान खान,रूपेश गोप, जेम्स बांड खलखो, अमित तिवारी,कृष्णा भगत, मुकेश भगत, संजय राय, ईश्वर गोप, कृष्णा उरांव ,राहुल सिंह, सुबोध साहू, हजारी प्रसाद, शिवपूजन, अमित गोप,जीवन मिर्धा,चन्द्रनाथ महतो आदि लोगो ने बधाई दी है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची**
email ID eedwsd.ranchiwest@gmail.com

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या – DWSD/RW/-21/2023-24, PR No. 303537 (Drinking Water and Sanitation) 2023-24 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची

PR 304154 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

**सावन माह के पांचवें सोमवार के अवसर पर भक्तों की उमड़ी भीड़**

# श्री श्यामेश्वर महादेव की जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सावन माह के पांचवें सोमवार के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में विराजमान के श्री श्यामेश्वर महादेव की पूजा वंदना व जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए भक्तों का आगमन प्रारंभ हो गया। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि भक्तों को मंदिर के तरफ से दूध से अभिषेक करने के लिए प्रतिदिन निःशुल्क पात्र में दूध दिया जाता है। सोमवार को भी यह दूध वितरण का विशेष प्रबंध किया जाता है। सावन मास के सभी दिन के लिए अन्नपूर्णा सरावगी व सोमवार के लिए अशोक नगर निवासी पिंटू बरनवाल द्वारा दूध की सेवा दी जाती है। दोपहर 12:30 बजे तक निरंतर भक्तजनों के द्वारा पूजन अनुष्ठान किया जाता रहा। श्री श्यामेश्वर महादेव की जय जयकारों से मंदिर गूंज रहा था। दोपहर 1:00 बजे से देवों के देव महादेव का विशेष महारुद्राभिषेक किया गया। मंडल के वरीय सदस्य प्रभु दयाल दयाल नारसरिया ने अपने परिवार के साथ दूध दही गंगाजल अनारस घृत शहद एक ईखरस चीनी आदि से महादेव का अभिषेक कर चंदन रोली चावल बेलपत्र फूल धतूरा फूल प्रसाद चढ़ाकर आराधना की। मंदिर के आचार्य ने पूजन अनुष्ठान संपन्न करवाया, महाआरती की गई।

**सायंकालीन विशेष श्रृंगार :** उज्जैन के महाकाल के तर्ज पर श्री श्यामेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाए गए फूलों से संपूर्ण शिव



परिवार को सजाया गया ।केसरिया पेड़ा सूखे मेवे खीर का भोग लगाया गया। साईं काल 6:00 बजे से भोलेनाथ के दर्शन हुए। रात्रि 7:00 बजे आरती करके महाप्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू स्नेह पोद्दार रतन शर्मा रौनक पोद्दार अरविंद सोमानी श्याम सुंदर जोशी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

**सोमवार को 62 वां श्री सुंदरकांड पाठ :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा मंगलवार 08/08/2023 को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 62 व श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ सांय 4:30 बजे से होगा । हनुमान जी की अखंड ज्योति प्रज्वलित करके प्रसाद चढ़ाया जाएगा । सांय 6:30 बजे महाआरती करके प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तजनों को आमंत्रित किया है।

**महाशिवपुराण यज्ञ के सप्तम व अंतिम दिन का कार्यक्रम आयोजित**

## शिवलिंग भगवान शिव के निर्गुण और निराकर स्वरूप का प्रतीक है : स्वामी श्री परपूर्णानन्द जी





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्री श्याम मण्डल द्वारा आयोजित पावन श्री शिवमहापुराण कथा के सप्तम एवं अंतिम दिन भक्तों का उत्साह वंदनीय था साथ ही पावन कृपा का विदाई का अवसाद भी था। अपराह्न 4 बजे स्वामी श्री परपूर्णानन्द जी के व्यास पीठ पर विराजमान होने के बाद पारंपरिक पूजन वंदन के साथ स्वामी श्री ने शिव व्याख्यान को आगे बढ़ते हुए कहा की- शिवलिंग भगवान शिव के निर्गुण और निराकर स्वरूप का प्रतीक है। सच्चिदानन्द स्वरूप आनंदघन भवान शिव सर्व व्यापी हैं, आगे स्वामी जी ने शिव के विभिन्न अंसावतार व पूर्णावतार का विस्तृत ज्ञान बांटा साथ ही कहा की उनीसवें कल्प में सत्योजात शिव का अवतार हुआ नाम देव शिव, महाबाहु स्वरूप शिव, अघोर रूप में महादेव आदि अनेक रूपों में शिव ने अवतार लिया, आकाश, पृथ्वी, जल, वायु एवं अग्नि सभी में शिव का वास है, साथ ही व्याख्यान को आगे बढ़ाते हुए प्रसंगवश स्वामी जी ने नरसिंह अवतार का सुंदर वर्णन किया। काल भैरव शिव के हीं अवतार हैं जो काशी में कोतवाल के रूप में विराजमान हैं, साथ ही कहा की राम भक्त हनुमान शिव के हीं अंशावतार हैं- पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए स्वामी जी ने कहा की शिव के तेज को पवनदेव ने अंजनी के गर्भ स्थापित किया इस लिए हनुमान पवन पुत्र, अंजनिसूत, शंकर सुवन व केसरीनंदन कहलाए। व्याख्यान को आगे बढ़े हुए स्वामी जी ने द्वादश शिवलिंगों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। शिव का श्रृंगार हर स्वरूप में अपने आपमें विशेष है। क्रीपुण्ड तिलक, त्रिगुण- सतोगुण, रजोगुण और तपोगुण का प्रतीक है। भस्म आकर्षण, मोह, अहंकार आदि से मुक्ति का प्रतीक है। कुंडल शिव शक्ति के रूप में श्रृष्टि के सिद्धांत का नेतृत्व करते हैं। डमरू श्रृष्टि के आरम्भ एवं ब्रम्हनाग का प्रतीक है। कमंडल, संतोषी, तपस्वी, अप्रिग्रही जीवन साधना का प्रतीक है। इस प्रकार शिव के ज्योति लिंगों एवम दिव्य स्वरूप का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने शिवमहापुराण कथा को विराम दिया। अन्त में आज के अंतिम दिन का कथा का समापन आरती शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर एमसी. खेतान के परिवार द्वारा किया गया, साथ में प्रसाद वितरण के साथ-साथ सात दिनों तक चलने वाली शिवमहापुराण का समापन किया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेश चन्द्र पोद्दार, चन्द्र प्रकाश बागला, श्याम सुन्दर पोद्दार, रमेश सारस्वत, गोपी किशन ढांढनीयां, ओम जोशी, मनोज सिंघानिया, धीरज बंका, राकेश सारस्वत, विजय शंकर साबू का सहयोग रहा।

## रिम्स की कार्यप्रणाली में सुधार से संबंधित जनहित याचिका निस्तारित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने रिम्स की कार्यप्रणाली में सुधार सहित विभिन्न जनहित याचिकाओं का निस्तारण कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह जनहित याचिका कोरोनाकाल की पृष्ठभूमि में शुरू हुई थी, जो अब समाप्त हो चुका है, ऐसे में इस जनहित याचिका पर सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है। कोर्ट ने रिम्स के अधिवक्ता एके सिंह की दलील सुनने के बाद कोरोना से संबंधित जनहित याचिका एवं इसके साथ संलग्न चार अन्य जनहित याचिकाओं का निस्तारण कर दिया। इससे पहले रिम्स की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रिम्स में दवा सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने का काम सतत जारी रहने वाली प्रक्रिया है। ऐसे में रिम्स में अगर किसी तरह की कोई कमी दिखती है, तो याचिकाकर्ता चाहे तो फिर से जनहित याचिका दायर कर सकता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि कोरोना से संबंधित जनहित याचिका का का निस्तारण किया जाता है, लेकिन रिम्स में नियुक्ति से संबंधित एक अन्य याचिका पर सुनवाई जारी रहेगी।

**अवैध शराब अड्डों के खिलाफ कार्रवाई जारी**

## 400 किलो ग्राम जावा महुआ व 120 लीटर अवैध शराब जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला में अवैध शराब अड्डों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए जिला आबकारी टीम ने अवैध शराब जब्त करते हुए इसमें संलिप्त लोगों को गिरफ्तार भी किया है। जिला आबकारी टीम द्वारा इटकी थाना क्षेत्र के गोप्लाटोली, नगड़ी थाना क्षेत्र के पिस्का और बेड़ो थाना क्षेत्र के टैरो में छापेमारी की गई। कार्रवाई में पिस्का से 03 लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि गोप्लाटोली से एक व्यक्ति फरार हो गया, जिसके खिलाफ त्रक्षक्रदर्ज किया गया है। इस दौरान 400 किग्रा. जावा महुआ और 120 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त किया गया। आपको बतायें कि पिछले दो दिनों में जिला आबकारी टीम ने रांची एयरपोर्ट के पीछे चंदाघासी ग्राम, जगन्नाथपुर, धुर्वा, भुसूर, लोवाडीह के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध तरीके से चल रहे शराब अड्डे के खिलाफ कार्रवाई की है।

## 8 से 12 अगस्त तक मनाया जायेगा 'आजादी का अमृत महोत्सव'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल में जी - 20 प्रेसीडेंसी सबमिट पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें रांची सहोदय विद्यालय कंपलेक्स के बैनर तले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लीडरशिप में अभियान भारत में चलाया जा रहा है 'आजादी का अमृत महोत्सव' के दौरान चलने वाली यह आयोजन 8 अगस्त से लगातार 12 अगस्त तक विभिन्न विद्यालय




में किया जाएगा। अरविंद कुमार मिश्र सीबीएसई पटना प्राचार्य परमजीत कौर और प्रतिष्ठित गणमान्य लोगों द्वारा जी-20 प्रेसीडेंसी शिखर सम्मेलन द क्रिएटिव कॉन्क्लेव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एक पृथ्वी एक परिवार और एक भविष्य वसुदेव कुटुंबकम सारा जहां हो का संदेश दिया।

# 'छात्रों की अनदेखी का होता रहेगा हमेशा विरोध : आजसू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। सोमवार को अखिल झारखंड छात्रसंघ (आजसू) अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक झा के नेतृत्व में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में होने वाली सीनेट की बैठक का जोरदार तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन को सीनेट की बैठक रद्द करना पड़ा। मौके पर अभिषेक झा ने कहा की है विश्वविद्यालय प्रशासन बगैर निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों के सीनेट की बैठक आयोजित कर रही थी जो गलत है, यूजीसी के नॉर्म्स में यह प्रावधान है कि निर्वाचित छात्र ही सीनेट की बैठक में हिस्सा ले सकते हैं, परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन हड़बड़ी में बिना राज्यपाल के अनुमति के ही सीनेट की बैठक आयोजित कर रही थी। साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन खुद से कुछ नामित छात्रों को सीनेट में शामिल कराकर बैठक करना चाह रही थी ताकि सीनेट की सभी मुद्दों पर वे छात्र





विश्वविद्यालय प्रशासन की हां में हां मिला दे। उन्होंने आगे कहा कि छात्र-छात्राओं की अनदेखी कर होने वाले हर बैठक का जोरदार विरोध करेगी आजसू। उन्होंने आगे कहा की छात्रों के सम्मान में, आजसू रही है सदा मैदान में। इस सीनेट की बैठक में कोई भी छात्रहित का मुद्दा नहीं था जिससे विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं को लाभ मिल सके और ना ही सीनेट के किसी भी सदस्य ने सीनेट की बैठक के लिए अपना प्रश्न विश्वविद्यालय से किया था। विश्वविद्यालय में होने वाली कई वोकेशनल कोर्स से आ रही फीस को उस विभाग के डेवलपमेंट में ना लगा कर उस मद को अन्य कार्यों में खर्च कर रही। विश्वविद्यालय राशि राशि का कोई हिसाब नहीं है। विश्वविद्यालय प्रशासन मनमानी तरीके से सभी राशि को खर्च कर रहे हैं, जो सरासर गलत है। इन सभी मुद्दों से बचने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन हड़बड़ में सीनेट की बैठक आयोजित की थी जिसमें कई सीनेट के सदस्य भी नहीं आए थे। अभिषेक झा ने कहा की आजसू सदैव छात्रहित में काम करती है और जब भी छात्र-छात्राओं के हित की बात आएगी आजसू हमेशा विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ खड़ी रहेगी साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन आगे भी ऐसा कोई कार्य करती है तो आजसू विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ आंदोलनरत रहेगी। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी हरिश सिंह,सूर्या, हरिओम, प्रसिद्ध, सुमित, सुंधाशु, अभिनव, रिकी, रौनक, लकी, आशु, विशाल, अभिषेक, अनीरूद, नीतीश के अलावा सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** **बीएयू में नीतिशास्त्र पर व्याख्यान आयोजित**

# 'छात्र अध्ययन की अखंडता बनाए रखें'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में सोमवार को अनुसंधान नीतिशास्त्र एवं प्रकाशन विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता डॉ. सुनील कुमार दास, मुख्य वित्तीय एवं लेखा, राष्ट्रीय अजैविक तनाव प्रबंधन संस्थान, पुणे, महाराष्ट्र थे। अपने संबोधन में मुख्य वक्ता डॉ. सुनील कुमार दास ने कहा कि अनुसंधान का उद्देश्य डेटा का संग्रह, विश्लेषण और व्याख्या के माध्यम से नये ज्ञान का विकास करना, समस्याओं का हल करना या मौजूदा उपलब्ध जानकारियों को मान्य करना है। अनुसंधान और प्रकाशन के मामले में किसी भी संभावित नैतिक मुद्दे पर अनुसंधान टीम के भीतर खुलकर चर्चा की जानी चाहिए। संदेह होने पर विशेषज्ञ से परामर्श लिया जाना चाहिए। उन्होंने





कहा कि नैतिकता जीवन में हर जगह और हरेक पहलुओं से जुड़ी है। इसी तरह अनुसंधान एवं प्रकाशन में नैतिकता समुदाय, समाज एवं देश से जुड़ा विषय है। इसमें अखंडता बनाये रखना सर्वोपरि एवं एकमात्र मार्ग है। डॉ. दास ने बताया कि शोधकर्ताओं, पीजी एवं पीएचडी छात्र-छात्राओं के लिए अनुसंधान नैतिकता को बनाए रखना और प्रकाशन की नैतिक प्रथाओं का पालन भी एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। उन्हें नैतिक मानकों को कायम रखते हुए नैतिक रूप से अनुसंधान करने और प्रतिभागियों के अधिकारों की रक्षा करने और अध्ययन की अखंडता बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छे प्रकाशन अभ्यास यह गारंटी देता हैं कि उनके निष्कर्षों से ज्ञान में वृद्धि और बड़े पैमाने पर वैज्ञानिक जगत द्वारा देखा जायेगा। कहा कि शोधकर्ताओं, पीजी एवं पीएचडी छात्र-छात्राएं अनुसंधान एवं प्रकाशन की नैतिकता का सावधानीपूर्वक पालन करके और नैतिक मानदंडों को बनाए रखते हुए देश, समाज एवं समुदाय को अपने संबंधित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निष्कर्ष एवं समाधान से प्रभावित कर सकते हैं। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने शोधकर्ताओं, पीजी एवं पीएचडी छात्र-छात्राओं को अनुसंधान की नैतिकता एवं शोध विषयों के प्रकाशन में ईमानदारी, विश्वास एवं अखंडता को बनाये रखने पर बल दिया।



# पांचवीं सोमवारी पर झारखंड धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के चर्चित झारखंड धाम में पुरुषोत्तम सावन माह की पांचवी सोमवारी को करीब 10 हजार भक्तों की भीड़ उमड़ी. सुबह 4:00 बजे बाबा मंदिर का पट खुलते ही स्थानीय शिव गंगा में डुबकी लगाकर जल अर्पण के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. दोपहर 2:00 बजे तक मेले जैसा माहौल बन गया. सुबह से ही रिमझिम बारिश हो रही थी ऐसे में माहौल खुशनुमा बना रहा। भीड़ को देखते हुए पुलिसकर्मियों ने कतार के माध्यम से श्रद्धालुओं को बाबा मंदिर व पार्वती मंदिर में प्रवेश कराया गया. बाबा मंदिर में पूजा अर्चना के बाद भक्त पार्वती मंदिर, काली मंदिर, सरस्वती मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, हनुमान मंदिर समेत यहां के तमाम मंदिरों में पूजा करते नजर आए. वाहन लगाने में परेशानी को देखते हुए लोगों ने प्रशासन से पार्किंग की व्यवस्था करने की मांग की.

## चाईबासा : पांचवीं सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

**चाईबासा।** श्रावण मास की पांचवी सोमवारी पर विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया. बड़ी संख्या में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का मंदिरों में आना-जाना लगा रहा. सोमवार सुबह से ही सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे थे. मंदिर प्रबंधन कमेटी द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतेजाम किए गए थे ताकि किसी भी श्रद्धालु को जलाभिषेक में परेशानी नहीं हो. सिद्धेश्वर नाथ मंदिर के पुजारी ने बताया कि मंदिर प्रबंधन द्वारा जो श्रद्धालु पूजा का सामान नहीं लेकर आए है उन्हें पूजा की सामग्री दी जा रही है.

## चाकुलिया : नागानल मंदिर में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**जमशेदपुर।** सावन की पांचवीं सोमवारी पर सोमवार को चाकुलिया के नागानल मंदिर में भगवान शंकर के जलाभिषेक के लिए पुरुष और महिला श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और जलाभिषेक किया. बाल कांवरिया कावड़ लेकर पहुंचे और जलाभिषेक किया. पूजा के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था. नागानल मंदिर में मंदिर कमेटी द्वारा बाबा का दरबार फूलों से सजाया गया है. पुजारी अशोक पति, दिलीप पति और विश्वनाथ पति ने श्रद्धालुओं से पूजा-अर्चना कराई.

### आदिवासियों का तीखा तेवर

# उग्र रवैया अपनाने पर मजबूर न करें जमीन लुटेरे : बंधु तिर्की



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड में अपने पाँव पसार चुके जमीन लुटेरे, आदिवासियों को अपना तीखा तेवर और उग्र रवैया अपनाने पर मजबूर न करें. उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस उत्सव-उत्साह की बजाय संघर्ष के अपने इतिहास को याद कर आगे बढ़ने का दिन है. उन्होंने कहा कि 22 साल में यह साबित हो गया है कि आदिवासियों के हित उनकी रक्षा-सुरक्षा की जोर-शोर से बात करनेवाले अनेक लोग वास्तव में बहुरुपिया हैं और उन्हें आदिवासी सभ्यता संस्कृति, जल, जंगल, जमीन की बजाय आदिवासियों की जमीन लूटने और आदिवासियों विशेषकर लड़कियों-महिलाओं को पलायन के लिये मजबूर करने से ही मतलब है. तिर्की ने कहा कि आदिवासी दिवस, केवल आदिवासियों के लिये नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए एक बहुत ही खास दिन है और यह दिन हमें अपने जीवन को बेहतर रूप देने के साथ ही अपने भविष्य को ढालने और जल, जंगल, जमीन को बचाने का संदेश देता है. लेकिन श्री तिर्की ने कहा कि यदि इस दिवस को झारखण्ड के परिप्रेक्ष्य में देखा जाये तो यहाँ जमीन लूट, बहुत ही विकट संकट के रूप में खड़ा हो गया है और इसके पीछे दलाल प्रवृति के कुछेक आदिवासियों के साथ ही वैसे तत्वों का हाथ है जिनका झारखण्ड में रहने का एकमात्र उद्देश्य शोषण उत्पीड़न, जमीन-खान-खदान की लूट और सस्ते मजदूर के लिये यहाँ के लोगों को पलायन पर विवश करना है.उन्होंने कहा कि किसी को भी इस बात पर संशय नहीं होना चाहिये कि जबतक झारखण्ड में जमीन का सम्मान होगा और उसे लूट से बचाया जायेगा, तभी तक आदिवासी संस्कृति, सभ्यता एवं जीवन का अस्तित्व है.

# मणिपुर हिंसा के खिलाफ आदिवासियों ने की सड़क जाम




नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** मणिपुर हिंसा के दोषियों को फांसी देने की मांग को लेकर राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद के सदस्यों ने 7 अगस्त को देवरी थाना क्षेत्र के बजरंग मोड़ के पास देवघर-जमुआ मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. मौके पर परिषद के जिला संयोजक विलियम वास्के ने कहा कि मणिपुर हिंसा की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम होगी. मणिपुर हिंसा के दोषियों को फांसी की सजा नहीं दी गई तो जनजातीय समुदाय जोरदार आंदोलन करेगा. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आदिवासियों को मिले संवैधानिक अधिकारों से छेड़छाड़ किया जा रहा है. इसके खिलाफ चार चरणों में आंदोलन की घोषणा की गई थी. आज पूरे देश में अंतिम चरण का आंदोलन किया जा रहा है. आदिवासी समाज अपने अधिकार के लिए उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा. पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद सड़क जाम को हटाया गया. सड़क जाम के कारण कुछ घंटे तक इस मार्ग पर आवागमन बाधित रहा. मौके पर मतियूस मरांडी, संजय मरांडी, सुरेश बासके, प्रकाश रविदास, किशोरी रविदास, मुकेश रविदास, दिनेश रविदास, होरिल रविदास सहित कई अन्य लोग मौजूद थे.

# धनबाद जिले के सभी डाकघरों में तिरंगा झंडा की बिक्री शुरू



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए धनबाद जिले के सभी डाकघरों में 7 अगस्त से तिरंगा झंडा की बिक्री शुरू हो गई. 30 इंच लंबे और 20 इंच चौड़े झंडे की कीमत 25 रुपये है. झंडे की ऑनलाइन बुकिंग की भी सुविधा दी जा रही है. तिरंगा खरीदने में लोगो को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए धनबाद के उप डाकघर में अलग से 2 काउंटर खोले गए हैं. धनबाद उप डाकघर के वरीय डाक अधीक्षक उत्तम कुमार सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के लिए फिलहार धनबाद के उप डाकघर में फिलहाल 2098 तिरंगा झंडा उपलब्ध है. इसमें 2000 झंडे नए हैं और बाकी 98 पिछले वर्ष के हैं. ऑर्डर के मुताबिक फिलहाल बी पॉलिटेक्निक डाकघर में 50, कतरास में 100, निरसा में 100, सरायढेला में 50 और सिंदरी के डाकघरों में 100 झंडे भेजे गए हैं .जल्द ही बांकी बचे डाकघरों में भी झंडा उपलब्ध करा दिए जाएंगे. वहीं, 30 लोगों ने ऑनलाइन ऑर्डर बुक किया है.

## धनबाद : गैंगस्टर प्रिंस खान का गुर्गा तौसीफ अंसारी को वासेपुर से कर भेजा जेल



**धनबाद।** बैंकमोड़ थाना पुलिस ने गैंगस्टर प्रिंस खान के गुर्गे ड्राइवर मोहम्मद सोनू उर्फ तौसीफ अंसारी को वासेपुर से गिरफ्तार कर 7 अगस्त सोमवार को जेल भेज दिया. उसकी गिरफ्तारी नन्हे हत्याकांड में हुई है. पुलिस की पूछताछ में सोनू ने कई खुलासे किए हैं. वह नन्हे हत्याकांड का अभियुक्त है. पुलिस ने बताया की प्रिंस खान के तीन ड्राइवरों में से एक की गिरफ्तारी हुई है. पुलिस की पूछताछ में सोनू ने प्रिंस खान के कई सहयोगियों के नाम बताए हैं, जो फरार हैं. अब पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है. सूत्रों के अनुसार, प्रिंस खान के कुछ गुर्गे बिहार-नेपाल बॉर्डर के जिलों में छिपे हुए हैं. एटीएस प्रिंस के भाई गोपी खान की भी तलाश कर रही है. एटीएस को सूचना मिली है कि प्रिंस खान के साथ अभी गोपी खान नहीं है. वह नेपाल या बिहार में छिपा है, जबकि प्रिंस खान किसी खाड़ी देश में छिपा है. ज्ञात हो कि 24 नवम्बर 2021 को नया बाजार निवासी महताब आलम उर्फ नन्हे खान की हत्या वासेपुर पुल के पास कर दी गई थी.

## तीन दुकानों में लगी आग, लाखों की संपति खाक

**बोकारो।** सेक्टर झ्र 6 थाना इलाके में गुलाब रेस्टोरेंट में 7 अगस्त के अहले सुबह आग लग गई. आग की चपेट में रेस्टोरेंट के साथ पड़ोस की दो दुकान बिनोद हार्डवेयर व राजू होटल भी चपेट में आ गई. आग से रेस्टोरेंट और दुकान का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया. दुकानदारों ने बताया कि आग करीब 3 बजे सुबह में लगी, जिसके बाद लोगों ने दुकान मालिक राजू कुमार को खबर दी. जब वह पहुचकर देखा, तो दुकान में आग की लपटें उठ रही थी. आगजनी से करीब 12-13 लाख का नुकसान हुआ है. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. आशंका है कि किसी शरारती तत्व ने आग लगाई है. पुलिस जांच शुरू कर दी है.

## शादी का झांसा देकर बनाया शारीरिक संबंध

**रांची।** कोकर मरियम टोली की रहने वाली एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ यौन शोषण का मामला सामने आया है। इस संबंध में युवती ने रामगढ़ निवासी सोहराई बेदिया, उसकी पत्नी बितनी देवी और जगमोहन बेदिया के खिलाफ कोर्ट कंप्लेन केस दर्ज करायी है। युवती का आरोप है कि शादीशुदा होने की बात छुपाकर आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया और तीन साल के दौरान आरोपी ने उसका दो बार गर्भपात भी करा दिया है। युवती ने पुलिस को बताया कि 2020 में वह उसके पिता को सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में भर्ती करायी थी। इसी क्रम में सोहराई बेदिया से उसकी दोस्ती हुई। उसके पिता जब ठीक हो गए और उसे लेकर वह घर चली आयी। इसके कुछ दिन बाद आरोपी ने उसे फोन किया और पतरातू डैम घुमने के लिए ले गया। लौटने के क्रम में आरोपी ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया। इस दौरान उसने शादी का वादा भी किया। इसके बाद से आरोपी उसके साथ लगातार संबंध बनाने लगा। इसी बीच वह गर्भवती हो गयी। इसी क्रम में आरोपी की पत्नी ने उसे फोन किया और उसके साथ गाली-गलौज करने लगी। आरोपी ने धोखे में रखकर उसका गर्भपात करा दिया। कुछ दिन बाद वह भी गर्भवति हो गयी। आरोपी ने उसका फिर से गर्भपात करा दिया। शादी का दबाव देने पर आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए इंकार कर दिया। इसके बाद वह आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करायी।

## रंगदारी देने से इंकार, बस संचालक को किया जख्मी

**रांची।** रांची के बस संचालक धनीश कुमार के रंगदारी देने से इंकार करने पर अपराधियों ने कैंची से मारकर उन्हें जख्मी कर दिया। अपराधियों ने इस वारदात को रविवार को उस समय अंजाम दिया, जब वह अपने भाई के साथ तिरूपति फूड गार्डेन स्थित कार्यालय में बैठे हुए थे। इस वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। इस संबंध में मेसरा ओपी क्षेत्र के गेतलातू सुंदरनगर निवासी धनीश कुमार ने टिंकू उर्फ पुरुषोत्तम, मो शमसाद और मो शाहीद के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। बस संचालक ने बताया कि वह रविवार को अपने भाई रजनीश कुमार, मुन्ना मिस्त्री एवं गूंजन शर्मा के साथ अपने कार्यालय में बैठे हुए थे। इसी दौरान तीनों अपराधी उनके कार्यालय में पहुंचे। पांच हजार प्रति माह रंगदारी देने को कहा। धमकी दी कि अगर रंगदारी नहीं मिलेगा तो व्यवसाय को बंद करा दिया जाएगा। संचालक ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी टिंकू ने कैंची से उनके सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे वह जख्मी हो गए। इसके बाद अपराधी मौके से फरार हो गए।

## सीएसपी संचालक से 35 हजार की लूट

**धनबाद।** कतरास थाना क्षेत्र के रामपुर मालकेरा स्थित एसबीआई के ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएसपी) में 7 अगस्त सोमवार को दिनदहाड़े दो नकाबपोश अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर सीएसपी संचालक से 35 हजार रुपए लूट लिए. लूटपाट के दौरान बदमाशों ने तीन राउंड फायरिंग भी की. घटना से क्षेत्र में भय व दहशत का माहौल व्याप्त हो गया. सीएसपी संचालक भावेश कुमार महतो ने बताया कि वह रोजाना की तरह अपने सीएसपी में कार्य में व्यस्त थे. दोपहर करीब 12.30 बजे पिस्तौल लेकर दो नकाबपोश सीएसपी में घुस आये अपने काम से आये ग्राहकों को धमकाते हुए फायरिंग कर दी. इसके बाद सीएसपी के ड्रावर में रखे 35 हजार रुपए लेकर फायरिंग करते हुए भाग निकले. अपराधी बाइक से आए थे. सूचना मिलते ही कतरास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई.

### बारिश से किसानों के चेहरे खिले

# विधायक राजेश कच्छप ने खेतों में चलाया हल



**रांची।** दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से किसानों को चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही है, किसान अपने अपने खेतों में रोपाई शुरू कर दिए है। सोमवार को खिजरी के कांग्रेसी विधायक राजेश कच्छप भी आपने नामकुम स्थित पैतृक गांव चेने लुपुगंटोलीय अपने खेत में हल बैल लेकर खेती करने खेत में उतर गए। अपने व्यस्तम कार्यक्रम के बीच विधायक राजेश कच्छप परिवार के सदस्यों के साथ खेती करते दिखे।

## सेल अस्पताल में ईटीपी प्लांट का उद्घाटन

**चाईबासा।** सेल की किरीबुरु-मेघाहातुबुरु जेनरल अस्पताल में नया इन्फ्लूएंट ट्रिटमेंट प्लांट (ईटीपी) स्थापित किया गया. इस ईटीपी प्लांट का विधिवत उद्घाटन किरीबुरु के सीजीएम कमलेश राय ने किया. उद्घाटन के बाद प्लांट को चालू कर दिया गया. उल्लेखनीय है कि अस्पताल में ईटीपी मशीन नहीं होने की वजह से अस्पताल को जरूरी सीटीओ प्रमाण पत्र नहीं मिला था. बिना सीटीओ प्रमाण पत्र के किसी भी बडे.अस्पताल को संचालित नहीं किया जा सकता है. सीटीओ नहीं होने की वजह से झारखंड प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने सेल अस्पताल प्रबंधन पर सात लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था और 31 जुलाई 2023 तक सीटीओ लगाने का निर्देश दिया था. अस्पताल प्रबंधन ने निर्धारित समय पर यह प्लांट लगाकर ऑपरेशन प्रारम्भ कर दिया है. इसके साथ ही सीटीओ हासिल करने के लिये प्रदूषण नियंत्रण परिषद के पास आवेदन दे दिया है.

# अधिवक्ता संघ चुनाव में 19 लोगों ने किया नामांकन



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** अधिवक्ता संघ चुनाव के नामांकन के शुरूआती दिन 7 अगस्त को निवर्तमान अध्यक्ष प्रकाश सहाय समेत विभिन्न पदों के कुल 19 उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया. चुनाव समिति के सदस्य शंभू नाथ सहाय ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए प्रकाश सहाय, उपाध्यक्ष पद के लिए केशव कुमार दराद व बाल गोविंद साहू, महासचिव पद के लिए उमेश चंद्र त्रिवेदी, संयुक्त सचिव (प्रशासन) पद के लिए शिवेंद्र कुमार सिन्हा व दशरथ प्रसाद, संयुक्त सचिव (लाइब्रेरी) पद के लिए शुबोनिल सामंथा व सुनीता कुमारी, कोषाध्यक्ष पद के लिए धीरज कुमार सिन्हा व शिव कुमार गुप्ता ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया. वहीं कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए कुल 9 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया. इनमें चंदन सिन्हा, जयंत सिन्हा, दिनेश प्रसाद शर्मा, सदाकत हुसैन, भुवनेश्वर महथा, शशांक शेखर, विनोद यादव विनोद पासवान तथा बलराम राम शामिल हैं. सभी अपने समर्थकों के साथ चुनाव समिति के समक्ष पर्चा दाखिल किया. चुनाव समिति में शंभू नाथ सहाय के अलावा रामविलास सिंह, नियाज अहमद, प्रमोद कुमार सिंह, श्यामदेव राय, कुंदन सिंह, मोहम्मद सहबाज, राजीव कुमार सिन्हा, सूरज नयन तथा मुकेश कुमार शामिल हैं. विदित हो कि मंगलवार को नामांकन का आखरी दिन है. 9 को स्कूटनी व 10 को नाम वापसी के बाद 19 अगस्त को चुनाव संपन्न होगा.

## स्वतंत्रता दिवस पर प्रखंड में लगाए जाएंगे 750 पौधे : बीडीओ

**चाईबासा।** तांतनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी अनंत कुमार की अध्यक्षता में पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, जेएसपीएल के पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधियों के साथ प्रखंड सभागार में बैठक हुई. बैठक में बीडीओ ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को मनाने के लिए दिशा निर्देश दिये. उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश के तहत प्रखंड में एक दिन में 750 पौधे लगाए जाएंगे. प्रत्येक पंचायत में 75 पौधे लगाये जाएंगे. प्रखंड में 10 पंचायत हैं. बीडीओ ने पौधे लगाने के लिए सभी पंचायत की सरकारी परती जमीन को चिन्हित करने का रोजगार सेवक को निर्देश दिया.

# 'सच है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई नहीं होती'



नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** यह सच है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई नहीं होती. हालांकि यह कहने पर सरकारी स्कूलों के शिक्षक उलझ पड़ते हैं. लेकिन पूछने पर यह मानते हैं कि प्राइवेट स्कूलों में अच्छी पढ़ाई होती है. यह बात राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कही. वह यहां सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल में पासवा की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि यही वजह है जो भी व्यक्ति थोड़ भी सक्षम है वह अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाना चाहता है. प्राइवेट स्कूलों में बेहतर पढ़ाई, अनुशासन आदि वहां की खूबसूरती है. वहां के प्राचार्य, निदेशक और शिक्षक इसे बरकरार रखें. इससे पूर्व अपने संबोधन के क्रम में उन्होंने शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का भी मार्गदर्शन किया. इससे पूर्व डॉ उरांव, पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, जिलाध्यक्ष रमण झा समेत गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर समारोह की शुरूआत की. समारोह में डॉ उरांव समेत अन्य अतिथियों ने करीब तीन हजार बच्चों को सम्मानित किया.

### हर्ष का माहौल | 23वां राज्य स्तरीय सब-जूनियर और जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन

# गिरिडीह को मिले 8 स्वर्ण सहित कुल 24 पदक



नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** 23वें राज्य स्तरीय सब-जूनियर व जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गिरिडीह की टीम आठ स्वर्ण, बारह रजत व चार कास्य पदक अपने नाम करने में कामयाब रही. बता दें कि धनबाद के अपर्णा पब्लिक स्कूल में 4 से 6 अगस्त तक हुई इस प्रतियोगिता में गिरिडीह का जलवा रहा. जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में गिरिडीह की 28 सदस्यीय टीम गई थी. जिसमें 24 खिलाड़ी पदक जीतने में कामयाब रहे. इस टीम में 10 बालिका, 18 बालक व 2 कोच आकाश कुमार स्वर्णकार और रोहित राय के साथ खेलने गए थे. जिसमें सब-जूनियर में नव्या सिंह, तनिषा आर्य ने स्वर्ण पदक, अर्पित स्वर्णकार, अक्षत जैन ने सिल्वर, जबकि नव्या सिंह, विकास कुमार ने कास्य पदक जीता. जूनियर आयु वर्ग में कृतिका बर्मन स्वर्ण पदक, हर्ष कुमार सिंह ने रजत पदक और सौरभ कुमार और नयन भट्टाचार्य ने कांस्य पदक अपने नाम किया. फ्रेशर आयु वर्ग में पल्लवी कुमारी, पारस कुमार, काजल कुमारी, आरभ आर्या, वेदांश कुमार, आदित्य कुमार, श्लोक कुमार, अभिरल कुमार और आराध्या कुमारी रजत पदक जितने में कामयाब रही. वही पुमसे इवेंट में नयन भटचार्य ने रजत पदक जीता. इन खिलाड़ियों के इस उपलब्धि से पूरे गिरिडीह में हर्ष का माहौल है. महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया कि इस टीम में श्री गुरुनानक विद्यालय, मोंगिया स्कूल, सीसीएल डीएवी, बीएनएस डीएवी, कार्मेल इंग्लिश स्कूल और गिरिडीह और बनियाडीह क्लब के खिलाड़ी सम्लित थे. गिरिडीह जिला ताइक्वांडो संघ के संरक्षक निर्भय शाहाबादी, अध्यक्ष सुमिर कुमार शर्मा, डॉ विकास लाल, मनोहर वर्मा, आकाश स्वर्णकार, शशिकांत विश्वकर्मा, ज्योति कुमार, रोहित राय, पंकज कुमार, राजुकमार बर्मा, बिरजू बर्मा आदि ने सभी खिलाड़ियों और कोच को बधाई दी है.

## डीएमएफटी के तहत चल रहे विकास कार्य व संचालित विभिन्न योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

# गुणवता का रखें ध्यान, तय समय में पूरा करें काम : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में डीएमएफटी के तहत जिले में चल रहे विकास कार्य व संचालित योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद से सदर अस्पताल रामगढ़ सहित जिले के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि में रिक्तियों की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन को जिले में आयुष्मान मित्रों की रिक्तियों के विरुद्ध कर्मियों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया वही डीएमएफटी के तहत सदर अस्पताल रामगढ़ में मॉड्यूलर ओटी स्थापित करने हेतु उपायुक्त ने सिविल सर्जन को उपलब्ध संसाधनों का आकलन करते हुए जल्द से जल्द प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत संचालित एमटीसी वाहन की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सिविल सर्जन को एक और वाहन का संचालन शुरू कर कुपोषण उन्मूलन की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने दुलमी एवं चितरपुर प्रखंड के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने तथा दुलमी, चितरपुर एवं पतरातू प्रखंड में एमटीसी केंद्र खोलने हेतु प्रस्ताव तैयार करते हुए राज्य स्तर पर भेजने का निर्देश दिया। पतरातू प्रखंड मुख्यालय के समीप निमार्णाधीन 100 बेड के के प्रीफैबरीकेटेड अस्पताल की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पतरातू का संचालन नवनिर्मित अस्पताल में शुरू करने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के तहत संचालित गोट बैंक परियोजना एवं ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को संवेदक के साथ बैठक निर्धारित करते हुए परियोजना के तहत अब तक हुए कार्यों की विस्तृत प्रतिवेदन एवं परियोजना के सफल संचालन हेतु एजेंडा तैयार करते हुए बैठक में उपस्थित होने का निर्देश दिया। गोट बैंक परियोजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को एफपीओ पंजीकरण एवं परियोजना के संचालन हेतु खाता खोलने से संबंधित कार्य 15 अगस्त तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करते हुए 19 अगस्त को बैठक में उपस्थित होने का निर्देश दिया। ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने चिन्हित लाभुकों को उद्यान सहित विभिन्न विभागों व सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित करने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के तहत संचालित गारमेंट फैक्ट्री परियोजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला नियोजन पदाधिकारी को 15 अगस्त के उपरांत तिथि निर्धारित करते हुए परियोजना का उद्घाटन कराने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा कार्य विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यथा निमार्णाधीन पुलों, जलापूर्ति योजनाओं, आधारभूत संरचना आदि की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने एवं ससमय कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

## हजारीबाग के चार जदयू नेताओं को स्टेट टीम में मिली जगह

**हजारीबाग।** झारखंड राज्य जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश पदाधिकारियों की प्रथम सूची जारी कर दी गई है. इसमें हजारीबाग जदयू के चार नेताओं के नाम शामिल हैं. हजारीबाग जिले से कुमेश्वर महतो को प्रदेश उपाध्यक्ष, मुन्ना मल्लिक को प्रदेश महासचिव, मिथिलेश सिंह को प्रदेश सचिव और अर्जुन कुमार मेहता को प्रदेश सचिव बनाया गया है. इस अवसर पर हजारीबाग जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि इन चारों नेताओं की कार्य कुशलता को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने पद और प्रतिष्ठा दी है. इनके प्रदेश पदाधिकारी बनने से हजारीबाग जिला संगठन समेत पूरे झारखंड राज्य की जदयू टीम मजबूत होगी. जिले के पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्ष, महिला नेत्री आदि ने खुशी जाहिर करते हुए प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया है.

# पतरातू-भुरकुंडा मुख्य मार्ग को ग्रामीणों ने किया जाम

### हत्यारे को जल्द गिरफ्तार करने की मांग




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** बासल स्थित माही रेस्टोरेंट संचालक रोशन साहू को बीती देर शाम अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी. इसके विरोध में आज सोमवार को ग्रामीणों ने लबगा चौक में बेरीकेटिंग लगाकर भुरकुंडा-पतरातु मुख्य मार्ग को घंटों जाम कर दिया है. बीच सड़क पर टायर जलाकर कर लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी नाराजगी जाहिर की. ग्रामीण हत्यारे को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं. मुख्य मार्ग में किसी भी गाड़ी को आने जाने नहीं दिया जा रहा है. जिसके चलते वाहनों की लंबी कतार लग गयी है. ग्रामीणों ने कहा कि जिस तरह से अपराधी बेलगाम हो गये हैं . वे दिनदहाड़े हत्या जैसी वारदात को अंजाम देकर निकल जा रहे हैं. ऐसे में पुलिस की कार्यशैली पर कई तरह के सवाल उठने लगे हैं. विरोध-प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण रोशन साहू की हत्या में शामिल अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं. ग्रामीणों का यह भी कहना है कि अगर इस प्रकार की घटनाएं होगी तो लोग सुरक्षित कैसे रह पायेंगे. इधर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. साथ ही हर बिंदुओं की जांच कर रही है.

## मुखिया ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला में टाईगर ग्रुप कोनहरा कला के तत्वावधान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुखिया अब्बास अंसारी ने फीता काट कर किया। उद्घाटन मैच एएनसी क्लब खोराटांड और नन स्टाप टाईगर क्लब तमाई के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी शूटआउट में खोराटांड की टीम ने तमाई को पराजित किया। मौके पर मुखिया ने कहा खेल प्रतियोगिता से युवाओं में शारीरिक और मानसिक विकास का संचार होता है। उन्होंने कहा कि खेलकूद के माध्यम से युवाओं को अपना कैरियर बनाने में मदद मिलती है। समिति के सदस्यों के मुताबिक टूनार्मेंट में विभिन्न जिलों के बीस टीम प्रतियोगिता में भाग ले रही है। उद्घाटन के मौके पर पंसस प्रतिनिधि अर्जुन तूरी, जीवन यादव,रहमत अंसारी, मंसूर अंसारी, मुकेश यादव,कलाम अंसारी,मो शेरू अंसारी,सद्दाम अंसारी, फिरदौस आलम, राजेंद्र यादव, नौशाद आलम, गुलाम सरवर,मनीर अंसारी, रिजवान अंसारी,साबीर अंसारी, मकसूद आलम, मनोज कुमार यादव, महबूब अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# पांचवीं सोमवारी पर भक्तों ने महादेव का किया दुग्धाभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** सावन की पांचवीं सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ पर दुग्धाभिषेक किया. वहीं रिमझिम फुहारों के बीच श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की. शहर के बुढ़वा महादेव परिसर में हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने श्रद्धालुओं के बीच दूध, बेलपत्र आदि का वितरण किया. भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने आए श्रद्धालुओं ने बम बम भोले, ओम नमः शिवाय के जयकारे लगाए. शहर के जिला स्कूल, पुलिस लाइन, लाखे, बड़कागांव पहाड़ी बुढ़वा महादेव, रामनगर, शिवपुरी, शिवदयालनगर, ओकनी बड़ा व छोटा शिवमंदिर समेत जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन समेत सभी सदस्यों ने बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर शहरवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की मंगल कामना की. चंद्र प्रकाश जैन ने बताया कि भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से 21 अगस्त को कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी की ओर से संचालित हजारीबाग गोशाला परिसर में महारुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा. मौके पर यूथ विंग के सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, डॉ वी वेंकटेश, सनी देव, विकास तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे.

### झमाझम बारिश से खिल उठे किसानों के चेहरे

# खेतों में दिखा पानी, धान रोपनी शुरू



**रामकृष्ण पांडेय**

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र में विगत तीन दिनों से रुक रुक कर हुई बारिश से किसानों को थोड़ी राहत मिली है। सोमवार को दिन भर हुई फुहारों वाली बारिश से खेतों में पानी बढ़ गया तो किसानों ने हल बैल व ट्रैक्टर निकालकर खेतों की जुताई प्रारंभ कर दी।वहीं किसानों को खेती होने की उम्मीदें फिर से जगी है । जिन किसानों को उम्मीद थी कि पिछले बार के सूखे के बाद इस बार बारिश होगी, खेत में हरियाली होगी और फसल लहलहाएंगे, मानसून की बेरुखी के बाद सब हताश हो गए थे। विदित हो कि इलाके में अब तक धान की रोपाई और फसलों की बुवाई ठीक से नहीं हो पाई है। वहीं इस रुक-रुक कर हो रही बारिश से धानरोपनी की उम्मीद जगी है। बारिश की बेरुखी से किसान बेहाल थे। हालाकि बादल और धूप की लुक्काछिपी जारी है। क्षेत्र के किसानों ने महंगा धान का बीज खरीद कर खेतों में डालना प्रारंभ कर दिया है । कुछ किसान बिचड़े के बचाने की जद्दोजहद कर रहे हैं। किसानों ने कर्ज लेकर बिचड़ा डाला है। लेकिन अच्छी वर्षा नहीं होने के कारण क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति से किसान चिंतित हैं।

## शशि भूषण कुमार ने गोरहर थाना का पदभार संभाला



बरकट्ठा। बीते दिनों तत्कालीन गोरहर थाना प्रभारी मुकेश कुमार का तबादला किए जाने के बाद शशिभूषण कुमार को गोरहर थाना का प्रभारी बनाया गया है। रविवार को उन्होंने पदभार ग्रहण किया। तत्पश्चात पत्रकारों से बातचीत में कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, अपराध पर अंकुश लगाना तथा साइबरक्राइम को समाप्त करना हमारी प्राथमिकता होगी ।विदित हो कि पूर्व थाना प्रभारी मुकेश कुमार को जिला बल से जंगल वार फेयर नेतरहाट तबादला कर दिया गया ।

## विष्णुगढ़ में जेएमएम की पुरानी कमेटी भंग प्रखंड संयोजक मंडली गठित

**हजारीबाग।** जिले की तर्ज पर विष्णुगढ़ प्रखंड में भी जेएमएम की संयोजक मंडली का गठन कर दिया गया है. इसके साथ ही जेएमएम की पुरानी कमेटियों को भंग कर दिया गया है. प्रखंड की संयोजक मंडली में 24 कार्यकताओं को शामिल किया गया है. इनमें गौरव पटेल, कपिलदेव चौधरी, राम किशोर महतो, नसरुल्लाह खान, राजू श्रीवास्तव, बाबूचंद मांझी, महादेव मुर्मू, महताब हुसैन, पूरण महतो, मनौवर आलम, संजय प्रजापति, राणा इकबाल खान, शरीफ अंसारी, विनय कुमार दास, रोहित दास, सुरेश मांझी आदि शामिल हैं.

# आदर्श मध्य विद्यालय का यूनिट अनुपात हास्यास्पद

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** आदर्श मध्य विद्यालय बरही में आठ शिक्षक सरप्लस बताए जाने से शिक्षक दिग्भ्रमित हो गए है. प्रधानाध्यापिका इंदु कुमारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उनके विद्यालय में लगभग साढ़े पांच सौ विद्यार्थी नामांकित है. संख्या के आधार पर 35 बच्चो के हिसाब से लगभग 16 यूनिट होते है. इस आधार पर कुल 16 शिक्षकों की आवश्यकता है. जिसमें 9 सरकारी और 8 सहायक अध्यापक और एक प्रधानाध्यापक सहित कुल 18 शिक्षक वर्तमान में कार्यरत है. संख्या बल के आधार पर एक सरप्लस शिक्षक है, जबकि नामांकन जारी है. वही प्रधानाध्यापिका ने यह भी बताया कि उनके विद्यालय को दो विभिन्न श्रेणी प्राथमिक और अपर प्राथमिक श्रेणी में विभक्त किया गया है. अपर प्राथमिक श्रेणी जिसमे 6 से 8 तक के कक्षा आते है. इस श्रेणी के लिये उनके विद्यालय में मात्र तीन यूनिट है, जिसके लिए सिर्फ तीन शिक्षक ही स्वीकृत है. वर्तमान में इस श्रेणी के लिए सिर्फ एक शिक्षक पदस्थापित है, दो रिक्त है. वही प्राथमिक श्रेणी में करीब सवा सौ बच्चे है. जो यूनिट 4 यूनिट के बराबर है. इसके लिए 8 सरकारी और 8 सहायक अध्यापक कार्यरत है. यूनिट के हिसाब से 12 सरप्लस शिक्षक होना चाहिए, जबकि मात्र 8 सरप्लस बताए जा रहे है.

# ट्रांसफार्मर बदलने को लेकर ग्रामीणों ने एसडीओ और जेई से किया वार्ता



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के सलैया पंचायत अंतर्गत ग्राम बोनासिंघा में लगा एक सौ केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर पिछले एक माह से खराब है। जिसके कारण बोनासिंघा टोला में रहने वाले सैकड़ो लोगो को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही छात्र छात्राओं को पठन-पाठन में बिजली के अभाव में असुविधा हो रही है। स्थानीय ग्रामीण घनश्याम मंडल ने बताया कि इसकी सूचना बिजली विभाग के तमाम वरीय अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि को दिया गया। बावजुद इसके किसी ने इस ओर ध्यान नही दिया। उन्होने बताया की पहले तो बिजली विभाग के एसडीओ और जेई ने हर बार आश्वासन दिया की दो चार दिन में ट्रांसफार्मर बदल दिया जाएगा। लेकिन अब हम लोगो का फोन ही उठाना बंद कर दिये हैं। इस बाबत जिप सदस्य कुमकुम देवी ने बताया की ग्रामीणों से मिली सूचना के बाद विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया था। जिसके पश्चात अधिकारी ने जल्द ही समस्या का समाधान करने की बात कही थी, कहा कि ग्रामीणों से जानकारी मिली कि अधिकारी फोन नहीं उठा रहे हैं। कुमकुम देवी ने कहा कि ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए विभाग के अधिकारी से मिलकर पुनः मांग करूंगी।

## शिविर में दिव्यांग बच्चों को मिली ट्राई साइकिल



**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ प्रखंड संसाधन केंद्र में सोमवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया. इसका आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग की ओर से किया गया था. शिविर में तीन से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों की जांच की गई. जांचोपरांत 14 बच्चों के बीच ट्राई साइकिल तथा श्रवण यंत्र का वितरण किया गया. शिविर में 27 नए दिव्यांग बच्चों की पहचान की गई. इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगाड़ी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को विवेकानंद पेंशन के तहत राशि दी जाती है. अधिक से अधिक बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवा कर आवेदन करें और बच्चों को लाभान्वित करें. उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से कहा कि इसका बढ़-चढ़कर लाभ बच्चों को दिलाएं. शिविर में प्रखंड प्रमुख जैबुन निशा, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कुणाल कुमार, डॉ. स्वाति गिरी, डॉ. अभिषेक शर्मा, गुणाधर महतो, मुकेश कुमार, बबलू कुमार, शिक्षक, अभिभावक समेत जांच टीम के कई लोग शामिल थे.

**स्वागत**

### असफाक के परिजनों से मिलने पहुंचे एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष

# जरूरत हुई तो पार्टी जाएगी सुप्रीम कोर्ट : मो. शाकिर



- आवेदन पर नही हुई मामला दर्ज, यूडी केस की दी गई जानकारी
- परिजन पुलिस की कार्यप्रणाली पर जताया चिंता
- विस प्रभारी के नेतृत्व में कोनरा पंचायत भवन में हुआ स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** करीब बीस दिन बाद अभियुक्त असफाक मामले की तहकीकात करने एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष मो शाकिर और प्रदेश संगठन महासचिव मो समीर अली सोमवार को बरही पहुंचे. जिनका कोनरा पंचायत भवन में विस प्रभारी सूरज दास के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओ ने जोरदार स्वागत किया. उसके बाद सभी बीते 18 जुलाई को थाना हाजत में मरने वाले कोनरा निवासी आरोपी असफाक के माता पिता से मिलने उनके घर पहुंचे. घटना की पूरी जानकारी ली. मृतक की मां ने अपने पुत्र की मृत्यु का मुख्य कारण पुलिस और पब्लिक की पिटाई बताया. यह भी बताया कि पुलिस ने उसके पुत्र के मृत्यु के संबंध में हमेशा अलग अलग बयान दी है. घटना को आत्महत्या बता कर प्राथमिकी से इंकार किया गया. अब मामले को यूडी दर्ज किए जाने की जानकारी मिल रही है. परिजनों ने अपने पुत्र के लिए न्याय की गुहार लगाई. प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि वेलोग पार्टी सुप्रीमो ओवैसी के निदेर्शानुसार पीड़ित परिवार से मिलने आए है. मामले को पार्टी सुप्रीमो स्वयं देख रहे है. पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिया जायेगा. आवश्यकता हुई तो न्याय दिलाने के लिए पार्टी मामले को अपने खर्च पर सुप्रीम कोर्ट तक ले जाएगी. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष को नसीम उर्फ चांद, उपाध्यक्ष उमेश कुमार यादव, सचिव गुलाम कादिर, महासचिव रफीक अंसारी, जुनैद अंसारी, मेराज अंसारी, राजू, सराज अंसारी, मिन्हाज अंसारी आदि उपस्थित थे. मामले के संबंध में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने कुछ भी बताने से इंकार किया.

## मुखिया ने पीसीसी पथ का किया उदघाटन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेलकप्पी पंचायत मुखिया ललिता देवी ने सोमवार को पीसीसी पथ का उद्घाटन किया। मौके पर मुखिया ललिता देवी ने कहा, पथ अति जर्जर हो गया था। आवागमन हेतु ब्यावधान उत्पन्न ना हो इसलिए देवी मंडप से नागो राम के घर तक नवनिर्मित पथ का उद्घाटन किया गया।कहा कि पीसीसी पथ का निर्माण करीब 4लाख 6हजार 9सौ की लागत से की गई है। वही संवेदक को निर्धारित समय के अंदर सड़क निर्माण करने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी सह मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, सोहन राम, प्रदीप राम, अमर पांडेय, केदार राम, ईश्वर राम, मिथिलेश पांडेय, रंजीत पांडेय,भीम राम, बीरेंद्र यादव, गोलू, साजन एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विजेताओं को मिले पुरस्कार

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** कोडरमा जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सातवीं कोडरमा जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि दिलीप कुमार सिंह, एच ओ पी, पावर प्लांट के.टी.पी.एस, विशिष्ट अतिथि संगीता शर्मा संरक्षक ऑर्गेनाईजिंग कमिटी, डायरेक्टर मॉडर्न पब्लिक स्कूल, कृष्ण कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि,शैलेंद्र कुमार प्रिंसिपल, मॉडर्न पब्लिक स्कूल ओरगनाईजिंग चेयरमैन, प्रवीण कुमार बर्नवाल डायरेक्टर ळौं फ्श्र स्कूल, रश्मि वर्णवाल प्रिंसिपल आर.बी.एस स्कूल के अलावे अमित कुमार डेवलपमेंट ऑफिसर, एलआईसी आदि अतिथि मौजूद थे। दिलीप कुमार जी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पहले बच्चों को खेल के प्रति इतनी रुचि नहीं रहती थी और इतने कैरियर के विकल्प नहीं हुआ करते थे पहले अब बच्चों के पास डॉक्टर,इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस बनने का सपना होता था परंतु अब के खेल में भी कई विकल्प आए हैं जहां वह अपने आप को स्थापित कर सकते हैं। वही विशिष्ट अतिथि संगीता शर्मा ने छात्राओं को ताइक्वांडो सिखाओ बेटियों को निडर बनाओ को नारा बुलंद करते हुए सभी बच्चों की प्रतिभा को सराहा। विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार सिंह प्रिंसिपल डीएवी पब्लिक स्कूल ने अपने वक्तव्य में खिलाड़ियों को बताया कि वह खुद एक ब्लैक बेल्ट रह चुके हैं उनको पता है की मार्शल आर्टस के क्षेत्र में खिलाड़ियों को कितना परिश्रम करना पड़ता है। अतिथि अमित कुमार ने कार्यक्रम में बच्चों का हौसला देखते हुए उन्हें काफी उत्साहित क्या और कहा कि आप जिला से विश्व स्तर पर जाएं। डायरेक्टर प्रवीण कुमार बरनवाल ने कहा की भीड़ से बहुत कम बच्चे मार्शल आर्ट्स में आते हैं और यहां मार्शल आर्ट्स के बच्चों का भीड़ देखकर अपने आपको काफी गर्व महसूस कर रहा हूं। वही खिलाड़ियों का पुमसे ग्रुप में रनर का खिताब में कोडरमा थर्मल पावर के एकेडमी, और कौन से ग्रुप में विनर का किताब मॉडर्न पब्लिक स्कूल को प्राप्त हुआ। फाइट में विनर डिवाइन पब्लिक स्कूल, रनर मॉडर्न पब्लिक स्कूल एवं सेकंड रनर आर. पी. मोदी इंटरनेशनल हाई स्कूल को प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में राज्य से लगभग 15 रेफरी की भूमिका में आए थे वही पूरी प्रतियोगिता इलेक्ट्रॉनिक पावर स्कोरिंग सिस्टम के माध्यम से की गई । इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार उपाध्यक्ष आकाश चंद्रा सह सचिव प्रवीण जोशी, लव कुमार, प्रवीण कुमार, के अलावे मॉडर्न पब्लिक स्कूल परिवार की ओर से तनुश्री दत्ता, टीपू सिंह, प्रीति, तारा मैडम और पूरे विद्यालय परिवार की भूमिका रही।



# हाथी ने बच्चे को कुचलकर मारा डाला, पूर्व मंत्री पहुंचे घटनास्थल

## वन विभाग की लापरवाही से हाथियों का बढा आतंक झापा करेगी आंदोलन : एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा/बांसजोर।** जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है लेकिन वन विभाग कानों में तेल डालकर सो रही है जिसकी वजह से लगातार क्षेत्र में हाथियों का आतंक पड़ा है और इनके लापरवाही की वजह से लोगों की जान जा रही है जिसे देखने वाला कोई नहीं है उक्त बातें पूर्व मंत्री एनोस एक्का के द्वारा सोमवार को बांसजोर के उड़ते पंचायत के टेंगराटुकू गांव में जंगली हाथियों के हमले से हुए एक बच्चे की मौत मामले में घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों के बीच कहीं। उन्होंने कहा कि अगर वन विभाग सजग और सतर्क रहे तो इस क्षेत्र से हाथियों को भगाया जा सकता है लेकिन 3 सालों से इस क्षेत्र में हाथियों का आतंक दर्जनों लोगों को मौत के घाट उतार चुका है लेकिन बस वन विभाग अपनी फॉर्मेलिटी पूरा कर रहा है लेकिन झारखंड पार्टी चुप नहीं रहेगी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी और लोगों को हाथियों से निजात दिलाएगी क्योंकि क्षेत्र के लोगों की समस्या को झारखंड पार्टी अपनी समस्या समझती है। बताया गया कि बांसजोर के उरते पंचायत के टेंगराटुकू में जंगली हाथियों के द्वारा गांव के कुलन्ति जोजो नामक एक बच्ची को कुचल कर मार डाला। मामले की जानकारी मिलने के बाद पूर्व मंत्री एनोस एक्का घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ डीएफओ को घटनास्थल पर बुलाते हुए हाथियों को किस प्रकार से क्षेत्र से खदेड़ा जाए इसके लिए क्या कार्रवाई की जाएगी इस संदर्भ में बातचीत एवं तत्काल ?25000 मुआवजा दिलाने की मांग पर शव उठाने की जिद्द में अड़े रहे।इधर हाथी के द्वारा बच्ची को मारने की घटना के बाद वन विभाग की टीम पहुंची गांव।उप वन परिसर पदाधिकारी अविनाश बीसी ने पीड़ितों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया। उन्होंने कहा कि नियमानुसार मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि दी जाएगी। फिलहाल तत्काल सहायता के रूप में ?10000 की राशि मृतक बच्ची के पिता को दी गई है। जिसके बाद शव को सदर अस्पताल सिमडेगा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया वहीं वन विभाग द्वारा बताया गया कि बाकी की राशि सरकारी प्रक्रिया के तहत मृतिका के परिजनों को दे दी जाएगी। इस मौके पर झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का निकोलसन कौनगाड़ी अनिल कुल्लू आशीष सिंह, रवि बड़ाईक भोला दास एमन बोर्डिंग बसंत सुरीन,रसाल खलखो सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय सार्वजनिक शिव महापुराण कथा यज्ञ शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा आनंद भवन में आयोजित सार्वजनिक शिव महापुराण कथा यज्ञ के प्रथम दिन नारद मोह कथा में श्रवण श्रद्धालुओं ने किया। कथामृत की वर्षा करते हुए आचार्य श्री वासुदेव गौतम जी महाराज ने सत्य पर प्रकाश डाला। बताया कि सत्य क्या है? कहा कि संसार में सत्य है तो केवल एक परमात्मा और दूसरा कोई नहीं। जिस परमात्पा की इच्छानुसार दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों तापों का विनाश होता है, केवल वही सत्य है।प्रथम दिन की कथा के महात्म्य का वर्णन करते हुए आचार्य गौतम जी ने बताया कि किस प्रकार नारद जी ने भगवान से संसार के लोगों के लिए मुक्ति का उपाय पूछा कि कौन सा यत्न करने से संसार के लोगो को मुक्ति मिल सकती है तब भगवान ने बताया कि संसार में केवल भगवान की कथा ही है जो मानव को मुक्ति प्रदान कर सकती है। इस अवसर पर कथा व्यास ने श्रद्धालुओं को सामाजिक कुरीतियों से लड़ने के प्रति जागरूक करते हुए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संकल्प दिलाया। इससे पूर्व आयोजन स्थल में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बाहर से आए हुए आचार्य द्वारा सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया एवं भगवान शिव की पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात शहर के रामजानकी मंदिर परिषर से आयोजन समिति द्वारा शिव महापुराण को माथे पर रखकर शोभायात्रा के रूप में आयोजन स्थल पहुंचे इस दौरान शोभायात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए शोभायात्रा में शामिल जय जयकार इससे पूर्व राम जानकी मंदिर परिसर सेआयोजन समिति द्वारा बताया गया कि कथा प्रति दिन 3:30 से 6:30 तक होगी। इस दौरान भव्य नृत्य-नाटिका का आयोजन भी किया जाएगा।

## 9 अगस्त को धनबाद में महापड़ाव को लेकर सीटू ने किया आमसभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया ।** केन्द्र सरकार की मजदूर एवं जनविरोधी नीतियों के खिलाफ और कॉरपोरेट भारत छोड़ो के आह्वान के साथ अंग्रेजों भारत छोड़ो दिवस पर 10 केन्द्रीय मजदूर संगठनों व स्वतंत्र फेडरेशनों के देशव्यापी आह्वान पर 9 अगस्त को धनबाद में होने वाले मजदूरों का महापड़ाव की सफलता के लिए सीटू से सम्बद्ध झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन के बैनर तले सोमवार को प्रखंड परिसर स्थित तालाब पार्क में मजदूरों की विशाल आमसभा हुई और महापड़ाव में सैकड़ों की संख्या में भाग लेने का सर्वसम्मत फैसला लिया गया. सभा में मोदी हटाओ देश बचाओ, भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ, मजदूर विरोधी लेबर कोड वापस लो, महापड़ाव सफल करो आदि गगनचुंबी नारे लगाये जा रहे थे. इस अवसर पर पर शम्भु पासवान की अध्यक्षता में हुई सभा को संबोधित करते हुए सीटू नेता और झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन के राज्य संयुक्त सचिव प्रेम प्रकाश ने कहा कि मोदी सरकार की विफलताओं को जन जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है. अपनी विफलता को छुपाने के लिए यह सरकार हिन्दू-मुस्लिम, भारत - पाकिस्तान की अलगाववादी एजेंडे पर काम कर रही है.

# कोडरमा : सदर अस्पताल में स्तनपान समापन समारोह



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** सदर अस्पताल कोडरमा सभागार में विश्व स्तनपान दिवस पर स्तनपान समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त मेघा भारद्वाज शामिल हुईं। उपायुक्त मेघा भारद्वाज, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार व जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी ने कहा कि स्तनपान सप्ताह यानि 1 से 7 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। जिसमें आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा सप्ताह दिनों तक दौरान कर गांव-गांव में महिलाओं को जागरूक करती है ताकि सभी मां अपने बच्चों को स्तनपान कराने के प्रति जागरूकता हो सके। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को पौष्टिक आहार दिया जाता है जो कुपोषण और कई गंभीर बीमारियों से लड़ने में मदद पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविकाओं द्वारा प्रभात रैली निकालकर गांव-गांव में लोगों को जागरुक किया है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि विश्व स्तनपान दिवस एक अगस्त को शुरू हुआ था और आज समापन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी सेविका और सहायिका अपने-अपने क्षेत्र में जाकर महिलाओं को स्तनपान के फायदें के बारे में बतायें। उन्होंने सिविल सर्जन को समाज कल्याण पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए स्तनपान पर कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिये और कहा कि स्तनपान से जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि जागरूकता के अभाव के कारण ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं न तो अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखती है और न ही बच्चों का । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को जागरुक करना है ताकि वे नवजात शिशु का पालन पोषण सही तरीके से कर सके। उन्होंने कहा कि जन्म के 6 माह तक बच्चों को केवल मां का दूध पिलाएं।

## चंद्रवंशी विकास मंच की मासिक बैठक

**कोडरमा।** चंद्रवंशी विकास मंच की मासिक बैठक नगरखारा स्थित उमेश राम के आवास पर की गई। जहां मुख्य रूप से समाज में शैक्षणिक, धार्मिक विषय साथ साथ समाज के लोगों को जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में समाज में सदस्यता अभियान चलाने व हर मंगलवार को मंगला आरती में शामिल होने को लेकर निर्णय लिया गया। इस मौके पर रामेश्वर राम, जयप्रकाश राम, उमेश राम, प्रवीण चंद्रा, ओमप्रकाश राम, सीताराम भगत, वीरेंद्र राम, दीपक कुमार नवीन, रवि राम, महेश भारती, संतोष चंद्रवंशी, राजेन्द्र वर्मा, उपेंद्र वर्मा, दिवाकर भारती, सुरेंद्र भारती, मनोज राम, अरुण राम, विजय राम, मनोज चंद्रवंशी, दीपक कुमार, अनिल राम उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

**मरकच्चो।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत नवलशाही-निमाडीह ग्रामीण सड़क के बच्छेडीह गांव समीप से एक अवैध बालू ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ कर थाना परिसर में लाया।थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह थाना क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान एक ट्रैक्टर अवैध बालू लेकर निमाडीह केशो नदी की तरफ से आ रहा था, वही पुलिस की गाड़ी देख ट्रैक्टर चालक गाड़ी को पंचायत भवन के समीप खड़ा कर भाग निकला। थाना प्रभारी ने ट्रैक्टर को जप्त कर थाना परिसर ले आए।अग्रेषित कार्रवाई हेतु खनन विभाग को सूचना दे दिया गया है।

## फरार वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मरकच्चो।** नवलशाही थाना पुलिस ने सोमवार को समकालीन छापेमारी अभियान चलाकर कांड संख्या 104 /22 दिनांक 15/10/22 धारा 406/ 409/ 420 भादवी के प्राथमिकी अभियुक्त व वारंटी सविंदर सिंह पिता स्व.प्रताप सिंह साकिन मसमोहना थाना नवलशाही जिला कोडरमा निवासी को सोमवार को मसमोहना से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लेकर कोडरमा जेल भेजा ।बताया जा रहा उक्त अभियुक्त काफी दिनों से फरार चल रहा था।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक

**झुमरीतिलैया।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक सोमवार को जैन मंदिर गली में जिला अध्यक्ष अनूप जोशी की आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी व संचालन जिला उपाध्यक्ष पंकज दुबे ने किया। बैठक में पिछले कार्यों के बारे में समीक्षा की गई और समाज के जिला स्तर पर विस्तार के बारे में विचार विमर्श हुआ। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि समाज के लोगों के घरों में जाकर समाज के हित के लिए जुड़ने के लिए जागृति अभियान चलाया जाएगा। समाज के लोगों को एकजुट करने और समाज के उत्थान के लिए सभी को मिलकर सार्थक प्रयास करने की जरूरत है कि समाज के पिछले तबके का भी उत्थान हो।बैठक में संजय बनर्जी , चंद्रशेखर जोशी , पंकज दुबे,बरुण पाण्डेय, उपेन्द्र दुवे,विजय पाण्डेय, भारती जी,आदि उपस्थित हुए।

## ठेठईटांगर : बारिश की वजह से किसान का गिरा घर, प्रखंड प्रमुख ने लिया जायजा



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के सदर पंचायत के खरवागाड़ा डुमरटोली के बिपिन केरकेट्टा का घर रविवार रात समय करीब दस बाजे प्रकृति आपदा के कारण एक छोर का पुरा दीवार गिरा और घर का सारा अल्बेस्टर पूरी तरह से छतिग्रत हो गया । घटना की जानकारी प्रखंड प्रमुख पिबिन पंकज मिंज को दी गई जानकारी मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए खरवागाड़ा डूमरटोली पहुंचकर प्राभावित परिवार से मिलकर हर संभव मदद करने का अवशासन दिया प्रमुख बिपिन - ने कहा सरकार के द्वारा प्रकृति आपदा से प्रभावित परिवार को छातीपूर्ति का जो प्रावधान है उसे हर संभव प्रयास कर दिलाने का बात कहीं। साथी- साथ प्रकृति आपदा के बचाने के अनेकों उदाहरण देते हुए ग्रामीणों को सचेत रहना का आगरा किया। मौके अमृत चिराग तिर्की, वार्ड मेंबर पति संजय बेसरा, मनोज केरकेट्टा आदि मौजूद थे।

## एसपी ने किया मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन

**सिमडेगा।** एसपी सौरभ की अध्यक्षता में सोमवार को एसपी कार्यालय सभागार में मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन किया गया क्राइम गोष्ठी में मुख्य रूप से सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे मौके पर एसपी ने सभी थाना प्रभारियों से थाना बार पिछले महीने दिए गए टास्क के अनुरूप अब तक किए गए कार्यो की विस्तार पूर्वक जानकारी ली। एसपी ने पीपीटी के माध्यम से बारी-बारी समीक्षा करते हुए कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए उन्होंने अपराध नियंत्रण अनुसंधान नियंत्रण विधि व्यवस्था से संबंधित कई विषयों पर चर्चा करते हुए सभी थाना क्षेत्रों में अपराध को अंकुश लगाने के निर्देश दिए। एसपी ने सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान एलआरपी अभियान चलाने के निर्देश दिए इसके अलावा देसी शराब के विरुद्ध अभियान चलाते हुए इसे पूरी तरह से समाप्त करने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है इसीलिए सभी क्षेत्रों पर लगातार गश्त जारी रखें ताकि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर किसी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना ना हो। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ,पुलिस उपाधीक्षक ,सभी सर्किल इंस्पेक्टर, एवं सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## दो ग्रामीणों के घर को जंगली हाथियों ने उजाड़ा

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के नकटीकछार सरहासेमर एवं समसेरा गाँव में दो घरों को जंगली हाथियों ने उजाड़ा । प्रशासन ने प्रभावित परिवारों के बीच बांटा राशन सामग्री । इस मौके पर बताया गया कि बीती रात जंगली हाथियों के झुण्ड ने सरहासेमर एवं समसेरा गाँव में जंगली हाथी पहुंच गया । इस दौरान सरहासेमर के इसरानी जतरमा पति एनेम जतरमा एवं समसेरा के सुखमनी देवी पति प्रमोद राय के घर को उजाड़ दिया । प्रखण्ड प्रशासन द्वारा तत्काल राहत के लिए राशन सामग्री का प्रभावित परिवारों के बीच वितरण किया गया । इस मौके पर अंचल अधिकारी बलिराम माँझी, अंचल निरीक्षक अनिल टूटी एवं अन्य लोग मौजूद थे ।

## इवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने ई.वी.एम. वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने फायर अलार्म, पानी पाइप, सुरक्षा व्यवस्था आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया। साथ ही सीसीटीवी कैमरा से वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी से जिले में निर्वाचन के तहत संचालित मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023-24 अंतर्गत कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि जिले की टीम एवं बी.एल.ओ. द्वारा डोर टू डोर जाकर पन्ना वेरिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है। वेयर हाउस निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, अग्निशामक पदाधिकारी भगवान ओझा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह व अन्य उपस्थित थें।

## डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने जनता दरबार के माध्यम से आम-जन की समस्याओं से रूबरू हुए। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान लोगों ने जमीन संबंधित, एंबुलेंस की सेवा देने एवं स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराने, मत्स्य विभाग से बायोफ्लॉक पाउंड तलाब निर्माण का राशि भुगतान कराने, ऑनलाइन लगान रसीद कटवाने एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी प्राप्त शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को यथोचित कार्रवाई सुनिश्चित कर उसका निराकरण करने का निर्देश दिया।

**मौज-मस्ती**

## सावन उत्सव सह हरियाली तीज पर्व को लेकर सावन मिलन कार्यक्रम का आयोजन

# प्रेरणा शाखा की महिलाएं सतरंगी छटा बिखेरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** सावन उत्सव सह हरियाली तीज पर्व को ले प्रेरणा शाखा ने द सौरभ रेस्टोरेंट में सावन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रेरणा शाखा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक से बढ़कर एक सतरंगी छटा बिखेरी। मौके पर महिलाएं हरे और पीली साड़ियों में कार्यक्रम में चार चांद लगाती नजर आ रही थी। वहीं सेल्फी का दौर भी खूब चला। कार्यक्रम में सास- बहू , ननद - भाभी, जेठानी- देवरानी ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ शुरू हुई जिसे प्रियंका अग्रवाल ने प्रस्तुत किया। वही उषा शर्मा ने रंगीलो सावन सजीलो सावन आयो आयो आयो-- तीज त्योहार-----, नेहा बजाज ने मिश्री से मीठी बाता थारी---, नेहा जैन ने गज भर पानी ले चाली ---, खुशबू केडिया, आशा बजाज, प्रगति चौधरी, निशा संघई अनु संघई ने ग्रुप डांस प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को खूब झूमाया। मौके पर शाखा अध्यक्ष श्रेया केडिया ने कहा कि सावन महीना सबसे पवित्र माह होता है और इस माह में सभी भक्त शिव भक्ति और शिव आराधना में लीन रहते हैं। वर्षा ऋतु होने के कारण पृथ्वी पर हरियाली ही हरियाली देखने को मिलती है। सचिव सारिका लड्ढा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जहां राजस्थानी और कला संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम में इकट्ठा होकर मौज मस्ती का लुफ्त उठाते हैं। वही अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवाते हैं ।कार्यक्रम का मंच संचालन कार्यक्रम की परियोजना निदेशक प्रगति चौधरी एवं प्रियंका अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम के समापन के पूर्व सदस्यों के जन्मदिन एवं सावन मिलन को लेकर केक भी काटा गया।इस अवसर पर उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया, पूर्व अध्यक्ष प्रीति केडिया, मिनी हिसारिया, दीपा गुप्ता, निशा केडिया, पूनम सहल, ज्योति अग्रवाल, रश्मि केडिया, बबीता केडिया, श्वेता गुटगुटिया, प्रति गुटगुटिया, निशा संघई,आशा बजाज, तनवी चौधरी, रिचा खाटूवाला ,नीतू बगड़िया, रश्मि शर्मा, स्नेहा चौधरी, ममता बंसल, पिंकी मोदी, पिंकी खेतान, अनिता चौधरी, सुमन सराफ, पूनम तिबड़ेवाल, कविता चौधरी आदि उपस्थित थीं। प्रेरणा शाखा का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा है, और समाज सेवा के तहत समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना ही मुख्य उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को लेकर इस अगस्त माह में कई कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया ,सचिव सारिका लड्ढा ने बताया कि सभी सदस्यों के सहयोग एवं परियोजना निदेशक एवं शुभचिंतकों के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। इसमें 8 अगस्त को वृद्धा आश्रम में भोजन कराया जाएगा, 10 अगस्त को गौहार आहार कार्यक्रम, 14 अगस्त को गांधी स्कूल में सेनेटरी वेंडिंग मशीन उपलब्ध कराया जाएगा ,15 अगस्त को झंडोतोलन एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन और 27 को साइक्लोट्रॉन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



## झारखंड सरकार को लाखों का नुकसान

# उप्र से डीजल-पेट्रोल की हो रही है अवैध सप्लाई

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

खरौंधी, भवनाथपुर तथा केतार के दर्जनों डीजल तथा पेट्रोल व्यवसाई यूपी से अवैध रूप से डीजल तथा पेट्रोल लाकर बेचकर मोटी कमाई करते हैं। साथ ही झारखंड सरकार के लाखो रुपए का राजस्व का चूना लगाते है। जानकारी के अनुसार भवनाथपुर पेट्रोल पंप पर डीजल 97.31 रुपये लीटर तथा पेट्रोल 102.51 रुपये लीटर लोगों को मिलता है। वहीं यूपी के कोन के पेट्रोल पंप पर डीजल 91.30 रुपये लीटर तथा पेट्रोल 95.40 रुपये लीटर मिलता है। इसलिए अधिकांश डीजल तथा पेट्रोल व्यवसाई यूपी के कोन से डीजल तथा पेट्रोल लाकर सप्लाई करते हैं। ये व्यवसाई प्रतिदिन सुबह 4 बजे से लेकर 6 बजे के बीच यूपी के कोन क्षेत्र के पेट्रोल पंप से हजारों लीटर डीजल व पेट्रोल लाते हैं। पूरे दिन अपनी दुकान से बेचकर मोटी कमाई करते हैं। इसके लिए अधिकांश व्यवसाई की दुकान का निबंधन भी नहीं है। साथ ही ऐसा करने से इन्हें रोकने वाला भी कोई नहीं है। इसलिए इनके हौसले बुलंद है। सोमवार की सुबह दो ऑटो तथा एक पिकअप कोन



क्षेत्र से हजारों लीटर डीजल लेकर भवनाथपुर के झगराखाड जा रहा था। पूछने पर ऑटो के ड्राइवर ने बताया कोन में डीजल तथा पेट्रोल सस्ता मिलता है। इसलिए कोन से डीजल तथा पेट्रोल लेकर जाते हैं।

**क्या कहते हैं शिवपूजन फ्यूल्स के संचालक :** वहीं भवनाथपुर के शिवपूजन फ्यूल्स के संचालक अजय कुमार यादव ने बताया कि प्रशासन की मिलीभगत से ये व्यवसाई अवैध रूप से डीजल तथा पेट्रोल लाकर हमारे पोषक क्षेत्रों में बेच रहे हैं। इनकी दुकानों का निबंधन भी नहीं है, जिससे महीने का 35000 लीटर डीजल व 30000 लीटर पेट्रोल का नुकसान हो रहा है। इस पर अंकुश लगाने के लिए खरौंधी थाने में कई बार आवेदन दिए लेकिन इन्हें नही रोका गया, जिससे ये आसानी से डीजल पेट्रोल लाकर भवनाथपुर, केतार तथा खरौंधी में बेचते हैं।

**क्या कहते हैं आर्यन नमन ऑटोमोबाइल्स संचालक :** इस संबंध में पूछे जाने पर आर्यन नमन ऑटोमोबाइल्स के संचालक विवेक सिंह ने बताया कि मेरा महीने का 12000 लीटर पेट्रोल और 24000 लीटर डीजल का नुकसान हो रहा है। कई बार के पदाधिकारियों को सूचना दी लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं खरौंधी थाना प्रभारी अभय कुमार ने इस संबंध में कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है। अभी तक किसी पेट्रोल पंप वाले ने भी नहीं बताया है।

# पांचवीं सोमवारी पर निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

## समाज में बदलाव के लिए शिक्षा व सामंजस्य बहुत जरूरी : डॉ कुलदेव

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

डंडा प्रखंड के छपरदागा गांव के शिव मन्दिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा का आयोजन हुआ।

बतौर मुख्य अतिथि महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने सबसे पहले लोगों को सोमवारी और रक्षाबंधन की बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि पूजा-पाठ हमारे भारतीय संस्कृति की हिस्सा है और मानसिक रूप से हमें स्वच्छ रखता है, लेकिन डॉ चौधरी ने यह भी कहा कि समाज में बदलाव के लिए आस्था के साथ शिक्षा बहुत जरूरी है। साथ ही आपसी प्रेम भाव और सामंजस्य बनाने की जरूरत है। आपसी भेदभाव से समाज कमजोर होता है। जब एक व्यक्ति शिक्षित हो जाता है तो अपने परिवार व समाज को बदलने के लायक हो जाता है।



लेकिन वहीं एक व्यक्ति गलत रास्ते पर चलता है तो पूरे परिवार और समाज के लिए कलंक बन जाता है। लड़कियों को पढ़ाई करना प्राथमिकता में होना चाहिए। इसके बाद ही शादी विवाह के बारे में सोचना चाहिए। अगर उम्र से पहले शादी होती है तो शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर हो जाएगी। समाज से हम सभी को मिलकर बाल विवाह और दहेज प्रथा को मिटाने की जरूरत है ताकि बेटी समाज के लिए बोझ न बने। साथ ही शराब, तम्बाकू जैसी चीजों से सबसे ज्यादा स्वास्थ्य खराब हो रहा है जिससे बचने की जरूरत है। वहीं महर्षि वेदव्यास परिषद के गढ़वा जिला अध्यक्ष सह पूर्व रमना उप प्रमुख रविंद्र कुमार चौधरी ने संस्कार के बारे में लोगों को समझाया कि संस्कार किसी पाठ्य पुस्तक में नहीं बल्कि अपने परिवार और समाज से मिलती है। आज ऐसी परिस्थिति है कि बच्चे अपने अभिभावक से कोई सलाह नहीं लेना चाहते हैं और अपने मन से कुछ गलत कर जाते हैं जिसका परिणाम अच्छा नहीं होता। इसलिए किसी भी कार्य को करने से पहले अभिभावक एवं गुरुजनों से सलाह लेने की जरूरत है।

मौके पर छपरदागा मुखिया प्रतिनिधि यदु चौधरी, विकासशील इंसान पार्टी के जिला अध्यक्ष सरोज चौधरी, वीआईपी जिला सचिव सुनील कुमार चौधरी, डंडा के पूर्व उप प्रमुख विनेश्ववर चौधरी कृष्णा चौधरी, ज्ञानी चौधरी, मंदिर संरक्षक चन्देश्वर चौधरी, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार विश्वकर्मा, बिपीन चौधरी, राजदेव चौधरी, विजय चौधरी, बिंदु शर्मा, जितेन्द्र चौधरी, दीनानाथ चौधरी आदि श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित थे।

## स्वच्छ भारत अभियान में योगदान के लिये किया सम्मानित

**गढ़वा।** स्वच्छ भारत अभियान झारखंड प्रदेश के सहसंयोजक एवं पलामू प्रमंडल के प्रभारी रविंद्र नाथ उपाध्याय एवं पलामू जिला संयोजक शंभू शरण सिंह एवं गढ़वा जिला संयोजक मदन मोहन गुप्ता उर्फ टिंकू गुप्ता, सहसंयोजक जितेंद्र दीक्षित एवं दीपक चौहान की ओर से सोमवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय गढ़वा में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडे एवं जिला महामंत्री संतोष दुबे को अंग



वस्त्र एवं फलदार पौधे देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपाध्याय ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान में योगदान के लिये यह सम्मान दिया गया है। साथ ही पौधे लगाने का और सभी मठ, मंदिर, स्कूल की सफाई का संकल्प लिया गया। स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत पूरे जिले में पौधरोपण एवं मठ, मंदिर, स्कूल का सफाई अभियान निरंतर जारी रहेगा। मौके पर राजनाथ सिंह, संजय उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## खरौंधी प्रखंड में कार्यालय सहायक ने योगदान दिया



**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड कार्यालय में शनिवार को जिला स्थापना कार्यालय से स्थानांतरित होकर आये उच्च वर्गीय लिपिक संजय सक्सेना ने योगदान दिया। संजय सक्सेना प्रखंड कार्यालय में सहायक के रूप में कार्य करना शुरू कर दिया। साथ ही खरौंधी प्रखंड कार्यालय से नाजिर शैलेष कुमार को जिला स्थापना कार्यालय में योगदान देने के लिए बीडीओ गणेश महतो ने विरमित किया। उक्त जानकारी बीडीओ गणेश महतो ने दी।

# डॉ. दिनेश व डॉ. प्रियंका को दी गयी सम्मानपूर्वक विदायी

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह व डॉ. प्रियंका कुमारी का सामूहिक रूप से विदाई समारोह का आयोजन कर्मियों के द्वारा किया गया। इसमें दोनों चिकित्सकों को पुष्प गुच्छ व साल देकर समानित किया गया। इसके बाद डॉ. दिनेश सिंह ने प्रभारी का प्रभार डॉ रंजन दास को देते हुये कहा कि भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी बहुत ही मेहनती व कर्मठ हैं। साथ ही यहां की जनता लोंगो को अधिक सम्मान देती है जो मुझे भी यहां कार्य के दौरान मिला है। उसी तरह आप भी पूर्ण



ईमानदारी से स्वास्थकर्मियों के साथ यहां की जनता व मरीजों की सेवा करने का प्रयास करेंगे। बताते चलें कि डॉ दिनेश विगत पांच वर्षों से भवनाथपुर में सेवा देने का कार्य किया है। इस मौके पर डॉ नितेश भारती, डॉ जेपी ठाकुर, डॉ निशंक निश्र्म, डॉ अभिनीत विस्वास, प्रदीप पाठक अरुण लकड़ा, अनूप गुप्ता, सीपी रावत, धर्मराज पासवान आदि लोग मौजूद थे।

# 9 सितंबर तक चलेगा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान

**गढ़वा जिले में 9000 छात्रों को विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन से जोड़ा जाएगा**

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसको को संबोधित करते हुए अभाविप के जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ने बताया कि विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान 7 अगस्त से 9 सितंबर तक चलेगा। पूरे जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से गढ़वा जिले में 9000 नए छात्रों को विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन से जोड़ा जाएगा।

जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ने कहा कि पूरे 1 माह तक चलने वाले सदस्यता अभियान 4 चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण 7-14 अगस्त के बीच में 12वीं तक के विद्यार्थियों को सदस्यता ग्रहण कराई जाएगी। 16 से 19 अगस्त शिक्षक एवं 21-28 अगस्त तक महाविद्यालय स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। वहीं 6 सितंबर से 9 सितंबर के बीच इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग सहित अन्य शैक्षणिक संस्थान के विद्यार्थियों को सदस्यता दिलाई जाएगी। सदस्यता अभियान के निमित्त विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड इकाई प्रभारी बनाये गये हैं। इसमें गढ़वा नगर ईकाई सुगंध बघेल, गढ़वा ग्रामीण हरीओम तिवारी एवं निरजन चौबे, मेराल शुकुल कुमार, रमना अंकित गुप्ता, डडंई अगस्त रजक एवं इंद्रजीत, बंशीधर नगर शेखर गुप्ता, भवनाथपुर हिमांशु कुमार, रंका शशांक चौबे, डंडा शुभम तिवारी, रमकंडा लकी कुमार, चिनिया कुमार सुभेंद्र, खरौंधी विकास कुमार, बिशनपुरा अकाश कुमार, बरडीहा प्रिंस कुमार सिंह, कांडी लक्की कुमार, मझिआव मंजुल शुक्ला, भंडरिया श्रीकांत सोनी, धुरकी पंकज चौबे, बडगड राजा यादव को इकाई प्रभारी बनाया गया है। जिला सदस्यता प्रभारी हरिओम तिवारी ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष के उपरांत गढ़वा में बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसमें नए विद्यार्थियों को जोड़ा जायेगाा। मौके पर गढ़वा नगर सह मंत्री सुगंध बघेल उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### परिजनों की फटकार पर महिला ने खाया जहर

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के राजा घटहूंआ गांव निवासी पप्पू पासवान की पत्नी सुमन देवी (25) ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में सुमन की सास चिंता देवी ने आरोप लगाया कि सुमन का पति कमाने के लिए बाहर गया हुआ है। इस दौरान सुमन देवी अपने घर में गांव के किसी लड़के को बुलाकर अवैध संबंध बना रहा था। इसी दौरान उसके बेटे ने उसे देख लिया। इसके बाद घटना की सारी जानकारी उसे दी। इसके बाद चिंता देवी ने इस घटना की जानकारी मिलते ही घर में जाकर देखा तो सुमन देवी गांव के एक युवक के साथ आपत्तिजनक स्थिति में थी। इस बात को लेकर उसे डांट फटकार की गयी तो आक्रोशित होकर कीटनाशक खा लिया।

### पति से कहासुनी पर महिला ने खाया कीटनाशक

**गढ़वा।** रमना थाना क्षेत्र के बहियार कला गांव निवासी नूर मोहम्मद अंसारी की पत्नी शायदा बीवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच नोकझोंक हो गयी थी। इसी बात से आक्रोशित होकर शायदा बीवी ने कीटनाशक खा लिया।

### जंगली हाथियों ने 3 एकड़ फसल को रौंद डाला

**धुरकी।** प्रखंड के राज्यपाल नगर उर्फ छुछी गांव में छत्तीसगढ़ से आये 22 हाथियों के झुंड ने रविवार रात तीन एकड़ में लगी मकई तिल रहर की फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। इससे आसपास के गांवों के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार ऐनातुल अंसारी, सुदी गोड तथा सुराज गोंड के एक-एक एकड़ खेत में लगी रहर तिल मकई की फसल को नुकसान पहुंचाया है। वनपाल प्रमोद यादव ने प्रभावित लोगों से मिलकर सरकार के नियम के अनुसार मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया है तथा घर में महुवा नहीं रखने, बम पटाखा नहीं फोड़ने की सलाह देते हुए कहा है कि हाथी के झुंड में चार बच्चे सहित 22 हाथी शामिल हैं। हाथी घर में महुवा होने से सहज रूप से आकर्षित होते हैं तथा बम पटाका फोड़ने से नाराज हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि मिर्ची का पावडर हो तो आग मे डालकर जलाने से हाथी भाग सकते हैं। उन्होंने हाथियों के झुंड को कनहर नदी किनारे होने की बात कही है। संभावना जताई कि हाथी बहुत जल्दी छत्तीसगढ़ की ओर चले जायेंगे।

### मुखिया की अध्यक्षता में हुयी समीक्षा बैठक

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के नरही पंचायत सचिवालय में सोमवार को पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में विभागीय निर्देशानुसार समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। पंचायत सचिव बिरेंद्र सिंह ने बैठक के उद्देश्यों की जानकारी दी। इसके बाद पंचायत में चल रहे सभी विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में जनवितरण प्रणाली के दुकानदार, राजस्व कर्मचारी सहित अन्य के अनुपस्थित रहने पर मुखिया द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। बैठक में उप मुखिया शारदा पासवान, पंचायत समिति सदस्य चिंतामणि देवी, प्रधानाध्यापक अलीम अंसारी, निर्मल कुमार, अनूप विश्वकर्मा, नीलम पांडेय, बिनोद ठाकुर, ज्ञान प्रकाश, अरविंद कुमार ठाकुर, रोजगार सेवक ज्ञान रंजन चतुर्वेदी, जेएसएलपीएस के क्लस्टर कोआर्डिनेटर निधि भारती, सुनीता देवी, वार्ड सदस्य शर्मा राम, कुंदन कुमार, फूलमती देवी, रामकिशोर प्रसाद, खुशबू सोनी, किसान मित्र परशु राम, प्रज्ञा केंद्र संचालक मिथलेश कुमार ठाकुर, स्वास्थ्य सहिया रेणु देवी, रविकान्ति देवी, तारा देवी, सुनीता देवी, संध्या देवी, वीणा देवी, आंगनबाड़ी सेविका बबिता देवी, सुनीता देवी, एमन कौशर, तारा देवी, मधु सहाय, अंजू देवी, विद्यावती देवी, पूनम देवी, स्वयं सेवक सत्येंद्र कुमार, कृष्णा कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति हुआ घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-शाहपुर मार्ग पर रविवार की शाम पूरन चंद चौक के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति गढ़वा थाना क्षेत्र के टंडवा बिरहा मोहल्ला निवासी त्रिपुरारी सोनी के पुत्र रोहित कुमार सोनी को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रोहित किसी काम से गढ़वा की ओर गया था। वापस लौटने के दौरान उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### बिजली की चपेट में आने से महिला घायल

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के करके गांव निवासी उदय राम चंद्रवंशी की पत्नी कांति देवी बिजली करंट की चपेट में आने से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि कांति देवी घर के पास घास तो साफ कर रही थी। इसी दौरान बिजली के अर्थिंग में उसका हाथ संपर्क हो गया। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### कांग्रेस नेता के जन्मदिन पर पाठ्य सामग्री बांटी

**डंडाई।** कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह शायर इमरान प्रतापगढ़ी का सोमवार को धूमधाम के साथ जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर 20 सूत्री सदस्य सह कांग्रेसी नेता जफर इकबाल की ओर से प्रखंड के तसरार पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोला में बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस बीच जफर द्वारा विद्यालत के बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, कलम, किताब के अलावे टॉफी आदि का भी वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से 20सूत्री अध्यक्ष मो क्यामुदिन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह, 20सूत्री सदस्य शरीफ अंसारी, अंसार अहमद, रामचंद्र राम, प्रेम राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मिशन इंद्रधनुष 5.0 के प्रथम चरण का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत जिले में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता सदर अस्पताल से विधिवत रूप से किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष के बेहतर संचालन हेतु कुल 445 सेशन साइट बनाए गए हैं। इनके माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को छूटे हुए टीके लगाए जाएंगे। प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त, दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर व तीसरा चरण 9-14 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। टीकाकरण से पूर्व लाभार्थी का पंजीकरण एवं रिपोर्टिंग यू-विन



पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने संबोधित करते हुए मिशन इंद्रधनुष 5.0 के सफल संचालन एवं शत प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को हासिल करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया।

# सांस्कृतिक भवन का कराया जाएगा निर्माण : श्रम मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय परिसर में डीएमएफटी मद से सांस्कृतिक सह सभाकक्ष भवन का निर्माण कराया जाएगा ताकि विद्यालय में किसी प्रकार के कार्यक्रम करने में परेशानी का सामना ना करना पड़े। उक्त घोषणा झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सोमवार को प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए की। भोक्ता ने आगे कहा कि बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें सरकार छात्रवृत्ति के साथ-साथ कई सुविधा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसी हथियार है, जो मरते दम तक काम करता है।



साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों से बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का भी आह्वान किया। इसके पूर्व विद्यालय पहुंचने पर मंत्री का स्वागत करने के उपरांत विद्यालय परिवार की ओर से भागवत गीता देकर व शाल ओढ़ाकर सम्मान दिया गया। वहीं प्रतिभा सम्मान समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही प्रखंड मुख्यालय में विख्यात डांडिया गरबा नृत्य विशेष रूप से प्रस्तुत कर छात्र-छात्राओं ने सबको आकर्षित किया। छात्राओं द्वारा आदिवासी नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के पश्चात मैट्रिक, इंटर साइंस के साथ खेल व विज्ञान प्रदर्शनी में राज्य व जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह व संचालन शिक्षक राजीव कुमार दास एवं ब्यूटी कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर जिप अध्यक्ष ममता देवी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक, प्रमुख अनीता यादव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार पासवान, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत शिक्षक देवचरण दांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, समाजसेवी बालेश्वर यादव, थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव आदि शामिल थे।

**तैयारी**

## अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व कार्यपालक दंडाधिकारी ने ली बैठक

# स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड कार्यालय में सोमवार को स्वतंत्रता दिवस को लेकर सभी कार्यालय प्रधान तथा गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक बैठक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी व कार्यपालक दंडाधिकारी अजय तिर्की की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

बैठक में झंडोत्तोलन का समय तथा अनुमंडलीय मैदान में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर निर्णय लिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी के आवास पर प्रातः 9:05 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के आवास पर प्रातः 9:10 बजे तथा अनुमंडल कार्यालय पर प्रातः 9:15



बजे झंडोतोलन किया जायेगा। इसके बाद अन्य सभी सरकारी कार्यालयों पर झंडोत्तोलन होगा। अनुमंडलीय मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में सुबह 11:00 बजे झंडोत्तोलन होगा, जिसके पश्चात राष्ट्रगान तथा स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट होगा। इसके पश्चात विभिन्न सरकारी कार्यालयों द्वारा विभिन्न विषयों पर झांकी निकाली जायेगी। थाना नगर उंटारी द्वारा सड़क सुरक्षा पर, प्रखंड कार्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता पर, अंचल कार्यालय द्वारा आपदा प्रबंधन पर तथा बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना पर झांकी निकाली जायेगी। इसके साथ ही पुलिस विभाग द्वारा एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा पर लोगों को जागरूक किया जायेगा। मार्च पास्ट का अभ्यास 12 और 13 अगस्त को अनुमंडलीय मैदान में होगा जबकि स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सूची प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को 12 अगस्त तक कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, अंचलाधिकारी अरुण मुंडा, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, विधायक प्रतिनिधि शहरी क्षेत्र अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, अमर राम, गदाधर पांडेय, डॉ सिद्धनाथ प्रसाद, दिनेश कुमार शुक्ला, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिरेंद्र पांडेय, अनिल कुमार विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक शिवशंकर प्रसाद, शिवनारायण चौबे, ओमप्रकाश गुप्ता, नगर प्रबंधक रवि कुमार, शिक्षक कमलेश पांडेय सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का उद्घाटन



**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रियंका कुमारी ने बच्चे को ड्रॉप पिलाकर किया। प्रियंका ने बताया कि यह कार्यक्रम 7 अगस्त से 14 अगस्त तक केतार खरौंधी व भवनाथपुर प्रखंड में चलेगा। 362 बच्चों को चिन्हित कर टीका लगाया जाएगा। इसमें 20 एएनएम, एमपीडब्ल्यू, बीटीटी, सहिया साथी व सहिया को लगाया गया है। मौके पर डॉक्टर रंजन दास, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप पाठक, अनूप कुमार, अरुण लकड़ा, कमल सैनी, अनुज आदि उपस्थित थे।

ज्ञान की बात

**'अगर आपको बार बार असफलता मिल रही है तो निराश मत होना, क्योंकि महान वैज्ञानिक एडीसन सफल होने से पहले 10000 बार असफल हुए थे।' - अज्ञात**



## लोस चुनाव व झारखंड

***झारखंड*** में अगले साल लोकसभा के तुरंत बाद विधानसभा के भी चुनाव होने हैं। इसलिए सभी अपनी-अपनी जमीन पुख्ता करने में लगे हुए हैं। एनडीए में दो दल भाजपा और आजसू पार्टी हैं तो विपक्षी गठबंधन में झारखंड मुक्ति मोर्चा , कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) हैं। लगातार दो बार से लोकसभा चुनाव में एनडीए मजबूत बना हुआ है, लेकिन इस बार उसे पछाड़ने के लिए विपक्ष ने भी कम तैयारी नहीं की है। झारखंड में अभी गैर एनडीए यानी जेएमएम के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन की सरकार है। जेएमएम के सामने एक साथ दो चुनौतियां हैं। पहला, लोकसभा में एनडीए की सीटें कम करना और दूसरा विधानसभा में अपना वर्चस्व बचाए रखना। एनडीए के सामने भी यही दो चुनौतियां हैं। पहले की तरह लोकसभा की अधिकतर सीटों पर जीत हासिल करना और विधानसभा में खोया रुतबा हासिल करना। दोनों ओर से अपने-अपने मकसद में कामयाब होने के लिए जबरदस्त होड़ लगी है। जेएमएम की अगुआई वाले गठबंधन जेएमएम सरकार में कांग्रेस और आरजेडी भी शामिल हैं। जेएमएम के पास 30 विधायक हैं। आरजेडी का तो एक ही विधायक है, लेकिन कांग्रेस के 17 विधायक हैं। 82 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में कांग्रेस के पास कभी इतने विधायक नहीं रहे हैं। सरकार में भी कांग्रेस को वाजिब हिस्सेदारी मिली है। वित्त मंत्रालय जैसा महत्वपूर्ण विभाग कांग्रेस के ही पास है। सत्ता में रहने का लाभ कांग्रेस को हो सकता है। इसलिए कि उसके पास अब संसाधनों की कमी नहीं होनी चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस की छवि भी पहले से थोड़ी बेहतर हुई है। जहां तक जेएमएम की बात है तो सीएम हेमंत सोरेन ने कई ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर फैसले लिए हैं, जो न सिर्फ जेएमएम, बल्कि उसके सहयोगी दलों को भी लाभ दिला सकते हैं। हेमंत सोरेन सरकर ने 1932 के खतियान के आधार पर झारखंड की पुरानी मांग डोमिसाइल नीति का प्रस्ताव विधानसभा से पास करा कर आदिवासी समाज पर मनोवैज्ञानिक असर डाल दिया है। अगर विपक्ष जनता तक यह संदेश प्रचारित-प्रसारित करने में कामयाब रहा तो इसका लाभ उसे मिलना तय है। ओबीसी के आरक्षण की सीमा बढ़ाने का बिल भी हेमंत सरकार ने पास कराया, लेकिन राज्यपाल ने उसमें कमी इंगित करते हुए वापस कर दिया। इसका ठीकरा भी विपक्ष राज्यपाल पर ही फोड़ता है। हालांकि सभी जानते हैं कि ये दोनों कानून बने भी तो वे कोर्ट से खारिज हो जाएंगे। कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू कर हेमंत ने अपना नया वोट बैंक भी खड़ा कर लिया है। यानी उसके कोर वोटर बड़ी मुश्किल से विशेष परिस्थिति में ही इधर-उधर होते हैं। एनडीए डोमिसाइल-आरक्षण बिलों के बारे में यह सफाई देने की कोशिश करेगा कि सरकार जान-बूझ कर लोगों को गुमराह कर रही है। सरकार ने ऐसे विधेयक ही पास कराए, जिनमें कई तरह की कमियां हैं। सरकार की मंशा इन बिलों को कानून बनने देने की कभी रही ही नहीं। एनडीए के पास विपक्षी गठजोड़ को शिकस्त देने के लिए सबसे बड़ा हथियार हेमंत सोरेन के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के मामलों का उजागर होना है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जिस तरह मनरेगा घोटाला, जमीन घोटाला, खनन घोटाला और बिचौलिया कल्चर का पदार्फाश किया है, उसे एनडीए ने ठीक से भुनाया तो फायदा हो सकता है। ऐसे में एनडीए मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी में दिख रही है।

**पहले की तरह लोकसभा की अधिकतर सीटों पर जीत हासिल करना और विधानसभा में खोया रुतबा हासिल करना। दोनों ओर से अपने-अपने मकसद में कामयाब होने के लिए जबरदस्त होड़ लगी है। जेएमएम की अगुआई वाले गठबंधन जेएमएम सरकार में कांग्रेस और आरजेडी भी शामिल हैं।**

## वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकारें





ललित गर्ग

***विश्व*** वरिष्ठ नागरिक दिवस समाज एवं परिवार के निर्माण की दिशा में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किये गये प्रयासों को मान्यता देने के लिए मनाया जाने वाला एक प्रयोजनात्मक अवसर एवं उत्सव है। यह दिन उन तरीकों को खोजने के लिए भी मनाया जाता है कि कैसे समाज में बुजुर्ग लोगों की उपेक्षाओं एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता की त्रासदी से उन्हें मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित किया जाये ताकि वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है। संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन द्वारा प्रारंभ किये इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य संसार के बुजुर्ग लोगों को सम्मान देने के अलावा उनकी वर्तमान समस्याओं के बारे में जनमानस में जागरूकता बढ़ाना है। प्रश्न है कि दुनिया में वृद्ध दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। नये विश्व की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग है। परिवार के वृद्ध हमें कभी बोझ के रूप में दिखाई न दें, हमें यह कभी नहीं सोचना है कि इनकी उपस्थिति हमारी स्वतंत्रता को बांधित करती है। उन्हें पारिवारिक धारा में बांधकर रखा जाये। लेकिन हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्धों की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलानी होगी। सुधार की संभावना हर समय है। हम पारिवारिक जीवन में वृद्धों को सम्मान दें, इसके लिये सही दिशा में चले, सही सोचें, सही करें। इसके लिये आज विचारक्रांति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिक्रांति एवं परिवार-क्रांति की जरूरत है। हमारा भारत तो बुजुर्गों को भगवान के रूप में मानता है। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि माता-पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में वृद्ध माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। कटू सत्य है कि वृद्धावस्था जीवन का अनिवार्य सत्य है। जो आज युवा है, वह कल बूढ़ा भी होगा ही, लेकिन समस्या की शुरूआत तब होती है, जब युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों को उपेक्षा की निगाह से देखने लगती है और उन्हें अपने बुढ़ापे और अकेलेपन से लड़ने के लिए असहाय छोड़ देती है। आज वृद्धों को अकेलापन, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा, तिरस्कार, कटुक्तियां, घर से निकाले जाने का भय या एक छत की तलाश में इधर-उधर भटकने का गम हरदम सालता रहता। वृद्ध लोगों के लिये यह जरूरी है कि वे वार्धक्य को ओढ़े नहीं, बल्कि जीएं। वृद्ध समाज इतना कुंठित एवं उपेक्षित क्यों है, एक अहम प्रश्न है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उन्हें वृद्धों को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू करना चाहिए, ताकि वृद्धों की प्रतिभा, कौशल एवं अनुभवों का नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में समुचित उपयोग हो सके एवं आजादी के अमृतकाल को वास्तविक रूप में अमृतमय बना सके। अपने को समाज एवं परिवार में एक तरह से निष्प्रयोज्य समझे जाने के कारण वृद्ध सर्वाधिक दुःखी रहता है। वृद्ध समाज को इस दुःख और संत्रास से छुटकारा दिलाने के लिये सरकार के द्वारा ठोस प्रयास किये जाने की बहुत आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है। यह सच्चाई है कि एक पेड़ जितना ज्यादा बड़ा होता है, वह उतना ही अधिक झुका हुआ होता है यानि वह उतना ही विनम्र और दूसरों को फल देने वाला होता है, यही बात समाज के उस वर्ग के साथ भी लागू होती है, जिसे आज की तथाकथित युवा तथा उच्च शिक्षा प्राप्त पीढ़ी बूढ़ा कहकर वृद्धाश्रम में छोड़ देती है। वह लोग भूल जाते हैं कि अनुभव का कोई दूसरा विकल्प दुनिया में है ही नहीं। अनुभव के अखूट खजाने के सहारे ही दुनिया भर में बुजुर्ग लोगों ने अपनी अलग दुनिया बना रखी है। जिस घर को बनाने में एक इंसान अपनी पूरी जिंदगी लगा देता है, वृद्ध होने के बाद उसे उसी घर में एक तुच्छ वस्तु समझ लिया जाता है। बड़े बूढ़ों के साथ यह व्यवहार देखकर लगता है जैसे हमारे संस्कार ही मर गये हैं। बुजुर्गों के साथ होने वाले अन्याय के पीछे एक मुख्य वजह सामाजिक प्रतिष्ठा मानी जाती है। तथा कथित व्यक्तिवादी एवं सुविधावादी सोच ने समाज की संरचना को बदसूरत बना दिया है। सब जानते हैं कि आज हर इंसान समाज में खुद को बड़ा दिखाना चाहता है और दिखावे की आड़ में बुजुर्ग लोग उसे अपनी शान-शौकत एवं सुंदरता पर एक काला दाग दिखते हैं। आज बन रहा समाज का सच डरावना एवं संवेदनहीन है। आदमी जीवनमूल्यों को खोकर आखिर कब तक धैर्य रखेगा और क्यों रखेगा जब जीवन के आसपास सबकुछ बिखरता हो, खोता हो, मिटता हो और संवेदनाशून्य होता हो। डिजरायली का मार्मिक कथन है कि यौवन एक भूल है, पूर्ण मनुष्यत्व एक संघर्ष और वार्धक्य एक पश्चाताप। वृद्ध जीवन को पश्चाताप का पर्याय न बनने दे। संवेदनशून्य समाज में इन दिनों कई ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई हैं, जब संपत्ति मोह में वृद्धों की हत्या कर दी गई। ऐसे में स्वार्थ का यह नंगा खेल स्वयं अपनों से होता देखकर वृद्धजनों को किन मानसिक आघातों से गुजरना पड़ता होगा, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।

**वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग है।**

इन दिनों

### बोधि वृक्ष

## आइये सुने कथा चंद्रगुप्त मौर्य की

***बहन*** भी समझदार थी इसलिए उसने अपने बच्चे को किसी अच्छे घर के आस-पास छोड़ आने का निश्चय कर लिया ताकि उसका भली-भांति पालन-पोषण हो सके। यही सोचकर वह प्रसव के बाद अपनी ममता का बंधन तोड़कर नवजात पुत्र को उक्त अहीर के बाड़े में छोड़ने के लिए आयी थी। वह जानती थी कि यह अहीर दयालु है। इसलिए बच्चा अच्छी तरह यहीं पल सकेगा और आंखों के सामने भी रहेगा। यही बालक आगे चलकर चंद्रगुप्त मौर्य के नाम से भारत राष्ट्र के सम्राट पद पर बैठा और अपना ही नहीं देश का नक्शा भी बदल कर रख दिया। चंद्रगुप्त के पिता मौर्य वंशीय क्षत्रिय थे। जब वह गर्भ में था तभी वे एक लड़ाई में मारे गये। बचपन से ही बालक चंद्रगुप्त को विपत्तियां और कठिनाइयां देखनी पड़ी। जिस अहीर के पास मां ने अपने बेटे को छोड़ा था वह भी बड़ा लोभी निकला। चंद्रगुप्त जब बड़ा हो गया तो गांव में एक दिन कोई शिकारी आया। चंद्रगुप्त अपने घर के सामने ही खेल रहा था। दूध मिलता था खूब पीने के लिए और दिन भर खेलना-कूदना। बेफिक्री और अच्छे भोजन ने चंद्रगुप्त को परिपुष्ट शरीर प्रदान किया। शिकारी निःसंतान था इसलिए उसने निश्चय किया कि इस बच्चे को अपना बेटा बनाना चाहिए। शिकारी ने आस-पास के पड़ोसियों से चंद्रगुप्त के बारे में पूछताछ की तो पता चला कि यह बालक उस अहीर का अपना बेटा नहीं है और प्रयत्न किया जाय तो असंभव नहीं है कि वह उसे देने के लिए राजी हो जाये। शिकारी ने समझ-बूझ से अहीर के सामने इच्छा व्यक्त की। अहीर ने कह दिया कि चंद्रगुप्त पर किया गया अभी तक का खर्च कोई चुका दे तो वह उसे चुकाने वाले को सौंप देगा। शिकारी ने अहीर को काफी धन देकर चंद्रगुप्त को अपने साथ ले जाने के लिए तैयार कर लिया।

*(क्रमशः)*

## यह नये भारत का नया व भव्य रेलवे है



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***प्रधानमंत्री*** नरेन्द्र मोदी के न्यू इंडिया विजन में विकास और लोक कल्याण का समावेश है। भारत को विकसित बनाने का संकल्प है। संकल्प को सिद्ध करने की इच्छाशक्ति है। उनकी नौ वर्ष की यह यात्रा यही प्रमाणित करती है। दूसरी तरफ विपक्ष के गठबंधन ने शब्दों के जुगाड़ से अपने लिए इंडिया नाम गढ़ लिया है। लेकिन उनकी कल्पना के इस इंडिया में विकास की कोई बात नहीं होती। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित बनने की दिशा में अग्रसर है। इसकी कार्ययोजना पर कार्य प्रगति पर है। इस नये भारत का रेलवे भी नया है, क्योंकि रेलवे में विकास की दृष्टि से भी नौ साल बेमिसाल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भी कि भारत विकसित होने के लक्ष्य की तरफ कदम बढ़ा रहा है। इसमें रेलवे का विकास का शामिल है। भारतीय रेलवे के इतिहास में नया अध्याय जुड़ा। अमृत भारत रेलवे स्टेशन अभियान के अंतर्गत 1300 स्टेशन विकसित किये जायेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस परियोजना का शुभारंभ किया। इसमें से 508 अमृत भारत स्टेशनों के पुर्ननिर्माण का काम शुरू हो रहा है। इन अमृत भारत स्टेशन के नवनिर्माण पर करीब पच्चीस हजार करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। यह नया भारत है। सभी अमृत स्टेशन ग्रीन बिल्डिंग्स के मानकों को पूरा करेंगे। अगले करीब छह वर्षों में भारत की रेलवे नेट जीरो एमिशन पर चलेगी। इसके साथ विपक्ष का इंडिया विकास को मुद्दा क्यों नहीं बनाना चाहता, यह भी स्पष्ट हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने नौ वर्षों के दौरान रेलवे से सम्बन्धित कार्यों का उल्लेख किया। इतने मात्र से यूपीए सरकार बहुत पीछे छूट गई। नौ वर्षों के दौरान रेलवे में रिकॉर्ड धनराशि का निवेश किया गया। चालू वर्ष के लिए रेलवे को ढ़ाई लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट दिया गया है। ये बजट नौ वर्ष पहले की तुलना में पांच गुना ज्यादा है। रेलवे का समग्र विकास किया जा रहा है। लोकोमोटिव्स उत्पादन में भी नौ वर्ष के दौरान नौ गुना की वृद्धि हुई है। आज देश में पहले की अपेक्षा 13 गुना ज्यादा कोच बन रहे हैं। नौ वर्ष में सोलर पैनल से बिजली बनाने वाले रेलवे स्टेशनों की संख्या भी 1200 से ज्यादा हो गई है। सभी स्टेशन ग्रीन एनर्जी बनायेंगे। ट्रेनों के करीब सत्तर हजार कोच में एलईडी लाइट्स लगाई जा चुकी हैं। ट्रेनों में बायो टॉयलेट की संख्या नौ वर्ष पहले के मुकाबले अब 28 गुना ज्यादा हो गई है। इस सबसे विकास में पिछली सरकारों की विफलता का अनुमान लगाया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि पूर्ववर्तियों के भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण के चलते विकास और लोक कल्याण के कार्य उपेक्षित हुए। ऐसी सरकारें दायित्व का निर्वाह नहीं कर सकतीं। आज यही लोग नये भारत की विकास यात्रा में बाधा पैदा कर रहे हैं। विपक्ष का एक धड़ा आज भी पुराने ढर्रे पर चल रहा है। देश ने आज की और भविष्य की जरूरतों की चिंता करते हुए संसद की आधुनिक इमारत बनवाई। इस धड़े ने इसका भी विरोध किया। कर्तव्यपथ का विकास किया तो उसका भी विरोध किया गया। इन लोगों ने सत्तर साल तक वीर शहीदों के लिए वार मेमोरियल तक नहीं बनाया। हमने नेशनल वार मेमोरियल बनवाया, आलोचना करते वक्त इनको शर्म तक नहीं आई। सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेच्यू ऑफ यूनिटी आज दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ति है। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है। कुछ राजनीतिक दल चुनाव के समय तो सरदार साहब को याद कर लेते हैं। लेकिन, आज तक इनका एक भी बड़ा नेता इस भव्य प्रतिमा के दर्शन करने नहीं गया।


**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित बनने की दिशा में अग्रसर है। इसकी कार्ययोजना पर कार्य प्रगति पर है। इस नये भारत का रेलवे भी नया है, क्योंकि रेलवे में विकास की दृष्टि से भी नौ साल बेमिसाल हैं।**

रेलवे

### फोटो की दुनिया



### फेसबुक वॉल से




## किसे नामंजूर है यूनिफॉर्म सिविल कोड?



आर.के.सिन्हा

***आप*** देख ही रहे होंगे कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी 'समान नागरिक संहिता' को लागू करने की कोशिशें फिर से शुरू होते ही कठमुल्ला मुसलमान और कई तरह के राष्ट्रविरोधी और अलगाववादी तत्व लामबंद होने लगे हैं। वे कहने लगे हैं कि वे इस कानून को कतई स्वीकार नहीं करेंगे। इसके साथ ऐसे लोग भी इसका विरोध कर रहे हैं जो कुछ वर्षों से दलित-मुस्लिम एकता के बड़े पैरोकार होने का दावा करते हैं। अब उन्हें यह कौन बताये कि बाबा साहेब आम्बेडकर ने यूनिफॉर्म सिविल कोड को देश के लिये निहायत जरूरी बताया था। बाबा साहेब ने 23 नवंबर 1948 को संविधान सभा की बहस में यूनिफॉर्म सिविल कोड के हक में जोरदार भाषण दिया था। जो मुसलमान मुस्लिम पर्सनल लॉ के लिए मरने-मारने की बातें कर रहे हैं, उनसे पूछा जाना चाहिए कि उन्हें शरीयत कानून इतना ही प्रिय है तो वे बैंकों से मिलने वाले ब्याज को क्यों लेते हैं। इस्लाम में तो ब्याज लेने पर रोक है। शराब क्यों पीते हैं ? जाहिर है, वे इस सवाल को सुनते ही पतली गली से आगे निकल जाते हैं। यकीन मानिये कि अंधकार युग में जीने की हसरत रखने वाले इन वालों को यह भी सुनना पसंद नहीं है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड अमेरिका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्किये, इंडोनेशिया, सूडान, मिस्त्र, आयरलैंड आदि देशों में भी पहले से ही लागू हैं। यानी अमेरिका जैसा संसार का सबसे अहम देश यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू कर चुका है और अनेक इस्लामिक देश भी इसके प्रति निष्ठा रखते हैं। इन सभी देशों में सभी धर्मों के नागरिकों के लिए एक समान कानून है और किसी धर्म या समुदाय विशेष के लिए अलग कानून नहीं हैं। कुछ कठमुल्लों के अलावा यूनिफॉर्म सिविल कोड का कहीं कोई विरोध भी नहीं है। अपने को मुसलमानों का प्रवक्ता बताने वाले ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से कहा जा रहा है कि संविधान निर्माताओं ने मजहबी आजादी को बरकरार रखा था। लोकतांत्रिक देश में किसी पर एक कानून थोपना उसूलों के खिलाफ है। जैसे दक्षिण भारत में हिंदू धर्म को मानने वाले मामा-भांजी से शादी करते हैं । लेकिन, यह उत्तर भारत में नहीं होता है। ऐसे बहुत से मामले में है जिनमें इस कानून के तहत विरोध नजर आयेगा। ये बहुत लुंज-पुज तर्क है। एक बात नोटिस करें कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कभी वक्फ संपत्तियों में होने वली लूट पर कोई बयान नहीं देता। देश में वक्फ की संपत्तियों को दोनों हाथों से कब्जाया जा रहा है। पर मजाल है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कभी इसके खिलाफ बोले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड के मसले को कुछ समय पहले भोपाल में उठाया। तब ही से इस प्रश्न पर बहस छिड़ी हुई है। पर, ये मुद्दा कोई नया तो नहीं है। कई दशकों से इस पर बहस चल रही है। सुप्रीम कोर्ट भी कुछ मामलों में इसका जिक्र कर चुका है। जिनमें से सबसे पहला और बड़ा मामला इंदौर की बुजुर्ग महिला शाहबानो का है। जिसमें मुस्लिम पर्सनल लॉ को दरकिनार करते हुए हाई कोर्ट और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था। दरअसल मोदी सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए तीन तलाक को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा था कि इससे मुस्लिम महिलाओं को सबसे बड़ी राहत देने का काम हुआ है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि तीन तलाक के कानून बनने के बाद 95 प्रतिशत ऐसे मामले बंद हो गये। इसे यूनिफॉर्म सिविल कोड से जोड़कर देखा गया। तब कहा गया कि सरकार की तरफ से यूनिफॉर्म सिविल कोड की तरफ पहला कदम बढ़ा लिया गया है।

**जैसे दक्षिण भारत में हिंदू धर्म को मानने वाले मामा-भांजी से शादी करते हैं । लेकिन, यह उत्तर भारत में नहीं होता है। ऐसे बहुत से मामले में है जिनमें इस कानून के तहत विरोध नजर आयेगा।**

समान नागरिक संहिता

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## NEWS इन ब्रीफ

### दीवार गिरने से मलबे में दबकर भाई-बहन की मौत

**बरेली।** बरसात का पानी इन दिनों कच्चे मकानों, झोपड़ी में रहने वाले परिवारों के लिए मुसीबत बनी हुई है। सोमवार को बारिश के चलते पड़ोसी के घर की कच्ची दीवार गिरने से भाई-बहन की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हैं। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव खलपुर का रहने वाले तीस वर्षीय उमेश ने बताया कि रविवार की रात हुई बारिश की वजह से सोमवार की सुबह पड़ोसी राजवीर की कच्ची दीवार ढह गई। जिसमें उसके कच्चा मकानों की एक दीवार गिरने से मकान ढह गया और मकान में पत्नी सुमन समेत तीन बच्चे दब गए। चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग पहुंचे। उनकी मदद से सभी को मलवे से बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान डॉक्टर ने उनकी एक साल की मासूम बच्ची निशू और तीन वर्षीय विवेक को मृत घोषित कर दिया है। घायलों में उमेश उसकी पत्नी सुमन और चार साल का बेटा सौरभ का इलाज चल रहा है।

### वंदे भारत ट्रेन पर पथराव, आरपीएफ जांच में जुटी

**लखनऊ।** गोरखपुर से लखनऊ जा रही वंदे भारत ट्रेन पर चौथी बार पथराव हुआ है। इस मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।आरपीएफ इंस्पेक्टर एसके सिंह ने बताया कि ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर एक टीम गठित की गई है, जो पथराव करने वाले की तलाश कर रही है। टीम को गोरखपुर भेजा गया है।
उन्होंने बताया कि यह घटना रविवार सुबह करीब 10 बजे सफेदाबाद रेलवे स्टेशन की है। स्टेशन से गुजर रही वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेंका गया है। लखनऊ पहुंचने के बाद आरपीएफ एस्कॉर्ट टीम ने कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी। बताया कि कोच संख्या सी-2 की सीट संख्या तीन व चार के पास की खिड़की का शीशा टूटा हुआ है। सुरक्षा एवं परिचालन से जुड़े अधिकारियों को सूचित किया है। इस मामले में आरपीएफ ने अज्ञात लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम डॉ. मनीष थपलियाल ने बताया कि इस घटना की गहन तरीके से जांच की जा रही है, जो भी दोषी होगा नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। गौरतलब है कि अराजकतत्व लगातार वंदे भारत ट्रेन को निशाना बना रहे हैं। लखनऊ से गोरखपुर जाने वाली ट्रेन पर चौथी बार शरारती तत्वों ने पथराव किया है।

### दो भारतीय तस्करों को बीएसएफ ने पकड़ा

**दक्षिण दिनाजपुर।** जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल के रायगंज सेक्टर के अंतर्गत बीएसएफ की 137वीं बटालियन के बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) चकगोपाल के सतर्क सीमा जवानों ने दो भारतीय नागरिकों को पकड़ा है। पकड़े गए भारतीय नागरिकों के नाम नाजिमुल मोल्ला (35) और लतीफुर सरकार (31) है। सोमवार को बीएसएफ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी है। दोनों को ठाकुरपुरा बाजार के सामान्य क्षेत्र से उस समय पकड़ा जब वे दोनों एक मारुति ऑल्टो कार नंबर डब्ल्यूबी 62 क्यू 3272 द्वारा डांगरहाट से बालूपाड़ा तक गुप्त रूप से भारत से बांग्लादेश में तस्करी के उद्देश्य से जा रहा था। तलाशी के बाद बीएसएफ पार्टी ने 518 बोतल कफ सिरप बरामद किया। पकड़े गए दोनों भारतीय नागरिकों को जब्त सामान के साथ पतिराम थाने को सौंप दिया है।

सीएम नीतीश ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्या, अधिकारियों को दिया निर्देश

# मामलों का जल्द करें निष्पादन

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनता दरबार में सोमवार को राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 72 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। ''जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में सुपौल जिले से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी जमीन को फर्जी कागज के आधार पर दूसरे व्यक्ति ने बेच दी है। वहीं सुपौल जिले से ही आयी एक अन्य महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी निजी जमीन को कब्जा कर लिया गया है और दबंगों द्वारा मारपीट की जा रही है। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। भागलपुर जिले से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि जमाबंदी से मेरा नाम हटाकर किसी और का चढ़ा दिया गया है। इसकी शिकायत संबंधित विभाग को करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं



भागलपुर जिले से ही आए एक अन्य बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि 22 डिसीमल जमीन का मेरे पक्ष में फैसला आने के बाद भी भूमि पर कब्जा नहीं दिलाया जा रहा है। इस संदर्भ में हमने संबंधित अधिकारियों से गुहार लगायी लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मधेपुरा जिले से आये एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि अंचलाधिकारी द्वारा अनियमितता किए जाने से मेरी निजी जमीन का कब्जा मुझे नहीं मिल पा रहा है। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को जांचकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सीतामढ़ी जिले से आयी एक महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी निजी जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन मकान का निर्माण किया जा रहा है। वहीं सीतामढ़ी जिले से ही आए एक अन्य युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की जा रही है। शिकायत किए जाने के बाद भी संबंधित विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया । बेगूसराय जिले से आयी एक वृद्ध महिला ने कहा कि मेरी निजी जमीन को दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है और जान से मारने की भी धमकी दी जा रही है। जहानाबाद जिले से आये एक युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी निजी भूमि का अधिग्रहण किए जाने के बाद भी मुझे मुआवजे की राशि अब तक नहीं मिल पायी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग से उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया ।
कैमूर जिले से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि दलितों की भूमि को दबंगों द्वारा कब्जा कर उस पर तालाब, पोखर का निर्माण कराया जा रहा है। इस संबंध में शिकायत किए जाने के बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग से जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सीवान जिले से आए एक जेपी सेनानी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मैं 9 माह तक सीवान, छपरा और बक्सर जेल में जेपी आंदोलन के दौरान बंद था लेकिन अब तक जेपी सेनानी पेंशन नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया ।

## मंत्रिपरिषद बैठक : शैक्षणिक संस्थानों में मिलेगा 58 प्रतिशत आरक्षण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रिपरिषद की आपात बैठक में राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण देने का निर्णय लिया गया। इसके मुताबिक स्कूल कॉलेज में प्रवेश के लिए अब एससी, एसटी ओबीसी को 58 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। बैठक में तीन मंत्री टीएस सिंहदेव, कवासी लखमा और जयसिंह अग्रवाल वर्चुअल रूप से जुड़े। बैठक में नियम कानून की स्पष्टता की जानकारी देने महाधिवक्ता को भी आमंत्रित किया गया था। मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के शैक्षणिक संस्थाओं में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था के अन्तर्गत प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा राज्य शासन की ओर से दायर एसएलपी में पारित अंतरिम आदेश एक मई 2023 के अंतर्गत राज्य में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अनुसार नियुक्ति / चयन प्रक्रियाओं को जारी रखने हेतु अंतरिम राहत प्रदान की गई है।

# अभिषेक बनर्जी ने ईडी पर साधा निशाना

**एजेंसी। कोलकाता**

आंख की चिकित्सा के लिए अमेरिका के न्यूयॉर्क में मौजूद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने वहीं से सोशल मीडिया के जरिए केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि केंद्रीय एजेंसी में ऐसे अयोग्य अधिकारी है जो उनके नाम से फर्जी खबरें मीडिया में फैला रहे हैं। सोमवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा है, ''प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में अक्षम लोगों की मौजूदगी वाकई निराशाजनक है। अपने संरक्षकों को खुश करने के लिए मीडिया में नियमित रूप से मनगढ़ंत कहानियां फैलाने की उनमें अतुलनीय प्रतिभा है। लेकिन यह बहुत दुखद है कि वर्षों तक जांच के नाम पर करदाताओं का पैसा बर्बाद करने के बाद भी वे अदालत में उचित सबूत पेश नहीं कर पाते। वे देश की सेवा करने के लिए दिए गए कर्तव्य की भी उपेक्षा करते हैं। यह बात निस्तारित और दोषी साबित हुए मामलों के आंकड़ों से साबित होती है। परिणामस्वरूप, अब



हमें आश्चर्य नहीं होता कि ईडी की सजा दर केवल 0.5 प्रतिशत क्यों है, ऐसे दुर्भाग्यशाली लोगों के प्रति सहानुभूति जगती है।''
दरअसल पिछले हफ्ते ईडी की चार्जशिट की एक प्रति वायरल हुई थी जिसमें अभिषेक बनर्जी का नाम था। केंद्रीय एजेंसी ने दावा किया था कि कालीघाट वाले काकू अभिषेक बनर्जी का संदेश लेकर के नियुक्ति भ्रष्टाचार के मास्टरमाइंड में से एक प्राथमिक शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य के पास जाया करते थे। इसके बाद से इस बात के कयास लगाए जा रहे थे कि नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में अब ईडी सीधे तौर पर अभिषेक बनर्जी पर शिकंजा कसने की तैयारी में है।

# जनता के प्रति होनी चाहिए हम सबकी प्राथमिकता : सीएम योगी

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता के प्रति हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। सरकार जनहित के मुद्दे पर चर्चा कराने को तैयार है। हमें एक सार्थक चर्चा का विषय सदन को बनाना चाहिए। हम विपक्ष के सभी सवालों का जवाब देंगे। मुख्यमंत्री विधान सभा के मॉनसून सत्र से पूर्व सोमवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए उक्त बातें कहीं। योगी आदित्यनाथ ने मानसून सत्र में सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि जनता से जुड़ी क्षेत्र की समस्याओं को सदन में रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विकास कार्य हुए हैं। प्रदेश ने



विकास की नई ऊंचाईयों को छुआ है। अब उत्तर प्रदेश को पहचान का संकट नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अर्थव्यवस्था को दुगना करने में सफलता प्राप्त हुई। बीमारू राज्य की श्रेणी से उत्तर प्रदेश निकलकर देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी के साथ अग्रसर है। कुछ जगहों पर बाढ़ है, कहीं सूखा है। इस पर हम चर्चा के लिए तैयार हैं।इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने विधान भवन में डिजिटल गैलरी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

# उमंग सिंघार के आदिवासी सीएम बनाए जाने की मांग पर जवाब दें कमलनाथ: नरोत्तम मिश्रा

**एजेंसी। भोपाल**

पूर्व मंत्री और धार जिले के गंधवानी से कांग्रेस विधायक उमंग सिंगार ने विधानसभा चुनावों से ठीक पहले एक बार फिर आदिवासी मुख्यमंत्री का मुद्दा उठा दिया है। उमंग सिंगार की मांग पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस को घेरा है। उन्होंने कहा है कि कमलनाथ जी अपने नेता की बात का कुछ तो जवाब देना चाहिए।
गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने सोमवार को मीडिया से बाचतीत करते हुए कांग्रेस के सीनियर विधायक उमंग सिंघार के पुरानी आदिवासी मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा हम तो उमंग सिंघार के कायल है। वह जिस तरह से ताल ठोक कर अपनी बात करता



है वह गजब है। कांग्रेस ने सदैव जनजाति वर्ग की उपेक्षा की है। अब उमंग सिंगार की मांग पर कमलनाथ जी को जवाब देना चाहिए। मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कमलनाथ सरकार में मंत्री रहते हुए उमंग सिंघार जी ने ही चचाजान दिग्विजय सिंह जी को सबसे बड़ा भ्रष्ट और सबसे बड़ा माफिया बताया था। उन्होंने कहा था कि इस मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा माफिया दिग्विजय सिंह हैं। शराब माफिया, खनिज माफिया, मध्यप्रदेश का सबसे भ्रष्ट व्यक्ति कोई है तो दिग्विजय सिंह। अंचभा ये है कि आज तक सिंगार की बात का दिग्विजय सिंह ने खंडन नहीं किया। आदिवासियों का अपमान करने का काम कांग्रेस करती है। पुलिस कर्मियों के साप्ताहिक अवकाश पर कमलनाथ के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए गृहमंत्री मिश्रा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी के पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने की घोषणा के बाद आज से पुलिसकर्मियों को वीक ऑफ मिल रहा है। कमलनाथ जी को समझना चाहिए कि सरकार चलाने और मुंह चलाने में फर्क होता है। वहीं छिंदवाड़ा में कमलनाथ द्वारा रामकथा करवाये जाने पर उन्होंने कहा कि सुविधाभोगी हिंदू कमलनाथ जी को अब हिंदुओं की ताकत समझ आ गई है।

# भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा से जोड़ें : आनंदीबेन पटेल

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को कहा कि स्वयंसेवी संस्था 'उम्मीद' के साथ विश्वविद्यालय आपसी समन्वय स्थापित करे। साथ ही विश्वविद्यालय एवं अधीनस्थ महाविद्यालयों के चौराहों पर भिक्षावृत्ति के कार्य में संलिप्त बच्चों को चिन्हित कर उन्हें भिक्षावृत्ति से विमुक्त कर शिक्षा की ओर उन्मुख करें। राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल राजभवन में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय स्वयंसेवी संस्था 'उम्मीद' के



पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजभवन के इर्द-गिर्द भी यदि इस प्रकार के चौराहे हैं तो उन बच्चों में शिक्षा के प्रति रूचि पैदा कर उन्हें शिक्षित करने का सार्थक प्रयास करें। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों को अपनाकर ना सिर्फ उन्हें शिक्षा से जोड़ा जाए, बल्कि उस क्षेत्र को भिक्षामुक्त जोन बनाने का भी प्रयास होना चाहिए। इस कार्य को विश्वविद्यालय अपने बेस्ट प्रैक्टिसेज से जोड़ें।
उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए हमारे दिल में संवेदनशीलता और गरीबों के प्रति प्रेम होना चाहिए। हमें गरीबी मिटाने का प्रयास करना चाहिए। समाज के ऐसे बेघर लोग जिनका कोई घर नहीं है, उनके प्रवास की व्यवस्था करें।
राज्यपाल ने कहा कि भिक्षावृत्ति में संलग्न बच्चों व उनके माता-पिता में एक भरोसा उत्पन्न किया जाना चाहिए कि हम उनके हित में कार्य कर रहे हैं। उन्हें रुचिकर गतिविधियों यथा-विभिन्न जगहों पर भ्रमण कराते हुए ज्ञान अर्जन, के माध्यम से उनमें शिक्षा के प्रति रुचि पैदा करें। किसी के जीवन में सार्थक बदलाव लाने के लिए उनका उचित मार्गदर्शन जरूरी है।

# कांकेर: पांच लाख का इनामी नक्सली कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी। कांकेर**

जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत प्रतिबंधित नक्सली संगठन बरगढ़, बलांगीर, महासमुन्द डिवीजन अंतर्गत महासमुन्द पीपीसीएम पांच लाख का इनामी नक्सली कमांडर चंदन दर्रो उर्फ जीवन उर्फ सागर पिता स्व. लक्ष्मण दर्रो उम्र 39 वर्ष साकिन ग्राम आलपरस थाना कोयलीबेड़ा जिला कांकेर ने पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के समक्ष सोमवार को आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार पुर्नवास नीति से प्रभावित होकर नक्सली कमांडर चंदन दर्रो उर्फ



जीवन उर्फ सागर ने आत्मसमर्पण कर दिया है, नक्सली संगठन में वर्ष 2008 से सक्रिय था। कमांडर रैंक का होने के कारण इस पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पित नक्सली चंदन दर्रो उर्फ जीवन उर्फ सागर ने इस दौरान कई बड़े नक्सल वारदातों में भी शामिल रहा है। जिसमें जुलाई 2011 में बरगढ़ पहाड़ी में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में शामिल रहा। वर्ष 2012 में बरगढ़ पहाड़ी में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में शामिल रहा। जून 2012 में महासमुंद अंतर्गत ग्राम गुमर्दा में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में शामिल रहा, जिसमें नक्सली मोहन (डीव्हीसी) मैनपुर एरिया कमेटी कमाण्डर मारा गया। मई 2017 में बलांगीर अंतर्गत ग्राम बम्हनीदुआरा में मुठभेड़ की वारदात में शामिल रहा। बचपन से सीएनएम संगठन में कार्य कर रहा था। वर्ष 2008 में बाल संघम के रुप में भर्ती हुआ, वर्ष 2008-09 में 01 वर्ष रावघाट एलजीएस के रूप में कार्य किया।

**परेशानी** चार लाख नियोजित शिक्षकों की मांग को पूरा करना सरकार के लिए आसान नहीं

# बिहार में शिक्षकों के मुद्दों पर घिरी है सरकार !

**एजेंसी। पटना**

बिहार में करीब चार लाख नियोजित शिक्षकों की मांग को लेकर सत्तारूढ़ महागठबंधन के नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिल चुके हैं। सभी नेता सकारात्मक बात का दावा कर रहे हैं। लेकिन, शिक्षकों के मुद्दे को सुलझा पाना सरकार के लिए इतना आसान दिख नहीं रहा।
बिहार के नियोजित शिक्षक बिना किसी परीक्षा के राज्यकर्मी के दर्जा की मांग कर कई महीनों से आंदोलनरत हैं। पिछले दिनों प्रदर्शनकारी शिक्षकों पर लाठीचार्ज और विपक्ष के मिलते समर्थन के बाद सरकार को वार्ता का दरवाजा खोलना पड़ा। इस दौरान महागठबंधन में शामिल दलों का भी समर्थन मिला।



जानकार बताते हैं कि नियोजित शिक्षकों को अगर राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाता है तो सरकार को सरकारी शिक्षकों का वेतन भी देना होगा। उल्लेखनीय है कि सरकार ने इन शिक्षकों को बीपीएससी द्वारा आयोजित शिक्षक नियुक्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर सरकारी शिक्षक बनाने की बात की है, जबकि शिक्षक संघ बिना किसी परीक्षा दिए राज्यकर्मी का दर्जा दिए जाने की मांग कर रहे हैं। वैसे, माना जा रहा है कि अगर सरकार शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दे भी देती है, तो सरकार के लिए राह आसान नहीं है। दरअसल, नियोजित शिक्षक उतना ही काम करते हैं, जितना सरकारी शिक्षक भी करते हैं, लेकिन दोनों के वेतन में अंतर है। शिक्षक संघ समान काम के बदले समान वेतन की भी मांग कर रहे हैं। सरकारी शिक्षकों की जो नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है, उन्हें 44 हजार से 55 हजार के बीच वेतन मिलेगा, जबकि समान काम करने के बावजूद नियोजित शिक्षकों को 30 हजार से 45 हजार के बीच ही वेतन मिलेगा। भाजपा विधानमंडल दल के नेता विजय कुमार सिन्हा कहते हैं कि सरकार नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देते हुए उन्हें नियमित शिक्षकों के समान वेतन और सेवा शर्तें लागू करते हुए सीधा समायोजन करें। सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ महागठबंधन के नेताओं की बैठक के बाद विभिन्न दलों के नेताओं के बयान से यही लग रहा है कि सरकार नियोजित शिक्षकों के साथ फिर से छलावा करने जा रही है। बैठक में शिक्षक संघ के नेताओं को भी आमंत्रित नहीं किया गया। यदि सरकार गम्भीर है तो इन्हें सीधा समायोजित किया जाय और नियमित शिक्षकों के समान वेतन और सेवा शर्तों को लागू की जाए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि एक बार फिर विभागीय परीक्षा के आधार पर इन्हें राज्यकर्मी का दर्जा देने की सरकार की मंशा इन्हें अटकाने-भटकाने के लिए खेल का हिस्सा है।

### तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**गरियाबंद।** जिले के ग्राम नहरगांव में दो बच्चों के तालाब में डूबने से मौत हो गई है। पुलिस और ग्रामीणों के द्वारा बचाव कार्य कर तालाब से शव निकाला गया। सोमवार को बच्चों के शव का पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंप दिया है। दोनों बच्चों की उम्र लगभग 9 से 12 साल के बीच थी।
पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे रविवार सुबह से अपने घर से निकले थे और काफी समय तक जब दोनों बच्चे अपने अपने घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उन्हें ढूंढना शुरू किया। बच्चों के नहीं मिलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही रात में ही थाना प्रभारी राकेश मिश्रा की टीम मौके पर पहुंच खोजबीन करते हुए रात लगभग 11 बजे दोनों बच्चों का शव तालाब से निकाला और बच्चों के शव को अस्पताल लाया गया।

NEWS इन ब्रीफ

## डेनियल विटोरी बने सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी को आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। आईपीएल की फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद ने न्यूजीलैंड के दिग्गज क्रिकेटर डेनियल विटोरी को अपना मुख्य कोच बनाया है। सोमवार को एसआरएच ने यह आधिकारिक घोषणा की। उन्हें ब्रायन लारा की जगह ये जिम्मेदारी मिली है।

## 16वीं विश्व वुशू चैंपियनशिप के पदक और शुभंकर घोषित

**बीजिंग।** 'हंग युआनश्यांग 16वीं विश्व वुशु चैंपियनशिप' की 100 दिवसीय उलटी गिनती के अवसर पर 6 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय वुशु महासंघ ने आधिकारिक तौर पर प्रतियोगिता पदक और शुभंकर जारी किए। शुभंकर टेक्सास के स्थानिक स्तनधारी लॉन्गहॉर्न और नौ-बैंडेड आर्माडिलो हैं। अंतर्राष्ट्रीय वुशु महासंघ द्वारा आयोजित 16वीं विश्व वुशु चैंपियनशिप, वुशु जगत का सर्वोच्च स्तर का विश्व स्तरीय आयोजन है। यह 16 से 20 नवंबर तक अमेरिका के टेक्सास के फोर्ट वर्थ में आयोजित किया जाएगा। अनुमान है कि 80 से अधिक देशों और क्षेत्रों के लगभग एक हजार एथलीट भाग लेंगे। अंतर्राष्ट्रीय वुशु महासंघ के महासचिव चांग छ्य्वुफिंग ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वुशु महासंघ में अब तक 158 सदस्य संघ हैं।

# भगत-कदम ने 4 देशों के पैरा बैडमिंटन में जीता स्वर्ण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया की नंबर एक पुरूष युगल टीम प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने इंग्लैंड के शेफील्ड में चार देशों के पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में एसएल3-एसएल4 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भगत ने एकल एसएल3 वर्ग में भी रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 वर्ग में मनीषा रामदास के साथ रजत पदक जीता। कदम ने एकल एसएल4 वर्ग में कांस्य पदक जीता। भगत और कदम ने भारत के ही दीप रंजन बिसोयी और मनोज सरकार को 21 . 17, 21 . 17 से हराकर स्वर्ण हासिल किया। एकल में भगत इंग्लैंड के डेनियल बेथेल से हार गए। मिश्रित युगल में भगत और रामदास को इंडोनेशिया के हिकमत रमदानी और लीनी



रात्रि ने 21 . 17, 21 . 17 से हराया । भगत ने कहा, युगल के नतीजे से मैं खुश हूं लेकिन एकल और मिश्रित युगल से नहीं । इस साल बेथेल ने मुझे काफी चुनौती दी है और उसे हराने के लिये खेल में सुधार करना होगा। कदम को सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान ने 17 . 21, 21 . 15, 21 . 16 से हराया। अन्य भारतीयों में कृष्णा नागर ने एसएच6 वर्ग में स्वर्ण जीता जबकि मानसी जोशी और टी मुरूगेसन ने महिला युगल एसएल3-एसयू5 वर्ग में स्वर्ण हासिल किया। पारूल परमार और शांतिया विश्वनाथन ने भी इस वर्ग में पदक जीता। नित्याश्री ने महिलाओं के एसएच6 वर्ग में रजत पदक जीता जबकि पुरूषों के एसएल3-एसएल4 वर्गमें दीप रंजन और मनोज, चिराग बरेथा और राज कुमार विजयी रहे। रामदास ने महिलाओं के एसयू 5 वर्ग में कांस्य पदक जीता। कृष्णा नागर और नित्याश्री ने मिश्रित युगल एसएच6 वर्ग में कांस्य हासिल किया। प्रेम कुमार आले और तुर्की की एमिइन सेकिन ने मिश्रित युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 वर्ग में कांस्य पदक जीता।

# मिचेल को ऑस्ट्रेलिया का नया टी20 कप्तान नियुक्त किया गया

**एजेंसी। मेलबर्न**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए ऑलराउंडर मिचेल मार्श को ऑस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान घोषित किया गया है। मार्श को एरोन फिंच के उत्तराधिकारी के रुप में देखा जा रहा है, जिन्होंने कप्तान के रूप में 76 मैचों के सफल कार्यकाल के बाद इस साल की शुरूआत में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली का मानना है कि 31 वर्षीय मार्श पूर्णकालिक आधार पर यह पद संभालने में सक्षम हैं। आईसीसी की



आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, जॉर्ज बेली ने कहा, "मिच लंबे समय से सफेद गेंद के ढांचे में एक वरिष्ठ खिलाड़ी रहे हैं, इससे उनके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने नेतृत्व कौशल को बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

## दूसरे टी20 की हार के बाद निराश हार्दिक पांड्या, बोले

# हमारा बल्लेबाजी प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा

**एजेंसी। गुयाना**

भारत के कप्तान हार्दिक पांड्या ने दूसरे टी20 में वेस्ट इंडीज के हाथों मिली दो विकेट की करीबी हार के बाद खराब बल्लेबाजी की समस्या को स्वीकार किया। प्रोविडेंस स्टेडियम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत 20 ओवर में 152 रन ही बना सका। मेहमान टीम की ओर से तिलक वर्मा (41 गेंद, 51 रन) ने अर्द्धशतक जड़ा जबकि कोई अन्य बल्लेबाज प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सका। वेस्ट इंडीज ने 153 रन का लक्ष्य सात गेंद रहते हुए हासिल कर लिया। पांड्या ने मैच के बाद कहा, हमारा बल्लेबाजी प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। विकेट लगातार गिरते रहे और पिच भी धीमी



थी। हमने इतनी अच्छी बल्लेबाजी नहीं की कि 160 रन से ज्यादा बना सकें। पांड्या ने कहा, वह (तिलक वर्मा) जिस तरह बल्लेबाजी कर रहा है, उस पर हम ध्यान दे रहे हैं। नंबर चार पर एक बाएं हाथ के बल्लेबाज के होने से हमें दाएं और बाएं का संयोजन मिल जाता है। हमारे युवा खिलाड़ी आत्मविश्वास और निर्भयता के साथ आ रहे हैं।

भारत ने 152 रन का बचाव करते हुए पहले ओवर में वेस्ट इंडीज के दो विकेट गिरा भी दिये, लेकिन निकोलस पूरन ने 40 गेंद पर 67 रन की आतिशी पारी खेलकर वेस्ट इंडीज को जीत के करीब पहुंचा दिया। मेजबान टीम को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले कुछ झटके लगे लेकिन वह दो विकेट की जीत हासिल करने में सफल रही। पांड्या ने पूरन की बल्लेबाजी पर कहा, वह (पूरन) जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं उससे स्पिनरों को लगाना मुश्किल हो जाता है।

दो रन पर दो विकेट गिरने के बाद उन्होंने जिस तरह बल्लेबाजी की वह कमाल था। इस बीच, तिलक ने भी भारतीय टीम का स्कोर कम होने पर पांड्या की बात से सहमति जाहिर की, हालांकि उन्होंने धीमे विकेट पर बल्लेबाजों के प्रदर्शन की सराहना की। तिलक ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, विकेट धीमा था। हमने सोचा कि 150-160 एक अच्छा स्कोर होगा। हो सकता है कि हम 10 रन पीछे रह गये, लेकिन यह एक अच्छा प्रदर्शन था (हमारे बल्लेबाजों द्वारा)। उन्होंने कहा, पूरन ने जिस तरह बल्लेबाजी की उसके लिये उनको श्रेय जाता है। उन्होंने गेंदबाजों पर दबाव डाला। हम जानते थे कि अगर हम एक विकेट हासिल कर सकते हैं, तो हम मैच बचा सकते हैं क्योंकि विकेट धीमा था। ऐसा नहीं था बल्लेबाजी करना आसान है।

# भारतीय बैडमिंटन संघ ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए टीम की घोषणा की



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय बैडमिंटन संघ ने संयुक्त राज्य अमेरिका के स्पोकेन में होने वाली आगामी बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के लिए 16 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। 26 से 29 जुलाई तक नई दिल्ली में आयोजित एक खास परीक्षण प्रक्रिया के बाद टीम का चयन किया गया। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, ट्रायल बेहद प्रतिस्पर्धी था और जब से हमने ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए ट्रायल अनिवार्य किया है तब से हम कई नए चेहरे देख रहे हैं। हमें उन नामों पर बेहद गर्व है जिनका चयन किया गया है और हमें विश्वास है कि ये युवा शटलर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और देश को गौरवान्वित करेंगे। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 25 सितंबर को मिश्रित टीम चैंपियनशिप के साथ शुरू होगी और व्यक्तिगत स्पर्धा 2 अक्टूबर से शुरू होगी।

### भारतीय जूनियर बैडमिंटन स्क्वाड (टीम इवेंट)

**लड़कों का एकल:** आयुष शेट्टी, तुषार सुवीर, लोकेश रेड्डी, निकोलस नाथन राज
**लड़कियों का एकल:** उन्नति हुडा, तारा शाह, देविका सिहाग, श्रियांशी वलीशेट्टी
**लड़कों के युगल:** निकोलस नाथन राज/तुषार सुवीर, दिव्यम अरोड़ा/मयंक अरोड़ा
**लड़कियों के युगल:** राधिका शर्मा/तन्वी शर्मा, वेन्नाला के/श्रियांशी वलीशेट्टी
**मिश्रित युगल:** समरवीर/राधिका शर्मा, सात्विक रेड्डी के/वैष्णवी खडकेकर

भारतीय जूनियर बैडमिंटन टीम (व्यक्तिगत स्पर्धा)
**लड़कों का एकल:** आयुष शेट्टी, तुषार सुवीर, लोकेश रेड्डी
**लड़कियों का एकल:** उन्नति हुड्डा, तारा शाह, देविका सिहाग
**लड़कों के युगल:** निकोलस नाथन राज/तुषार सुवीर, दिव्यम अरोड़ा/मयंक अरोड़ा
**लड़कियों के युगल:** राधिका शर्मा/तन्वी शर्मा, वेन्नाला के/श्रियांशी वलीशेट्टी
**मिश्रित युगल:** समरवीर/राधिका शर्मा, सात्विक रेड्डी के/वैष्णवी खडकेकर

# रोहित शर्मा मेरे लिए एक सपोर्ट सिस्टम रहे हैं : तिलक वर्मा



**एजेंसी। गुयाना**

अपना पहला टी20 अर्धशतक जड़ने के बाद, तिलक वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय रोहित शर्मा को दिया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम इंडिया के लिए बेस्ट बल्लेबाज साबित हो रहे हैं। 20 साल के इस धाकड़ खिलाड़ी ने इस सीरीज में कैरेबियाई टीम के खिलाफ इंटरनेशनल डेब्यू किया है। बेशक टीम इंडिया को दोनों मैचों में हार मिली है, लेकिन तिलक ने अपनी जुझारू बल्लेबाजी से फैंस का दिल जीत लिया। पहले मैच में इस बल्लेबाज ने 39 रन बनाए, जबकि दूसरे मैच में 41 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 51 रन बनाए और टीम को एक सम्मानजनक टोटल तक पहुंचाया। मैच के बाद तिलक ने कहा, ३मैं रोहित भाई के साथ अधिक समय बिताता हूं। मेरे पहले आईपीएल में उन्होंने मुझसे कहा था कि तुम एक ऑल-फॉर्मेट क्रिकेटर हो। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। उनका मार्गदर्शन मेरे लिए अहम रहा है। रोहित भाई मेरे लिए एक बड़े सपोर्ट सिस्टम रहे हैं। मेरे लिए निर्णायक मोड़ आईपीएल रहा है। लीग में प्रदर्शन ने मुझे भारत के लिए खेलने में मदद की है। मैं इसे आगे भी जारी रखना चाहूंगा। तिलक ने अपना पहला टी-20 अर्धशतक पूरा करने के बाद अपना जश्न रोहित की बेटी समायरा को समर्पित किया। उन्होंने नन्ही समायरा के साथ अपने खास रिश्ते को व्यक्त किया और बताया कि कैसे उन्होंने उससे वादा किया था कि जब भी वह पहला शतक या अर्धशतक पूरा करेंगे तो अपना जश्न उन्हें समर्पित करेंगे।

## सैमसन के फ्लॉप शो को लेकर पार्थिव पटेल ने दी तीखी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने संजू सैमसन के लगातार खराब परफॉर्मेंस को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, जब भी उन्हें मौके मिले वो फ्लॉप रहे। उन्होंने कहा, संजू सैमसन। ये नाम भारतीय टीम के उस खिलाड़ी का है, जिसके बारे में हमेशा टीम में जगह नहीं मिलने के कारण काफी बातें होती हैं। लेकिन जब भी उन्हें मौका मिला वो उस मौके को भुनाने में सफल नहीं हुए। भारत के वेस्टइंडीज दौरे पर संजू सैमसन को टीम में जगह मिली। उनके पास एक बड़ा मौका था अपनी छाप छोड़ने का, लेकिन वो इसमें अब तक नाकाम रहे हैं। हालांकि वनडे में उन्होंने एक अर्धशतक जरुर बनाया। मगर टी20 सीरीज में उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा है, क्योंकि उन्होंने अब तक दो मैचों में महज 19 रन ही बनाए। भारत को रविवार को दूसरे टी20 मैच में दो विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता 2023

# हम एशियाई खेलों की तैयारी कर रहे हैं : हरमनप्रीत सिंह

**एजेंसी। चेन्नई**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में अपने राउंड-रॉबिन मुकाबले में मलेशिया को 5-0 से हराकर चल रही एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। जीत के बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि टीम एशियाई खेलों के लिए इस तरह तैयारी कर रही है। इससे पहले भारत ने शुक्रवार को जापान से 1-1 से ड्रा खेला था। उन्होंने घरेलू मैदान पर गुरुवार को चीन पर 7-2 की बड़ी जीत के साथ अभियान की शुरूआत की थी। भारत तीन मैचों में दो जीत और एक ड्रॉ के साथ कुल सात अंक लेकर शीर्ष स्थान पर है। मलेशिया तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ कुल छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।



मैच के बाद इंटरव्यू में हरमनप्रीत सिंह ने कहा, "अगर आप देखें तो हम एशियाई खेलों के लिए इस तरह तैयारी कर रहे हैं, एशियाई खेलों से पहले हमें अच्छे मैच मिल रहे हैं। यह हमारे साथ-साथ दूसरों के लिए भी अच्छा है। हमने इस टूर्नामेंट में जो सीखा, उस पर काम कर सकते हैं। एशियाई खेलों से पहले एशियाई देशों के खिलाफ खेलने का यह अच्छा मौका है।" उन्होंने कहा, "निश्चित रूप से मुझे लगता है कि हमारा पहला मैच भी अच्छा था क्योंकि हमने कई गोल किये थे। हम क्लीन शीट बरकरार रखने की उम्मीद कर रहे हैं। दूसरा मैच टीम के लिए कठिन था। उस दिन जापान ने वास्तव में अच्छा खेला। हमने अपने पिछले गेम से जो सीखा वह था अपनी रक्षा को मजबूत रखना और अपने सामने आने वाले अवसरों को भुनाना।" हरमनप्रीत सिंह ने कहा, "गर्व की अनुभूति होती है जब आप देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए जर्सी पहनते हैं। यह सबसे बड़ा सम्मान होता है। यह हमारे परिवार का सहारा है। सबसे बड़ी बात यह है कि मैं देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं।" उन्होंने कहा, "टीमें अच्छी हैं। यूरोपीय देशों के खिलाफ खेलने के बाद एशियाई देशों के खिलाफ खेलने में अचानक तालमेल बिठाने में समय लगता है।

# प्रो कबड्डी लीग ने सीजन 10 के लिए रिटेन्ड खिलाड़ियों का किया ऐलान

**एजेंसी। मुंबई**

प्रो कबड्डी लीग ने सोमवार को सीजन 10 के लिए 'एलीट रिटेन्ड प्लेयर्स', 'रिटेन्ड यंग प्लेयर्स' और 'मौजूदा नए युवा टैलेंट' की घोषणा की। प्रो कबड्डी लीग के 10वें सीजन के लिए टीमों की रिटेंशन लिस्ट का ऐलान हो गया है। एक मजबूत टीम बनाए रखने के साथ, प्रत्येक फ्रेंचाइजी ने कई दिग्गजों को आगामी सीजन के लिए रिटेन किया और सभी खिलाड़ी 10वें सीजन में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। 3 श्रेणियों में कुल 84 खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया। जिनमें से 22 एलीट रिटेन्ड प्लेयर्स (ईआरपी) श्रेणी से, 24 रिटेन्ड यंग प्लेयर्स (आरवाईपी) श्रेणी से और 38 मौजूदा न्यू यंग प्लेयर्स (ईएनवाईपी) श्रेणी से हैं। जिन खिलाड़ियों को रिटेन नहीं किया गया है, उनमें पवन सहरावत और विकास कंडोला जैसे स्टार खिलाड़ी शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों पर मुंबई में होने वाले ऑक्शन में फ्रेंचाइजी बोली लगाएंगी। अनुपम गोस्वामी ने कहा, सभी टीमों में रिटेन खिलाड़ियों के साथ, प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 पहले से ही एक शानदार प्रतियोगिता होने का वादा करता है। साथ ही आगामी ऑक्शन भी काफी दिलचस्प होने वाला है। टीमों द्वारा बनाए गए रिटने लिस्ट में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के बीच शानदार संतुलन है। पीकेएल के दिग्गज खिलाड़ी प्रदीप नरवाल को यूपी योद्धा ने रिटेन किया है, जबकि असलम मुस्तफा इनामदार को पुनेरी पलटन ने रिटेन किया है। इस बीच, सीजन 9 में सबसे कीमती खिलाड़ी पुरस्कार विजेता- अर्जुन देशवाल को जयपुर पिंक पैंथर्स ने बरकरार रखा है।

## टी-20 मैच | दो मैच हारने के बाद भारत के लिए करो या मरो का मुकाबला

# पूरन के बल्ले पर लगाना होगा अंकुश



**एजेंसी। प्रोविडेंस**

वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार तीसरी हार और श्रृंखला गंवाने से बचने के लिए भारतीय बल्लेबाजों को मंगलवार को तीसरे टी20 मैच में बेखौफ प्रदर्शन करना होगा। यहां की धीमी पिचें बल्लेबाजी के अनुकूल नहीं रही हैं लेकिन जैसा कि कप्तान हार्दिक पंड्या ने रविवार को कहा, भारत को 10 - 20 अतिरिक्त रन बनाने के तरीके तलाशने होंगे। भारत को आखिरी बार द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला में वेस्टइंडीज ने 2016 में हराया था। यहां पांच मैचों की श्रृंखला के शुरूआती दो मैच हारने के बाद भारत 0 - 2 से पीछे है। इस प्रारूप में बल्लेबाजों को पहली गेंद से ही आक्रामक खेलना पड़ता है लेकिन अभी तक भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज ईशान किशन, शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव ऐसा नहीं कर पाये हैं।

इससे संजू सैमसन और तिलक वर्मा जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर दबाव बना है। वर्मा ने हालांकि शानदार पदार्पण करके पिछले दोनों मैचों में उम्दा पारियां खेली। इस साल फोकस वनडे विश्व कप पर होने के बीच गिल, ईशान और सूर्यकुमार को 31 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप से पहले रन बनाने होंगे। हार्दिक ने रविवार को दो विकेट से मिली हार के बाद कहा, बल्लेबाजों को और जिम्मेदारी से खेलना होगा। भारत का बल्लेबाजी क्रम छठे नंबर तक ही है और सातवें नंबर पर हरफनमौला अक्षर पटेल उतर रहे हैं। फॉर्म में चल रहे स्पिनर कुलदीप यादव अंगूठे में सूजन के कारण रविवार को नहीं खेल सके और अभी यह देखना होगा कि वह कल फिट होते हैं या नहीं। गेंदबाजों खासकर स्पिनरों को निकोलस पूरन के बल्ले पर अंकुश लगाना होगा। पूरन ने युजवेंद्र चहल और रवि बिश्नोई का सहजता से सामना किया। पिछले मैच में अक्षर को गेंदबाजी का मौका नहीं दिया गया। हार्दिक और अर्शदीप को दूसरे मैच में स्विंग मिली थी और यही दोनों गेंदबाजी की शुरूआत करेंगे । दो महीने बाद खेल रहे चहल प्रभावी रहे लेकिन बिश्नोई कोई कमाल नहीं कर सके।

तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने काफी रन दिये जिनकी जगह आवेश खान या उमरान मलिक को उतारा जा सकता है। दूसरी ओर वेस्टइंडीज श्रृंखला जीतने से एक मैच की दूरी पर है। उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों की नाकामी की भरपाई पूरन ने बखूबी कर दी है । पूरन और शिमरोन हेटमायेर एक बार फिर भारतीय स्पिनरों पर दबाव बनाना चाहेंगे। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने कहा,हमने 2016 के बाद से भारत को टी20 श्रृंखला में नहीं हराया है और यह कमी इस बार पूरी करेंगे।

### टीमें इस प्रकार है

**भारत :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), ईशान किशन , शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, आवेश खान, मुकेश कुमार।

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), काइल मायर्स, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेस, शिमरोन हेटमायेर, जैसन होल्डर, शाइ होप, अकील हुसैन, अलजारी जोसेफ, ब्रेंडन किंग, ओबेद मैकॉय, निकोलस पूरन, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, ओशाने थॉमस।



## NEWS इन ब्रीफ

### वाहन कलपुर्जा उद्योग ने 2022-23 में किया रिकॉर्ड कारोबार

**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन कलपुर्जा उद्योग ने वित्त वर्ष 2022-23 में अबतक का सर्वाधिक कारोबार दर्ज किया है। मजबूत मांग के साथ ही उद्योग को चालू वित्त वर्ष में बिक्री में दो अंक की वृद्धि की उम्मीद है। वाहन कलपुर्जा विनिमार्ता संघ (एसीएमए) के अनुसार वाहन कलपुर्जा क्षेत्र ने पिछले वित्त वर्ष में 5.6 लाख करोड़ रुपए का कारोबार किया, जो 2021-22 में 4.2 लाख करोड़ रुपए के कारोबार से 33 प्रतिशत अधिक है। उद्योग निकाय ने बताया कि 2022-23 में निर्यात पांच प्रतिशत बढ़कर 1.61 लाख करोड़ रुपये हो गया।

### सेबी ने सहारा के निवेशकों को 138.07 करोड़ रुपये किए वापस

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 11 साल में सहारा की दो कंपनियों के निवेशकों को 138.07 करोड़ रुपये वापस किए हैं। इसके साथ ही विशेष रूप से खोले गए बैंक खातों में जमा की गई रकम बढ़कर 25 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा हो गई है। सेबी ने जारी अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। सेबी ने जारी वार्षिक रिपोर्ट में बताया कि उसे 31 मार्च, 2023 तक 53,687 खातों से जुड़े 19,650 आवेदन मिले हैं। इन आवेदन में 48,326 खातों से जुड़े 17,526 निवेशकों को 138.07 करोड़ रुपये की राशि वापस की गई है, जिसमें 67.98 करोड़ रुपये ब्याज है। बाकी आवेदन सहारा समूह की दो फर्मों, सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसआईआरईएल) और सहारा हाउसिंग इंवेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसएचआईसीएल) के डेटा में उनके रिकॉर्ड का पता नहीं लगाने के कारण बंद कर दिए गए थे।

## भारत बना दुनिया की तीसरी बड़ी इकॉनमी सेंटर

# अमेरिका को पछाड़ चीन पहले नंबर पर




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत 3,750 अरब डॉलर की जीडीपी के साथ इस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। पहले नंबर पर है अमेरिका, दूसरे पर चीन, तीसरे पर जापान और चौथा स्थान जर्मनी का है। लेकिन परचेजिंग पावर पैरिटी के हिसाब से देखें तो इस समय भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है। वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स के अनुसार इस लिस्ट में अमेरिका नहीं, बल्कि चीन दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी है। पर्चेजिंग पावर पैरिटी के मामले में चीन 30.3 लाख करोड़ डॉलर के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। वहीं, अमेरिका 25.4 लाख करोड़ डॉलर के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉमनी है। अब आप जानना चाहेंगे कि यह परचेजिंग पावर पैरिटी क्या होता है। परचेजिंग पावर पैरिटी से तुलना करने पर भारत 11.8 लाख करोड़ डॉलर के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है। भारत से आगे सिर्फ अमेरिका और चीन ही हैं। इस लिस्ट में जापान चौथे नंबर पर है। साथ ही रूस 5.32 ट्रिलियन डॉलर के साथ पांचवें स्थान पर आ गया है। जर्मनी इस लिस्ट में छठे स्थान पर है।

### क्या होती है परचेजिंग पावर पैरिटी

परचेजिंग पावर पैरिटी देशों के बीच इकॉनोमिक प्रोडक्टिविटी और स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग की तुलना करने के लिए एक पॉपुलर मैक्रोइकॉनमिक एनालिसिस मैट्रिक है। पीपीपी एक इकॉनमिक थ्योरी है, जो 'बास्केट ऑफ गुड्स' एप्रोच के जरिए विभिन्न देशों की करेंसीज के बीच तुलना करने में काम आती है। सरल भाषा में समझें तो पीपीपी वह थ्योरेटिकल एक्सचेंज रेट है, जिससे आप समान वस्तुओं और सेवाओं को किसी भी देश में खरीद सकते हैं। यह किसी देश की करेंसी की परचेजिंग पावर के बारे में बताती है। उदाहरण के लिए भारत में जो सामान 1000 रुपये में खरीदा जा सकता है, उस सामान के लिए अमेरिका में कितने डॉलर देने होंगे या किसी दूसरे देश में कितनी मुद्रा देनी होगी, यही परचेजिंग पावर पैरिटी है।

**परचेजिंग पावर पैरिटी से तुलना करने पर भारत 11.8 लाख करोड़ डॉलर के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है।**

### इंडोनेशिया 7वीं बड़ी इकॉनमी

परचेजिंग पावर पैरिटी के मामले में इंडोनेशिया सातवीं सबसे बड़ी इकॉनमी है। इस लिस्ट में फ्रांस नौवें, यूके दसवें, कनाडा 16वें और ऑस्ट्रेलिया 19वें स्थान पर है।

### सोने-चांदी की कीमतों में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** सप्ताह के पहले दिन (सोमवार को) सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। सोना करीब 0.15 फीसदी टूटकर कारोबार कर रहा है और चांदी में आधा फीसदी की गिरावट देखी जा रही है। दरअसल सोने और चांदी में ये गिरावट ग्लोबल डिमांड पर असर आने के कारण बनी है।

# एक साल में 80% महंगा हुआ मखाना और जैतून का तेल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पर महंगाई की मार लगातार पड़ रही है। खराब मौसम के कारण आए दिन दैनिक आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं। सब्जियां, दालें और मसालों के बाद अब स्वादिष्ट सुपरफूड्स की कीमतें भी बढ़ रही हैं। एक साल में जैतून के तेल और मखाने की कीमतों में 80% से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई हैं। आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोतरी हो सकती है। दुनिया के सबसे बड़े जैतून तेल उत्पादक तुर्की द्वारा इस सप्ताह लगाए गए निर्यात प्रतिबंध से वैश्विक स्तर पर जैतून तेल की कमी बढ़ गई है, जिससे कीमतें स्थिर रहेंगी। भारत में जैतून के तेल की खुदरा कीमतों में साल-दर-साल लगभग 70-80% की वृद्धि हुई है, जबकि पिछले दो महीनों में कीमतों में 20% की वृद्धि हुई है। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी अक्षय मोदी ने कहा, एक्स्ट्रा वर्जिन और एक्स्ट्रा लाइट श्रेणियों की कीमतें अगले दो महीनों में 40% तक बढ़ जाएंगी, जबकि पोमेस श्रेणी अभी स्थिर है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर प्रमुख ब्रांडों के एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल की एमआरपी 1000-1400 रुपए प्रति लीटर के बीच है। भारत हर साल लगभग 13,000 टन जैतून का तेल आयात करता है। वैश्विक जैतून तेल की कीमतें स्थिर रहेंगी क्योंकि तुर्की से आपूर्ति बंद हो गई है। मखाना, पूर्वी भारत का एक पारंपरिक भोजन है जो वॉटर लिली के बीजों को निकालकर बनाया जाता है।

जिसे गॉर्गन सीड्स कहा जाता है, जो कोविड के समय से देश भर में ग्राहकों के बीच एक लोकप्रिय स्नैक बन गया। फैक्ट्री गेट पर पिछले दो महीनों में मखाने की कीमतों में 70% का उछाल आया है क्योंकि अत्यधिक गर्मी के कारण मखाना की खेती के लिए इस्तेमाल होने वाले कृत्रिम तालाब सूख गए हैं।

**आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोतरी हो सकती है। इस सप्ताह लगाए गए निर्यात प्रतिबंध से जैतून तेल की कमी बढ़ गई है**

### पहली होरिजंटल भारतीय ई-कॉमर्स कंपनी बनी मीशो

रांची। मीशो ने लाभ की स्थिति में आने वाली भारत की पहली होरिजंटल ई-कॉमर्स कंपनी बनने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने की घोषणा की। इस उपलब्धि ने न केवल भारतीय ई-कॉमर्स के परिवेश में कंपनी की अग्रणी स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि यह मीशो के अभिनव बिजनेस मॉडल का एक मजबूत प्रमाण भी है । कंपनी ने कॉन्सोलिडेटेड पीएटी स्तर पर लाभ की स्थिति हासिल की है, जिसमें इसके सभी प्रभागों और श्रेणियों में ईएसओपी सहित सभी लागतें शामिल हैं। पिछले साल लाभ की ओर महत्वाकांक्षी पथ पर आगे बढ़ते हुए मीशो ने उद्योग की यह पहली उपलब्धि अपनी अपेक्षित समय सीमा, जुलाई 2023 से काफी पहले हासिल कर ली। पिछले 12 महीनों में मीशो ने काफी वृद्धि दर्ज की है, इसके ऑर्डर का वॉल्यूम 43 प्रतिशत बढ़ चुका है, और इसे एक बिलियन से ज्यादा ऑर्डर मिले हैं। सस्टेनेबल वृद्धि की ओर मीशो की प्रतिबद्धता इससे साफ हो जाती है कि हर श्रेणी अकेले आधार पर लाभ की स्थिति में है। इस सफलता को जारी रखते हुए पिछले 12 महीनों में ऑर्डर वॉल्यूम और मुद्रा दर में मजबूत वृद्धि के चलते राजस्व में 54 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हुई है। कस्टमर एक्विज़िशन कॉस्ट (सीएसी) और बाजार खर्चों में काफी कमी, यानि साल-दर-साल 80 प्रतिशत की कमी के बावजूद, मीशो भारत में सबसे ज्यादा डाउनलोड किए जाने वाले शॉपिंग ऐप्स में से एक बना हुआ है, जिससे कंपनी की ऑर्गेनिक शक्ति और मजबूत वर्ड-ऑफ - माउथ प्रदर्शित होते हैं। पिछले 12 महीनों 140 मिलियन से ज्यादा अद्वितीय विनिमय करने वाले यूजर्स को सेवाएं देते हुए भारत में ई-कॉमर्स के परिवेश में क्रांति लेकर आ रहा है।

### टमाटर ने बिगाड़ा रसोई का जायका

**नई दिल्ली।** टमाटर की कीमतों में लगी आग ने जायका के साथ-साथ रसोई का बजट भी पूरी तरह से बिगाड़ दिया है। टमाटर की लाली से एक महीने में वेज थाली 34 फीसदी महंगी हो गई है। क्रिसिल द्वारा सोमवार को जारी फूड प्लेट कॉस्ट के मासिक इंडिकेटर के अनुसार, भारत में वेज थाली की कीमत जून की तुलना में जुलाई में 34 फीसदी बढ़ गई। इसका 25 फीसदी कारण टमाटर की महंगाई को माना जा सकता है। जून में 33 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर जुलाई में टमाटर की कीमत 233 फीसदी बढ़कर 110 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। यह लगातार तीसरी बार है, जब वेज थाली की कीमतें क्रमिक रूप (मासिक आधार पर) से बढ़ी हैं। 2023-24 में, यह पहली बार है कि वेज थाली की कीमत सालाना आधार (ङ्क) पर बढ़ी है। नॉनवेज थाली की कीमत भी बढ़ी है। मासिक आधार पर नॉन वेज थाली 13 फीसदी महंगी हुई है।

## पेज एक के शेष

### सीएम ने किया ...

खातिर यहां के कई वीरों ने अपनी कुबार्नी दे दी तो अलग झारखंड राज्य के संघर्ष में भी हजारों हजार लोग वर्षों तक आंदोलन करते रहे। अब हमें अपने वीरो-शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बनाना है और इस दिशा में सरकार लगातार कदम बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ी शिक्षित हो। युवा पीढ़ी अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इसके लिए उन्हें विभिन्न योजनाओं के माध्यम से संबल देने का काम सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है, जो विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रहा है। उन्होंने कहा कि आप सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान रखें। आपकी पढ़ाई से लेकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों और मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज के लिए सरकार सारा खर्च देगी।

**जल्द ही किसानों के हित में ठोस निर्णय लिए जाएंगे :** हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछले वर्ष भी सुखाड़ की स्थिति पैदा हुई। इस वर्ष भी अपेक्षा के अनुरूप बारिश अब तक नहीं हुई है ऐसे में एक बार फिर सूखे की आशंका बन सकती है। ऐसे में राज्य में हो रही बारिश और फसलों की बुवाई का लगातार आकलन कर रहे हैं और जल्द ही किसानों के हित में ठोस निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर किसानों से कहा कि वे अपनी जमीन के कुछ हिस्से में फलदार पौधे लगाएं।

**युवाओं को व्यवसाय के लिए आर्थिक मदद की जा रही :** उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने बल पर 15 लाख से ज्यादा हरा राशन कार्ड धारियों को खुले बाजार से अनाज खरीद कर उनके बीच वितरित कर रही है। यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों और परित्यक्ताओं को पेंशन दे रही है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत युवाओं को व्यवसाय के लिए आर्थिक मदद की जा रही है। हड़िया-दारू बेचने वाली महिलाओं को फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत सम्मानजनक आजीविका से जोड़ा जा रहा है। सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लड़कियों को पढ़ाई के लिए सरकार राशि उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा भी कई ऐसी योजनाएं हैं जो समाज के विभिन्न वर्गों और तबकों के विकास को ध्यान में रखकर चलाई जा रही हैं।

**कई योजनाओं का हुआ शिलान्यास व उद्घाटन:** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 292 करोड़ 54 लाख 23 हजार रुपये की 62 योजनाओं की सौगात बोकारो जिला वासियों को दी। इसमें 18 करोड़ 14 लाख 33 हजार रुपये की 37 योजनाओं का उद्घाटन और 274 करोड़ 39 लाख 90 हजार रुपये की 25 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। वहीं, 11186 लाभुकों के बीच 116 करोड़ 90 लाख 66 हजार रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

### प्रफुल्ल मिले दिल्ली में ...

सफल आयोजन हुआ। सिंह ने बताया झारखंड में सरकारी समितियों को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक तरीके से युवा पीढ़ी का सहयोग लिया जा रहा है और आत्मनिर्भर झारखंड के निर्माण के हित में उत्पादन बढ़ाने और उचित बाजार बनाने पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

### झरिया में कोल बेड ...

खदानों से निकलने वाली मिथेन गैस को प्रधानमंत्री गंगा ऊर्जा पाइप लाइन से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि मिथेन के उत्पादन और विपणन से कंपनी के राजस्व में बढ़ोतरी तो होगी ही, ऊर्जा संबंधी चुनौतियों को पूरा करने में भी यह परियोजना बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। मिथेन के दोहन से खदानों में गैस का रिसाव और हादसे तो घटेंगे ही, इससे कंपनी के राजस्व में भी इजाफा होगा।

केंद्र सरकार ने झारखंड के मुनिडीह (झरिया) के अलावा गोमिया और नॉर्थ कर्णपुरा इलाके की कोयला खदानों से मिथेन गैस प्रोडक्शन की योजना को हरी झंडी दी है। मिथेन के व्यावसायिक उत्पादन के लिए केंद्र सरकार ने पहले फेज में छह राज्यों में कोल बेड मिथेन के साढ़े आठ हजार वर्ग किमी के क्षेत्रफल वाले 15 ब्लॉक की पहचान की है। इनमें से तीन ब्लॉक झारखंड में हैं। इनका क्षेत्रफल 503.11 वर्ग किमी है। 2023-24 तक सीबीएम (कोल बेड मिथेन) से 50 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस उत्पादन का लक्ष्य है। बता दें कि मिथेन प्राकृतिक गैस है। यह जमीन की गहराई में पाई जाती है। खासतौर पर यह कोयला खदानों में मिलती है। इसे कोल बेड मिथेन कहते हैं। झारखंड में धनबाद, रामगढ़ और बोकारो में 16 लाख घन मीटर मिथेन गैस के भंडार का पता लगाया गया है। इसके उत्पादन और दोहन के प्रोजेक्ट्स पर कोल इंडिया लिमिटेड के साथ-साथ ओएनजीसी भी काम कर रहा है।

### डाटा संरक्षण बिल...

वैयक्तिक डाटा की सुरक्षा से संबंधित है। उन्होंने कहा, डिजिटल इंडिया को दुनिया के कई देश अपनाना चाहते हैं। 90 करोड़ भारतीय इंटरनेट से जुड़ गए हैं। बिल पर पिछले कई वर्षों में संसद की स्थायी समिति सहित अन्य मंचों पर कई घंटों तक इस पर चर्चा हुई है। 48 संगठनों तथा 39 विभागों/मंत्रालयों ने इस पर चर्चा की और 24 हजार सुझाव प्राप्त हुए हैं।

### दिल्ली सेवा बिल...

ओर से बताया गया कि केंद्र को शक्ति हाथ में लेनी है। हमें शक्ति लेने की जरूरत नहीं क्योंकि 130 करोड़ की जनता ने हमें शक्ति दी हुई है। अमित शाह ने कहा कि कई बार केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तो दिल्ली में बीजेपी की सरकार थी, कई बार केंद्र में बीजेपी की सरकार थी तो दिल्ली में कांग्रेस की, उस समय ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर कभी झगड़ा नहीं हुआ। उस समय इसी व्यवस्था से निर्णय होते थे और किसी मुख्यमंत्री को दिक्कत नहीं हुई।

**विपक्षी सांसदों ने किया विरोध :** सदन में चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि बीजेपी का दृष्टिकोण किसी भी तरह से नियंत्रण करने का है। ये बिल पूरी तरह से असंवैधानिक है, ये मौलिक रूप से अलोकतांत्रिक है और ये दिल्ली के लोगों की क्षेत्रीय आवाज और आकांक्षाओं पर एक प्रत्यक्ष हमला है। ये विधानसभा-आधारित लोकतंत्र के सभी मॉडलों का उल्लंघन करता है। जो इस बिल का का साथ दे रहे हैं, कल ऐसा ही प्रयोग आपके राज्य में भी हो सकता है।

**आप सांसद ने क्या कहा :** आप सांसद राघव चड्ढा ने बिल का विरोध करते हुए कवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता सुनाई और कहा कि जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है। आज से पहले शायद ही कभी असंवैधानिक, गैर कानूनी कागज का टुकड़ा बिल के माध्यम से सदन में लाया गया होगा। आज बीजेपी ने अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी जी की दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाने की 40 साल की मेहनत को मिट्टी में मिला दिया है।

**पूर्व सीजेआई ने किया बिल का समर्थन :** सांसद और पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई ने बिल का समर्थन करते हुए कहा कि मेरे लिए बिल सही है। किसी के लिए गलत हो सकता है। ये कहना गलत कि ये मामला कोर्ट में लंबित है और इस पर सदन में बिल नहीं आ सकता।

**महिला सांसदों ने किया वॉकआउट :** रंजन गोगोई के भाषण का विरोध करते हुए चार महिला सांसद राज्यसभा से वॉकआउट कर बाहर चली गई थीं। इनमें सपा सासंद जया बच्चन, शिवसेना (यूबीटी) की प्रियंका चतुर्वेदी, एनसीपी की वंदना चव्हाण और टीएमसी की सुष्मिता देव शामिल रहीं। गोगेई को अपने कार्यकाल के दौरान यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना करना पड़ा था।

वहीं बीजेपी सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 105 पन्नों के फैसले में कहीं भी दिल्ली पर कानून पारित करने के खिलाफ कुछ भी नहीं कहा गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पैराग्राफ 86, 95 और 164 एफ में कहा गया है कि संसद को दिल्ली के लिए कानून बनाने के सारे अधिकार हैं।

## विदेश

### सिंगापुर में भारतीय महिला पर हमले का आरोपी चीनी नागरिक को जेल

**सिंगापुर।** भारतीय मूल की महिला को नस्ल के आधार पर अपमानित करने और उसके सीने में लात मारने के जुर्म में चीनी मूल के सिंगापुर के नागरिक को सोमवार को तीन महीने के कैद की सजा सुनाई गयी। आरोपी वोंग जिंग फोंग (32) ने सात मई 2021 को भारतीय मूल की महिला मैडम हिंडोचा नीता विष्णुभाई (57) पर चोआ चू कांग आवासीय इलाके में कोविड-19 महामारी के दौरान हमला किया था। जिला न्यायाधीश सैफुद्दीन सरूवन ने वोंग को 13.20 सिंगापुरी डॉलर का जुमार्ना देने का निर्देश दिया और कहा कि सिंगापुर के समाज में नस्ल एवं धार्मिक शत्रुता के घातक परिणाम हो सकते हैं। न्यायाधीश ने सोमवार को सजा सुनाते हुए कहा कि इस मामले में निवारक सजा सर्वोपरि है। साथ ही न्यायाधीश ने कहा कि वांग ने बेखौफ होकर अपराध को अंजाम दिया और उसे जरा भी पछतावा नहीं है।

## पाकिस्तान को भारी पड़ी चीन के साथ दोस्ती

# सीपीईसी के कारण ही पाकिस्तान बना बदहाल





**एजेंसी। कराची**

पाकिस्तान और चीन इस समय अपने एक दशक पुराने आर्थिक सहयोग का जश्न मना रहे हैं। आज से 10 साल पहले चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) को लॉन्च किया गया था। सीपीईसी को पाकिस्तान के लिए एक गेम चेंजर कहा गया था। विशेषज्ञों का कहना है कि जहां मेगा-प्रोजेक्ट ने पाकिस्तान के लिए बड़ा बुनियादी ढांचा विकसित करने में मदद की तो इस प्रोजेक्ट की वजह से देश का खराब मैनेजमेंट और ज्यादा खराब हो गया। विशेषज्ञों की मानें तो चीन से प्रोजेक्ट के लिए मिलने वाले कर्ज के कारण आज सीपीईसी ही पाकिस्तान की बदहाली की वजह बन गया है। सीपीईसी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के ड्रीम प्रोजेक्ट बेल्ड एंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) का हिस्सा है। सीपीईसी को साल 2013 में 45 बिलियन डॉलर से ज्यादा के निवेश के साथ लॉन्च किया गया था। आज यह प्रोजेक्ट 62 अरब डॉलर का हो गया है। दोनों देशों की सरकारों के अनुसार पाकिस्तान में कम से कम 25 अरब डॉलर का निवेश हो चुका है। इस्लामाबाद स्थित पाकिस्तान-चीन इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक मुस्तफा हैदर सईद ने बताया कि यह प्रोजेक्ट इस समय पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण समय पर है। पाकिस्तानी सरकार के आंकड़ों पर अगर यकीन करें तो सीपीईसी ने अब तक दो लाख से ज्यादा नौकरियां पैदा की हैं। सरकार की मानें तो इसकी वजह से देश में 1,400 किलोमीटर से ज्यादा हाइवे और सड़कों का निर्माण हुआ है और साथ ही साथ नेशनल ग्रिड को 8,000 मेगावाट बिजली भी मिली है। पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार ग्वादर बंदरगाह, जो सीपीईसी का सेंटर है, वहां से पिछले 18 महीनों में 600,000 टन माल लोड-अनलोड हुआ है। इस हफ्ते सीपीईसी के एक दशक का जश्न मनाते हुए एक कार्यक्रम में, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इसे गेम-चेंजर कहा। शरीफ ने कहा, यह दूरदर्शिता, प्रतिबद्धता और दोस्ती का नतीजा है।' आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देन के लिए पाकिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त करने वाले चीनी उपप्रधान मंत्री हे लिफेंग ने भी इस प्रोजेक्ट की जमकर तारीफ की। देश के विशेषज्ञ इससे अलग राय रखते हैं। पाकिस्तान, सीपीईसी का केंद्र बिंदु है मगर यह बात भी सच है कि देश पर भारी विदेशी कर्ज है। इसमें से करीब एक तिहाई चीनी कर्ज है। रिसर्च से पता लगता है कि चीनी निवेश, जो काफी हद तक गोपनीय है, सस्ता नहीं है। अमेरिका स्थित रिसर्च लैब एडडाटा की साल 2021 की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2000 और 2017 के बीच पाकिस्तान को ज्यादातर चीन से कर्ज मिला था न कि कोई ग्रांट और वह भी पूरी तरह से वाणिज्यिक दरों पर उसे दिया गया था।

## प्रयास — भारत के बाद अब दोस्त रूस भेजेगा अपना 'चंद्रयान'

# चंद्र मिशन को लेकर रूस काफी उत्साहित



**एजेंसी। मॉस्को**

भारत के चंद्रयान 3 के बाद अब रूस भी चांद की तरफ बढ़ चला है। रूस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया है कि रूस 11 अगस्त को अपने एक गांव को खाली कराने के लिए तैयार है। करीब आधी सदी में अपने पहले चंद्र मिशन को लेकर रूस काफी उत्साहित है। मिशन को लूना-25 नाम दिया गया है। रूस के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होने वाला है। साल 1976 के बाद उनका पहला मून लैंडर है जिसे लॉन्च किया जाएगा। रूस वोस्तोचन कोस्मोड्रोम से लूना-25 को लॉन्च करेगा। यह जगह मॉस्को से करीब 3,450 मील यानी 5,550 किमी पूर्व में स्थित है। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस की तरफ से भी इसकी पुष्टि की गई है। एजेंसी ने बताया है कि निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दक्षिण-पूर्व में रूस के खाबरोवस्क क्षेत्र में शख्तिंस्की बस्ती को 11 अगस्त की सुबह जल्दी खाली कर दिया जाएगा। गांव खाली कराने का कदम सावधानी के तहत उठाया जा रहा है। गांव उस अनुमानित क्षेत्र में आता है जहां पर अलग होने के बाद रॉकेट बूस्टर के गिरने की संभावना है। खाबरोवस्क क्षेत्र के वेरखनेबुरिंस्की जिले के मुखिया एलेक्सी मास्लोव ने कहा कि उमाल्टा, उस्सामख, लेपिकन, तस्ताख, सागनार नदियों का किनारा और बुरेया नदी के क्षेत्र बूस्टरके गिरने वाले क्षेत्र में आते हैं। रोस्कोस्मोस ने कहा है कि लूना-25 सोयुज-2 फ्रीगेट बूस्टर पर लॉन्च होगा और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला लैंडर होगा। मिशन का मकाद सॉफ्ट-लैंडिंग टेक?नोलॉजी को डेवलप करना, चंद्रमा की आंतरिक संरचना पर रिसर्च करना और पानी समेत दूसरी जरूरी चीजों की खोज करना होगा। उम्मीद है कि लैंडर एक साल तक चंद्रमा की सतह पर काम करेगा। लूना-24 से अलग लूना-25 कई मायनों में खास हो सकता है लूना-24 को सन 1976 में लॉन्च किया गया था। रिटर्न मॉड्यूल ने करीब 170 ग्राम चांद की धूल को हासिल किया था और इसे सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस पहुंचाया। हालांकि कुछ लोगों को इसकी सफलता पर थोड़ी आशंका है। आरआईए नोवोस्ती के साथ बातचीत में अंतरिक्ष विज्ञानी व्लादिमीर सर्डिन ने अनुमान लगाया कि लूना-25 मिशन की सफलता की संभावना 50 फीसदी है।

### ब्रिक्स में शामिल होने की कतार में खड़े यूएई और सऊदी जैसे देश

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका इस महीने के आखिर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई ग्लोबल लीडर्स हिस्सा लेंगे। 22 से 24 अगस्त तक होने वाले इस शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स के विस्तार पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। ब्रिक्स दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों का समूह है- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका। यह वैश्विक आबादी का 41 प्रतिशत, ग्लोबल जीडीपी का 24 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का 16 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पहले ही शिखर सम्मेलन के लिए जोहान्सबर्ग नहीं जाने का फैसला ले चुके हैं। अर्जेंटीना, मिस्त्र, इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब सहित कई अन्य देश ब्रिक्स का हिस्सा बनना चाहते हैं। ब्रिक्स भी अपनी सदस्यता का विस्तार करने पर विचार कर रहा है। बड़ी संख्या में देशों, जिनमें से ज्यादातर ग्लोबल साउथ से हैं, ने इसमें शामिल होने में दिलचस्पी दिखाई है।

